


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 बीमार हुए विराट कोहली और केएल राहुल, रणजी ट्राफी से नाम लिया वापस.....

राष्ट्रपति सुक-योल २० दिनों तक हिरासत में रखे जाने की वारंट सुनवाई में पेश हुए..... 12



वर्ष : 12 | अंक : 275 | पटना, रविवार, 19 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## प्रगति यात्रा : मुख्यमंत्री ने बेगूसराय जिले को दी 563 करोड़ की सौगात, 641 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास

# बिहार का कोई भी क्षेत्र आज विकास से वंचित नहीं है : नीतीश

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि वर्ष 2005 के बाद बिहार में हर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया गया। आज कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को प्रगति यात्रा के क्रम में बेगूसराय प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के नवनिर्मित भवन परिसर से बेगूसराय जिले को 56328.558 लाख रुपये की विकासात्मक योजनाओं की सौगात दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने 641 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 18128.666 लाख रुपये की 214 योजनाओं का उद्घाटन तथा 38199.892 लाख रुपये की 427 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने बेगूसराय जिला के मटिहानी प्रखंड

> 2005 के बाद बिहार में हर क्षेत्र के विकास के लिए काम किया गया

स्थित मनिअप्पा ग्राम पंचायत में 1 करोड़ 35 लाख 39 हजार 600 रुपये की लागत से नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात अधिकारियों ने नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन में उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

### सीएम ने विभिन्न योजना के लाभुकों को सौंपा चेक

अवलोकन के क्रम में मुख्यमंत्री ने 4850 जीविका स्वयं सहायता समूहों के 56 हजार 260 दीदियों के लिए सामुदायिक निवेश निधि के तहत 48 करोड़ 50 लाख रुपये का सांकेतिक



चेक, 22 हजार 132 जीविका स्वयं समूहों की 2 लाख 43 हजार 452 दीदियों केलिए बैंक ऋण के तहत 503 करोड़ 61 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 1897 सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों के जीविकोपार्जन निवेश निधि हेतु 9 करोड़ 30 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड का निबंधन प्रमाण पत्र, सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को ई-रिक्शा की चाबी प्रदान किया।

### कावर झील का एरियल सर्वे किया

मुख्यमंत्री ने बेगूसराय जिले के मंझौल अनुमंडल के चेरियाबरियारपुर प्रखंड स्थित कावर झील का एरियल सर्वे किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने 1053.33 लाख रुपये की लागत वाली 75 शैय्या वाले अनुमंडलीय अस्पताल, मंझौल का शिलापट्ट अनावरण एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल का निरीक्षण भी किया और वहां की व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर 7 एंबुलेंस को अनुमंडलीय अस्पताल के लिए रवाना किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बेगूसराय प्रखंड सह अंचल कार्यालय के 1841 लाख रुपये लागतवाले नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन बहुत अच्छा बना है, अब लोगों को एक ही जगह पर सभी प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही एक ही जगह पर लोगों की सभी समस्याओं का निराकरण भी होगा जिससे उन्हें सहूलियत होगी। प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के परिसर से ही मुख्यमंत्री ने बेगूसराय जिला से संबंधित विभिन्न विभागों के विकासात्मक योजनाओं का समेकित रूप से रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

## खिलाड़ियों को दी जा रही सरकारी नौकरी

मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन मनिअप्पा के प्रांगण में मनरेगा द्वारा 9.69 लाख रुपये की लागत से निर्मित खेल परिसर का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात मुख्यमंत्री ने खेल परिसर का जायजा लिया। इस दौरान खेल परिसर प्रांगण में आत्मरक्षार्थ जूडो कराटे की प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बच्चियों से मुख्यमंत्री ने बातचीत की। बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए कई काम शुरू किए गए हैं। खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए न सिर्फ राज्य सरकार आर्थिक मदद दे रही है बल्कि खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी दी जा रही है। पहले बिहार में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए कोई काम नहीं किया गया। मुख्यमंत्री ने पंचायत सरकार भवन प्रांगण में जीविका दीदियों द्वारा लगाए गए स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से बातचीत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीविका दीदियों में काफी आत्मविश्वास आया है और उनकी बोलचाल रहन-सहन और जीवन शैली में काफी बदलाव आया है।

---

## संक्षिप्त खबरें

### लालू प्रसाद से मिले राहुल गांधी



पटना। एक दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे राहुल गांधी दिल्ली लौटने से पहले राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से मिलने के लिए राबड़ी आवास पहुंचे। तय समय पर राहुल राबड़ी आवास पहुंचे, जहां खाने की मेज पर लालू प्रसाद से उनकी मुलाकात हुई इस मौके पर तेजस्वी यादव के साथ साथ पूरी लालू फैमिली मौजूद रहे। राहुल गांधी के राबड़ी आवास पहुंचने पर लालू प्रसाद ने सबसे पहले उन्हें अपना घर दिखाया। इस दौरान लालू राहुल गांधी को अपने गौशाला में भी ले गए और उन्हें अपनी गायों को दिखाया। इसके बाद राहुल गांधी खाने की मेज पर पहुंचे और लालू प्रसाद के साथ खाना खाया। लालू प्रसाद ने राहुल गांधी को भोजन पर आमंत्रित किया था। खाना खाने के बाद राहुल वहां से रवाना हो गए।

## नेता प्रतिपक्ष ने बापू सभागार व सदाकत आश्रम में आयोजित समारोह में आरएसएस व भाजपा पर बोला हमला

# कांग्रेस हर कीमत पर कराएगी जातीय जनगणना : राहुल

प्रात : किरण

पटना। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने जातीय जनगणना की मांग को दोहराते हुए शनिवार को कहा कि उन्होंने संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से स्पष्ट कर दिया है कि उनकी पार्टी इसे किसी भी कीमत पर करवाकर रहेगी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर देश के संविधान को कमजोर करने और हाशिए पर पड़े समुदायों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरएसएस प्रमुख मोहन का सच्ची आजादी वाला बयान देश के संविधान के खिलाफ है। राहुल गांधी ने उक्त बातें शनिवार को पटना के बापू सभागार में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा, दलितों, अल्पसंख्यकों और सामाजिक रूप से हाशिये पर रहे समुदायों की आबादी देश की कुल जनसंख्या का नब्बे फीसदी है, लेकिन वे व्यवस्था





का हिस्सा नहीं हैं.यही कारण है कि हम जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हमारा पहला कदम यह पता लगाना होगा कि देश में विभिन्न जातियों की स्थिति क्या है और हम इसे (जातीय जनगणना) छोड़ने वाले नहीं हैं। यह बिहार वाली जाति आधारित गणना नहीं होगी, जो फर्जी और लोगों को बेवकूफ बनाने वाली है। उन्होंने कहा, बिना जातीय जनगणना के विकास की सही तरीके से बात नहीं की जा सकती। इसलिए मैंने संसद में मोदी जी के सामने कहा है, चाहे कुछ भी हो जाए कांग्रेस जाति जनगणना करवाकर रहेगी। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जातीय जनगणना कराना इसलिये महत्वपूर्ण है ताकि पता लगाया जा सके कि नौकरशाही और अन्य क्षेत्रों में ओबीसी, दलितों और अन्य की कितनी भागीदारी है। उन्होंने कहा, जातीय जनगणना का उद्देश्य सिर्फ विभिन्न जातियों की संख्या का पता लगाना नहीं, बल्कि देश की संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी के बारे में भी जानना है। उन्होंने दावा किया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा, हम बहुसंख्य लोगों के लाभ के लिये इस सीमा को बढ़ाएंगे।

## कांग्रेस कार्यकर्ता बीजेपी-आरएसएस के विचारधारा से लड़ने को तैयार

### आरएसएस व भाजपा आजादी और संविधान को नहीं मानते

पटना। बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रदेश कांग्रेस के कर्मचारियों के लिए नवनिर्मित आवास और राजीव गांधी सभागार के उद्घाटन के मौके पर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व देश के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश की जनता के साथ मिलकर इस संविधान का निर्माण किया है जिसमें उनके तमाम जरूरतों को ध्यान में रखकर डॉ अम्बेडकर के नेतृत्व में वरिष्ठ नेताओं के द्वारा तैयार किया गया। कांग्रेस के कार्यकताओं का यह कर्तव्य है कि इस संविधान की रक्षा करनी है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि जब यह संविधान बना था तब हमें आजादी नहीं मिली थी। इसका मतलब है कि वो देश के संविधान को भी नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की गरीब जनता को आर्थिक तौर पर लूटने वाली यह सरकार पूरी तरीके से हमारी अर्थव्यवस्था और लोगों को बर्बाद करने पर तुली हुई है। देश की आम जनता मेहनत करती है और सरकार उनसे तरह तरह के टैक्स वसूल कर उनका दोहन करती है। देश की आम जनता की गाढ़ी कमाई पर टैक्स लगाकर पूरा का पूरा फायदा नरेंद्र मोदी अपने 20-25 अरबपति मित्रों को दे देते हैं। देश में आम जनता का ख्याल केवल और केवल कांग्रेस ही रख सकती है। उन्होंने आगे कहा कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा में इलेक्शन कमीशन के वोटों में एक करोड़ वोटों का अंतर आया, हमने ये जानने की इच्छा जाहिर किया कि आखिर ऐसे कौन लोग हैं जो हमें वोट ज्यादा दिए। हमने इलेक्शन कमीशन से डेटा मांगा तो वो देने को तैयार नहीं हैं। राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने कहा कि बिहार देश की राजनीति की लाइफलाइन है, हमारे कांग्रेस कार्यकर्ता बब्बर शेर हैं और हमारे कार्यकर्ता तैयार हैं बीजेपी आरएसएस के विचारधारा से लड़ने को और उन्हें हराना के लिए कमर कस चुके हैं। आपके डीएनए में कांग्रेस है, कांग्रेस के कार्यकर्ता किसी से डरते नहीं है और इसलिए हम जानते हैं कि आप हमारे साथ खड़े रहेंगे। मैं आपके हक हुकूक के लिए हमेशा संघर्ष करने को तैयार हूं। आगे श्री गांधी ने कहा कि बिहार में इंडिया गठबंधन आगामी चुनाव में एनडीए गठबंधन का सफाया करेगी।

---

# लोक सभा अध्यक्ष पटना में 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

प्रात : किरण

पटना/नई दिल्ली/एजेंसी। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला 20 जनवरी को बिहार की राजधानी पटना में 85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान संविधान की 75वीं वर्षगांठः संवैधानिक मूल्यों को सुदृढ़ करने में संसद और राज्य विधान निकायों का योगदानह्ल विषय पर मंथन होगा। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला और बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 21 जनवरी को समापन सत्र को संबोधित करेंगे। समापन सत्र में राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान परिषद के उप सभापति प्रो. (डॉ.) रामवचन राय, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, बिहार सरकार के मंत्री, बिहार विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। सम्मेलन के दौरान ओम बिरला ह्लसंसदीय पद्धति एवं प्रक्रियाह्ल के 8वें संस्करण का विमोचन करेंगे। इसके अलावा 21 जनवरी को बिहार विधानमंडल परिसर में नेवा सेवा केंद्र का उद्घाटन भी करेंगे। देशभर के विधायी निकायों के सचिवों का 61वां सम्मेलन 19 को85वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन से पहले 19 जनवरी को पटना में देशभर के विधायी निकायों के सचिवों का 61वां सम्मेलन होगा। इस सम्मेलन के दौरान प्रतिनिधि ह्लहमारे विधायी निकायों में अधिक दक्षता, कार्यकुशलता और कार्योत्पादकता के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाया जाना विषय पर विचार-विमर्श करेंगे। लोक सभा के महासचिव उत्पल कुमार सिंह इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे और उसे संबोधित करेंगे। इस मौके पर राज्य सभा के उप सभापति हरिवंश, बिहार के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, बिहार सरकार के संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान सभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष, नंद किशोर यादव, बिहार विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारी, बिहार सरकार के मंत्री, बिहार विधानमंडल के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे।

# लालू यादव की अध्यक्षता में राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

### सामाजिक न्याय विरोधी शक्तियों का विरोध करने का लिया गया संकल्प

पटना। राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक पटना के एक होटल में राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। बैठक में पार्टी के संगठनात्मक चुनाव सत्र-2025-2028 के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव द्वारा पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ रामचन्द्र पूर्वे को राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पार्टी प्रवक्ता चित्तरंजन गगन को सहायक राष्ट्रीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाने सम्बंधी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। पार्टी का अगला राष्ट्रीय महाधिवेशन पटना में करने का निर्णय लिया गया। बैठक का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम आए प्रतिनिधियों का प्रदेश पार्टी की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह अस्वस्थता के कारण नहीं आ पाए थे। तत्पश्चात पार्टी के राष्ट्रीय



प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने महासचिव का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें पिछले कार्यसमिति की बैठक से लेकर अबतक के पार्टी गतिविधियों का ब्यौरा और भावी कार्यक्रमो को बैठक में रखा गया। तत्पश्चात पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने सांगठनिक चुनाव के कार्यक्रम को पेश किया जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। पार्टी प्रवक्ता चित्तरंजन गगन द्वारा राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया गया जिसमें देश की वर्तमान राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और वैदेशिक स्थिति की चर्चा के साथ हीं साम्प्रदायिक और सामाजिक न्याय विरोधी शक्तियों का विरोध करने और अपने पुरखों के विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। प्रस्ताव में तेजस्वी यादव द्वारा सत्रह महीने के उपमुख्यमंत्री के कार्यकाल में किए गये कामों को जनता के बीच ले जाने और उनके द्वारा महिला मान योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी, 200 यूनिट बिजली मुफ्त दिए जाने के संकल्पों को लोगों के बीच ले जाने का आह्वान किया गया।

### अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : तेजस्वी

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि काफी कठिन परिस्थितियों में राजद का गठन हुआ था। पार्टी नेताओं को सघन रूप से सदस्य अभियान चलाने के साथ हीं हर बूथ पर कम से कम दो क्रियाशील सदस्य निश्चित रूप से बनाने को गंभीरता से लेने को कहा। उन्होंने हर बूथ पर बूथ कमेटी बनाना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पार्टी में फांकेबाजी नहीं चलेगी। पार्टी के लिए काम करने वालों को हीं पार्टी में जिम्मेदारी दी जाएगी और उन्हें उचित सम्मान दिया जाएगा। पार्टी में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने अपने सम्बोधन में कहा कि तेजस्वी काफी मेहनत कर रहे हैं। अबतक हजारों किलोमीटर की यात्रा उन्होंने पुरी की है। देखकर खुशी होती है कि जिस समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को लेकर राजद का गठन हुआ था उसे वे आगे बढ़ा रहे हैं। बैठक में पच्चीस राज्य ईकाईयों के अध्यक्ष सहित राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के अलावा विशेष आमंत्रित के रूप पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल थे। बैठक को केरला, नागालैंड, झारखंड, महाराष्ट्र, गुजरात,और जम्मू कश्मीर सहित अन्य राज्यों के अध्यक्षों ने सम्बोधित किया।

---

# दो भागों में होगा संसद का सत्र, 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक चलेगा

नई दिल्ली/एजेंसी। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक दो भागों में होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को आठवीं बार बजट पेश करेंगी। लोकसभा सचिवालय के प्रोविजनल कैलेंडर के मुताबिक सत्र की शुरूआत 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगी। इसके बाद उसी दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र 2025 के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठक 31 जनवरी से 4 अप्रैल 2025 तक बुलाने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति 31 जनवरी को सुबह 11 बजे दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। रिजिजू ने लिखा- केंद्रीय बजट 2025-26 आगामी 1 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। दोनों सदनों की कार्यवाही 13 फरवरी को एक लंबे अंतराल के लिए स्थगित कर दी जाएगी। संसद की कार्यवाही 10 मार्च को दोबारा शुरू होगी जिसमें विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा होगी और बजट पारित कराया जाएगा। बजट सत्र के पहले भाग में 31 जनवरी से 13 फरवरी तक नौ बैठकें आयोजित की जाएंगी। पीएम नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देंगे और वित्त मंत्री सीतारमण बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। पूरे बजट सत्र में 27 बैठकें होंगी और यह सत्र 4 अप्रैल को खत्म होगा।

# स्वामित्व योजना ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास : मोदी

### योजना

### प्रधानमंत्री ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड सौंपा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख लाभार्थियों को संपत्ति कार्ड सौंपा। इस दौरान पीएम मोदी लोगों से वर्चुअली मुखातिब हुए और इस योजना की बारीकियां समझाईं। प्रधानमंत्री ने कहा, एक अर्थशास्त्री अपनी किताब में कहते हैं कि गांवों में लोगों के पास डेड कैपिटल होती है। क्योंकि गांव वाले, गरीब लोग उस संपत्ति के बदले में कोई लेनदेन नहीं कर सकते हैं। दुनिया के सामने मौजूद इस बड़ी चुनौती से भारत भी अछूता नहीं था। भारत के गांव में लोगों के पास लाखों लाख करोड़ रुपये की संपत्ति होने के बावजूद उसकी इतनी कीमत नहीं थी। वजह ये कि लोगों के पास अक्सर घरों के कानूनी दस्तावेज नहीं होते थे। इसलिए घर की मिल्कियत को लेकर भी विवाद होते रहते थे। कई जगहों पर दंबग घरों पर कब्जा कर लेते थे। बैंक भी ऐसी संपत्ति से दूर रहते थे। अच्छा होता अगर पहले की सरकारों ने इस दिशा में ठोस कदम उठाए होते। उन्होंने आगे कहा, 2014 में जब हमारी सरकार बनी तो हमने प्रॉपर्टी के कागज की चुनौती से निपटने की ठानी, इसलिए हमने स्वामित्व योजना शुरू की और तय किया कि




ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घरों की जमीन की मैपिंग कराई जाएगी। आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे। मैं अभी स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से बात कर रहा था, इस योजना ने कैसे उनका जीवन बदल दिया है, अब बैंकों से मदद मिलने लगी है। उनके चेहरों पर जो संतोष था, खुशी थी, जो आत्मविश्वास था, कितना आनंददायक संवाद लगा मुझे। इसे मैं बहुत बड़ा आशीर्वाद मानता हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने ड्रोन सर्वे को लेकर जानकारी साझा की। बोले, ह्लहमारे देश में 6 लाख से अधिक गांव हैं। इनमें से करीब आधे गांव में ड्रोन से सर्वे हो चुका है। कानूनी दस्तावेज मिलने के बाद लाखों लोगों ने अपने घर अपनी संपत्ति के आधार पर लोन लिया है। इस पैसे से छोटा-मोटा व्यापार शुरू किया है। इनके लिए ये प्रॉपर्टी कार्ड आर्थिक सुरक्षा की बड़ी गारंटी बन चुकी है। अवैध कब्जा, कोर्ट के विवाद, दलित पिछड़े आदिवासी परिवार ही सबसे अधिक परेशान थे। अब कानूनी प्रमाण मिलने से उनको इस संकट से मुक्ति मिल चुकी है। एक आकलन है कि इन सभी गांवों में प्रॉपर्टी कार्ड बनने के बाद 100 लाख करोड़ की आर्थिक गतिविधि का रास्ता खुल जाएगा। आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास कर रही है। पीएम मोदी ने दावा किया कि ये संपत्ति कार्ड कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। बोले, ह्लप्रॉपर्टी कार्ड मिलने से डिजास्टर मैनेजमेंट बेहतर हो पाएगा, आपदा में उचित क्लेम मिलना आसान होगा। किसानों की जो जमीन होती है, उसको लेकर कितना विवाद होता है। ये परेशानियां कम हों, इसके लिए लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया

## संक्षिप्त खबरें

### चोरी के बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

दानापुर। नगर के रूपसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत वाहन चेकिंग के दौरान महुआबाग के निकट रूपसपुर पुलिस ने बाइक से आते फुलवारी के कुरकुरी निवासी नीतीश कुमार को रोकने का प्रयाश किया। जिस पर वो भागने लगा। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया एवं बाइक जप्त किया गया। छानबीन में बाइक चोरी का पता चला। जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने नीतीश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि चोरी के बाइक के साथ नीतीश को वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा गया।

### ऑटो से शराब ले जा रहे महिला व पुरुष गिरफ्तार

दानापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटलिपुत्र स्टेशन से एक ऑटो पर शराब लेकर जा रही एक महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने ऑटो चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। पुलिस ने उसके पास से लगभग 40 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया बताया जाता है कि रूपसपुर पुलिस ने पाटलिपुत्रा व रुकनपुरा के बीच मुख्य सड़क पर चेकिंग के दौरान ऑटो को संदेह के आधार पर रोका। ये देख चालक व महिला के होश उड़ गये। पुलिस ने छानबीन में ऑटो पर ले जा रहे लगभग 40 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया। पुलिस ने ऑटो जहानाबाद निवासी रामाधार कुमार एवं पश्चिम बंगाल निवासी पूजा अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ऑटो भी जप्त किया थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि ऑटो से शराब ले जा रही महिला पूजा अधिकारी व चालक रामाधार को गिरफ्तार किया गया। दोनों से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है

### कला मंगल श्रृंखला में दिखेगी डॉ संजय रॉय की आधी आबादी

- समकालीन कलाकारों की समूह चित्र प्रदर्शनी 28 से 31 तक फ्रेजर रोड के कला दीर्घा में

पटना सिटी, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा बिहार ललित कला अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में कला मंगल श्रृंखला के अंतर्गत बिहार के वरिष्ठ समकालीन कलाकारों की समूह चित्र प्रदर्शनी 28 जनवरी से 31 जनवरी तक फ्रेजर रोड स्थित बिहार ललित कला अकादमी के कला दीर्घा में प्रदर्शित होगी। इसमें बिहार, उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के 18 वरिष्ठ कलाकारों में अर्चना कुमार, सोमा आनंद, डॉ यासर अराफात, भोला सिंह, शांतनु मित्रा, दिलीप कु पाठक सहित अन्य कलाकारों की सहभागिता होगी। इसमें बिहार के प्रसिद्ध चित्रकार प्रो(डॉ) संजय रॉय द्वारा महिलाओं पर आधारित कृतियां जिसका शीर्षक ह्लआधी आबादीह्व के रूप में प्रदर्शित की जाएगी। इस संदर्भ में डॉ रॉय ने बताया कि एक लंबे अंतराल के बाद ललित कला अकादमी ने कलाकारों को यह मंच उपलब्ध कराया है। इस प्रदर्शनी को लेकर कलाकारों में हर्ष है। साथ ही यह प्रदर्शनी समकालीन चित्रकला की दशा और दिशा निर्धारित करने में सहायक सिद्ध होगी।

# एमएमडीपी किट के नियमित प्रयोग से हाथीपांव के मरीजों को मिलेगा लाभ

## 13 हाथीपांव मरीजों के बीच वितरित किया गया एमएमडीपी किट

- मुखिया व सीएचओ प्रीति की उपस्थिति में बंटा एमएमडीपी किट

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। फाइलेरिया जानलेवा नहीं,पर एक घातक बीमारी है। इस बीमारी से ग्रसित लोगों का जीवन काफी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए कई प्रकार के अभियान चला रहा है। ताकि फाइलेरिया बीमारी का उन्मूलन अपने राज्य से जल्द से जल्द हो सके। इसी मुहिम के तहत शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, सगुनी, मसौढ़ी में रेवा पंचायत के मुखिया रामकृपाल प्रसाद और सीएचओ प्रीति कुमारी की उपस्थिति में 13 हाथीपांव से ग्रसित मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। इस दौरान सीएचओ प्रीति कुमारी ने फाइलेरिया मरीज इंद्रमणि देवी के पैरों की साफ–सफाई कर कार्यक्रम में मौजूद फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी का प्रशिक्षण के बारे में बताया। सीएचओ ने कहा कि एमएमडीपी किट का नियमित इस्तेमाल कर हाथीपांव के मरीज अपने बीमारी की बढ़ोतरी पर काबू पा सकते हैं। लेकिन इसके लिए मरीजों को स्वयं जागरूक होना होगा। तभी जाकर उन्हें हाथीपांव से राहत मिलेगी। सीएचओ प्रीति कुमारी ने कहा कि लिम्फेटिक फाइलेरियासिस यानी फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज नहीं होने से लोग दिव्यांग बन सकते हैं। इसलिए सरकार ने फाइलेरिया को मिटाने की दिशा में प्रयास तेज कर दिया है।

**मरीजों को दिया गया आवश्यक प्रशिक्षण और किट**

एमएमडीपी किट में मरीजों को डेटॉल साबुन, एंटीसेप्टिक क्रीम, टब, मग, तौलिया, और अन्य सामग्री प्रदान की गई। साथ ही सीएचओ ने मरीजों को फाइलेरिया ग्रसित अंगों की नियमित देखभाल के तरीके सिखाए। मरीजों को बताया गया कि कैसे डेटॉल साबुन से सफाई और एंटीसेप्टिक क्रीम का उपयोग संक्रमण को नियंत्रित कर सकता है।

**रोग की पहचान होने पर इसे रोकना संभवः**

रेवा पंचायत के मुखिया रामकृपाल प्रसाद ने बताया कि क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता । लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इससे या तो व्यक्ति को हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है या फिर अंडकोष में सूजन आ जाती है। उन्होंने कहा कि संक्रमित होने के बाद मरीजों को प्रभावित अंगों की साफ–सफाई सहित अन्य बातों को समुचित ध्यान रखना जरूरी होता है।

**कार्यक्रम में ये लोग रहे मौजूद**

इस मौके पर भीवीडीएस मनीष कुमार, पिरामल के प्रखंड समन्वयक खुशबू कुमारी,सिफार के प्रोजेक्ट एसोसिएट विकास चौहान, फाइलेरिया मरीज सुनीता देवी, पार्वती देवी, सोनपरी देवी, मुन्ना कुमार, इंद्रमणि देवी, मुन्ना कुमार, धर्मेश रविदास, माला सिंह, आशा अलका कुमारी, गीता देवी, ममता कुमारी, कुसुम देवी और जीविका सीएम रिंकी देवी मौजूद थी ।

# रजिस्ट्रेशन काउंटर के पास बह रहा फटा पाइप का पानी, मरीज परेशान



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

एनएमसीएच में कुछ न कुछ गड़बड़ी हमेशा होती ही रहती है। ताजा मामला पंजीयन काउंटर के पास का है। यहां पर पाइप के लीकेज होने के कारण पानी परिसर में बह रहा है स्थिति यह है कि रजिस्ट्रेशन कराने के लिए लाइन में खड़े लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे परेशान लोग रजिस्ट्रेशन काउंटर पर जाकर शिकायत करते हैं, मगर पीपी मोड में चलने वाले इस काउंटर पर लोग हाथ खड़ा कर देते हैं। काउंटर पर बैठे कर्मचारियों का कहना है कि समस्या का निराकरण करने का काम अस्पताल प्रशासन का है। बताया जाता है कि इस संबंध में काम कर रहे एजेंसी के अमित कुमार लिखित में कार्यालय में सूचना देने गए थे, मगर उसे रिसीव नहीं किया गया। इधर जारी संकट के बीच मरीज परेशान हो रहे हैं। हालांकि इस मामले को अस्पताल प्रबंधक को घूम-घूम कर देखा जाना चाहिए, मगर ऐसा हो नहीं पाता है। इमरजेंसी में इलाज कराने पहुंचे मरीज के परिजन भी यहीं पर कूट का गट्टा बिछा कर सोते हैं, खाना खाते हैं और बैठते भी हैं, मगर पानी के बहाव के कारण उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# गरीबों के उत्थान की दिशा में किया गया कंबल का वितरण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

वार्ड 47 के मुसल्लहपुर बाजार समिति गेट नम्बर-1 दुर्गा मंदिर के सामने कंबल वितरण किया गया। पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के तत्वावधान में हनुमान जागृति मंच के द्वारा गरीब, असहाय व जरूरतमंद महिलाओं के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक चंद्रभूषण आजाद वितरण की शुरूआत किया। समारोह की अध्यक्षता पंकज पोद्दार ने की। उन्होंने बताया कि हनुमान जागृति मंच के सभी सदस्यों के द्वारा लगातार क्षेत्र में गरीबों के उत्थान की कोशिश की जाती है। इसी संदर्भ में कंबल वितरण समारोह किया गया। इस अवसर पर पटना फ्रूट्स मर्चेंट एसोसिएशन के महासचिव भुट्टो खान, अमरेंद्र भारती, मुकेश रंजन, सुशांत सिंह, राजीव कुमार सोनी, प्रो एसके राय, दीपक सिंह, पंखुड़ी कुमारी, अनिता वर्मा, सोनी नंदा, सुप्रिया सिंह, राजेश रमण, सुप्रीति सिंह, पुतुल मिश्रा, अवधेश कुमार आदि ने इस नेक कार्य में भाग ले उत्साहवर्धन किया।

# दही खाओ ईनाम पाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के फुलवारी शरीफ के अंतर्गत शनिवार को डेयरी प्रोजेक्ट के प्रांगण में दही खाओ इनाम पाव का आयोजित की गई। जिसमें 600 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया गया। इस प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड एवं अन्य राज्यों से आये हुए प्रतियोगियों ने भाग लिया। दही खाने के लिए तीन मिनट का समय निर्धारित किया गया था। इसमें 400 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा प्रतियोगिता में भाग लिया गया। पटना डेयरी प्रोजेक्ट के अध्यक्ष संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। दही के उपयोग से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सुधा की गुणवत्ता पर ग्राहकों का विश्वास है। सुधा पूरी शुद्धता के साथ आप सभी ग्राहकों के स्वास्थ्य का खयाल रखता है। ग्रामीण क्षेत्र से लेकर पैकेजिंग तक दूध को हाथ से स्पर्श नहीं किया जाता है। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को सुधा के उत्पादों को अपने दैनिक उपयोग में लाने का सुझाव दिया। श्री कुमार ने कहा कि यह पूरी तरह से गाँव व्यवसाय है जिसमें उपभोक्ताओं से सुधा दूध के किसानों द्वारा सपालित एवं दुग्ध उत्पाद की विकी का लाभ सीधे किसानों को प्राप्त होता है। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को संदेश दिया कि वैशाल पाटलिपुत्र दुग्ध संघ का उदेश्य ही है कि ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालक ज्यादा से ज्यादा संघ से जुड़कर समृद्ध व खुशहाल बने। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया साथ ही विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

पटना डेयरी प्रोजेक्ट के प्रबंध निदेशक रूपेश राज के द्वारा बताया गया कि यह प्रतियोगिता पिछले 14 वीं से आयोजित की जा रही है। आप सभी आगन्तुक प्रतिभागियों का इस प्रांगण में स्वागत कराता हूँ एवं आये हुए सभी प्रतिभागी हमारे लिए विजेता हैं। विशेष तौर पर उन्होंने सभी विजेताओं को बधाई दिया कि आप इस आयोजन में भाग लिए। उनहोंने खान-पान में ज्यादा से ज्यादा सुधा दूध, दही एवं सुधा के अन्य उत्पाद को उपयोग में लाने पर भी बल दिया। प्रबंध निदेशक ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया साथ ही विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

# वार्ड 65 में एक साथ तीन समरसेबल खराब, पानी का संकट

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



- सिंघी दालान, नवाब घाट व खाजेकलां झोपड़पट्टी का खराब
- हाई वोल्टेज बना खराब होने का कारण, मरम्मत को फंड नहीं

पटना नगर निगम का वार्ड संख्या 65 के खाजेकलां, सिंघी दालान, नवाब घाट, टेढ़ी घाट में वर्षों से पटना जल पर्षद के उच्च प्रवाही बोरिंग का पानी नहीं मिलता है। इसका कारण इन मुहल्ले का जमीन सतह से ऊंचा होना है। पानी के संकट से राहत दिलाने के लिए पार्षद तरुणा राय के द्वारा पहले टेढ़ी घाट, खाजेकलां झोपड़पट्टी, नवाब घाट और फिर सिंघी दालान में समरसेबल बोरिंग कराया गया। मगर एक झटके में बिजली के हाई वोल्टेज ने समरसेबल को खराब कर दिया। टेढ़ी घाट का समरसेबल पहले से खराब है। सिंघी दालान मोड़ और रसोई गैस एजेंसी के पीछे गली का समरसेबल चल रहा है। इधर खाजेकलां में नया उच्च प्रवाही बोरिंग का प्रस्ताव बहुत पहले पास हो चुका है। मगर इसके लिए नगर निगम के द्वारा अब तक राशि का आवंटन नहीं किया गया है और न ही इसके लिए टेंडर जारी हो सका है। स्थिति यह है कि उच्च प्रवाही बोरिंग नहीं होने के कारण यह बड़ा इलाका जल संकट झेलने को मजबूर है। यही नहीं, हर घर नल जल योजना के तहत खाजेकलां सब्जी मंडी की ओर से सिंधी दालान में पाइप लाइन बिछा कर उसे जोड़ने का काम किया गया। खाजेकलां से टी-कनेक्शन कर जोड़ दिया गया। काम हो गया, लेकिन अब तक लोगों के घरों में एक बूंद पानी भी नहीं टपका। इसी मोहल्ले में स्थानीय विधायक सह बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, वार्ड 65 की पार्षद तरुणा राय, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर मिश्रा, दो वरीय पत्रकार का निजी आवास है। इसके अलावा हर जाति, धर्म व तबके के लोगों का रहना होता है। बावजूद इसके इस मोहल्ले में जल संकट कायम है। बताया जाता है कि स्थानीय पार्षद का कहना है कि समरसेबल के लिए फंड आता है। इसी के द्वारा बोरिंग करा पाइप लाइन विस्तार कर हर घर के दरवाजे पर पॉइंट दिया जाता, है मगर उसके खराब होने के बाद मरम्मत के लिए कोई फंड नहीं होता है। ऐसे में जो लाभार्थी हैं, वही आपस में मिलकर उसे ठीक कराएं। वरना कोई दूसरा उपाय नहीं है। सवाल यह है कि उच्च प्रवाही बोरिंग अब तक इस वार्ड में नहीं हो पाया है। बताया जाता है कि पार्षद तरुणा राय के मेयर गुट से नहीं आती हैं। इस कारण से इस वार्ड को उपेक्षा के नजरिए से देखा जाता है। यही कारण है कि इस वार्ड के खाजेकलां रोड में समरसेबल भी किसी तरीके से हलक बुझाने का काम कर रहा था, तो उस पर भी हाई वोल्टेज के संकट ने लोगों को परेशानी में डाल दिया है। पानी का संकट झेल रहे लोग, जिनके घरों में बोरिंग है, उनसे मनुहार कर किसी तरीके से पानी लेकर काम चला रहे हैं। मगर यह कब तक, प्रश्न चिन्ह लगा है।

# गुरुकुल संस्कृति के पितामह देवदत्त प्रसाद का हुआ निधन शिक्षा जगत हुआ शोककुल

प्रात :किरण संवाददाता



पटना, शिक्षा जगत में गुरुकुल संस्कृति के पितामह देवदत्त प्रसाद के आकस्मिक निधन से शोक की लहर है। उक्त जानकारी क्ल्हख के महासचिव सुधीर मधुकर ने दी। उन्होंने बताया कि स्व देवदत्त प्रसाद से शिक्षा पाने वाले और स्थानीय लोगों का कहना है कि शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में हेमजापुर के साथ साथ आसपास के सभी गांवों में उन्होंने अमिट छाप छोड़े थे, इसलिए यह कहना न्याय संगत है कि हमलोगों के बीच से एक युगपुरुष का चला जाना अत्यंत दुखद। स्व देवदत्त प्रसाद तीन तीन पीढ़ी को पढ़ाने वाले शिक्षकों में से एक थे। श्री मधुकर ने बताया कि पूरे भारत में स्व देवदत्त प्रसाद से पढ़े विद्यार्थी अनेक महत्वपूर्ण पदों से कार्योपरांत सेवानिवृत हो चुके हैं और बहुत लोग अभी भी सेवा में हैं। स्व देवदत्त प्रसाद से गुरुकुल संस्कृति के साथ जिसने भी शिक्षा ग्रहण किया है उनका पढ़ाई के साथ साथ सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि देवदत्त प्रसाद के निधन से हैप्पी पटना फैमिली सहित इंदिरा आईवीएफ के बिहार हेड डॉ दयानिधि, मेदांता अस्पताल के न्यूरो निदेशक डॉ प्रभात रंजन, आई०जी० आई०एम०एस० के सर्जन डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ सौरभ, डॉ अमित आनंद, डॉ रणधीर, डॉ पूजा ,पत्रकार सुधीर मधुकर, मुकेश कुमार, राकेश कुमार,बीरेंद्र वर्मा, अनिल कुमार, मनोज कुमार, प्रियदर्शी कुमार, देवेश कुमार, अन्नू वर्मा, पिंकी कुमारी, ई अंजनी कुमार, ई इंदुभूषण शरण, ई भूपेश सिंह, ई पंचम आदि शोक प्रकट करते हुए कहा कि हेमजापुर, मुंगेर निवासी देवदत्त प्रसाद शिक्षा जगत के पितामह थे। श्री मधुकर ने बताया कि स्व देवदत्त प्रसाद स्थानीय उच्च विद्यालय, सुंदरपुर के प्राचार्य थे। जिन्होंने अपने घर पर भी निःशुल्क शिक्षा देकर, न जाने कितने चिकित्सक और अभियंता बनाने का गौरव प्राप्त किया है। इतना ही नहीं अपने परिवार के करीब 47 लोगों में से करीब दो दर्जन से अधिक चिकित्सक और अभियंता के साथ साथ अन्य पदों पर रह कर सेवा दे रहे हैं और सेवानिवृत भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्व देवदत्त प्रसाद अपने पीछे पुत्र सेवानिवृति प्रधानाध्यापक परमात्मा शरण सिंह, ई इंदुभूषण सिंह प्रशांत, ई भूपेश प्रसाद सिंह, ई पंचम, ई शशीष के अतिरिक्त पुत्री डॉ मंजुला रानी मंडल एवं मृदुला पटेल को छोड़ गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त इन के अपने परिवार के 47 लोगों में सुमिता सिंह, मीना मंडल, डॉ भोपाल प्रसाद मंडल, डॉ अमित, डॉ अतुल, डॉ पूजा, ई अंजनी कुमार, ई शुभम सौरभ, सुशांत सौरभ, ई अंकित कुमार, ई निशांत आदि शामिल है।

# प्रशासन की पहल : भूकंप से बचने के बताए सुरक्षात्मक उपाय

## सूचना के बाद भी कम संख्या में जानकारी लेने पहुंचे लोग



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

गुलजारबाग स्टेडियम के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी सत्यम सहाय के निदेश पर भूकंप से संबंधित कार्यशाला मॉक ड्रिल का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें अनुमंडल शाति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। आपदा प्रबंधन शाखा की ओर 15 से 28 जनवरी तक भूकंप सुरक्षा पखवारा मनाया जा रहा है। एसडीआरएफ की ओर से सचिन्द्र कुमार दूबे, सचिदानंद कुमार एवं राजू कुमार ने शांति समिति के सदस्यों को भूकंप के बारे में सावधानियां, बचाव एवं सुरक्षात्मक उपाय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप आने पर घबराना नहीं चाहिए। खुले स्थान यानी मैदान एवं पार्क में जल्द से जल्द बाहर जाना चाहिए। ऊंचे, जर्जर मकान एवं बिजली के खंभा के पास खड़ा नहीं रहना चाहिए। भूकंप आने पर घर में गैस सिलिंडर एवं बिजली के उपकरणों को तुरत बंद कर देना चाहिए। ऊंचे मकान में लगे लिफ्ट का सहारा नहीं लेना चाहिए, जबकि सीढ़ियों से उतरना चाहिए। भूकंप आने पर दीवार के एक कोना में खड़ा हो जाना चाहिए तथा लकड़ी के टेबुल, बेंच एवं चौकी के नीचे बैठ जाना चाहिए तथा अपने सिर को अच्छी तरह से ढंक लेना चाहिए। भूकंप आने पर घर में लगे शीशे की खिड़कियां, दरवाजे एवं बालकोनी आदि जगहों से दूर रहना चाहिए। वाहन चलाते समय अगर भूकंप आता है, तो तुरंत ही रोड के किनारे वाहन लगा कर बाहर आ जाना चाहिए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों में गणेश कुमार, संतोष कुमार, बाबू भाई, मनोज शर्मा, शाहीद अंसारी, संजय मालाकार, प्रफुल्ल पांडेय, मुकेश ठाकुर, रामजी योगेश, हेदायत अहमद एवं अंजू सिंह उपस्थित रहे।

### जुआ व गेसिंग खेलते/खिलवाते के नौ गिरफ्तार, नगद व सामान जब्त

पटना सिटी (प्राकि)। जुआ व गेसिंग के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान जुआ व गेसिंग खेलते और खेलवाते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में जलकद्दरबाग का सूरज कुमार, जहानाबाद जिला व थाना जहानाबाद वर्तमान पता चौक थाना के शैलेश कुमार, दाहुचक नगला का जग्गू चौधरी, पूर्वी नंदगोला बंगला पर का अशोक कुमार जायसवाल, सिमली छोटा मंदिर का अनिकेत कुमार, पूर्वी नंदगोला का रहने वाला सोनू कुमार, भैंसानी टोला बड़ी बागीचा का सौरभ कुमार उम्र करीब 19 वर्ष पिता अजय साव पता भैंसानी टोला बड़ी बागीचा का राकेश कुमार और नखास मंगल अखाड़ा का प्रदीप कुमार है। गेसिंग जुआ स्थल से 6,220 रुपया नगद, दो कैलकुलेटर, 25 कूपन कटा हुआ, दो बंडल रसीद के साथ गिरफ्तार किया गया है। इन सबों के विरुद्ध कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# दृष्टिबाधित क्रिकेट एवं फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य स्तरीय दिव्यांग एथलेटिक्स दृष्टिबाधित क्रिकेट एवं दृष्टिबाधित फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन पाटलिपुत्र खेल परिसर, कंकड़बाग, पटना में 1एवं 2 मार्च को आयोजित की जायेगी। डॉ चन्द्रशेखर सिंह भा.प्र.से., जिला पदाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में नया समाहरणालय, पटना के सभाकक्ष में प्रतियोगिता के आयोजन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया। वार्षिक खेल कार्यक्रम 2024-25 के अन्तर्गत खेल विभाग, बिहार तथा बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना के तत्वावधान में जिला प्रशासन, पटना द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में राज्य के नौ प्रमंडलों से चयनित कुल 388 प्रतिभागी एवं 189 टीम प्रभारी/सहायक भाग लेंगे। प्रतियोगिता का संचालन संबंधित खेलों के कुल 32 तकनीकी पदाधिकारियों की देख-रेख में संपन्न होगा। सभी प्रतिभागियों, टीम प्रभारियों, सहायकों एवं तकनीकी पदाधिकारियों के आवासन तथा भोजन की व्यवस्था पाटलिपुत्र खेल परिसर स्थित खेल छात्रावास में की जायेगी।

सिविल सर्जन, पटना को निदेश दिया गया कि प्रतियोगिता अवधि में चिकित्सकीय दल आवश्यक औषधियों एवं एम्बुलेंस के साथ प्रतियोगिता स्थल पर प्रतिनियुक्त करेंगे। साथ ही कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम, कंकड़बाग अंचल, पटना को निदेश दिया गया कि प्रतियोगिता अवधि में प्रतियोगिता आयोजन स्थल एवं आवासन स्थल की प्रतिदिन साफ-सफाई एवं प्रतिभागियों के शुद्ध पेयजल के लिए वाटर आरओ/एटीएम की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि व्यवस्था, पटना को निदेश दिया गया कि प्रतियोगिता स्थल पर विधि व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्डाधिकारी के नेतृत्व में पर्याप्त संख्या में महिला/पुरूष आरक्षी बल की प्रतिनियुक्ति करेंगे। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी, पटना को निदेश दिया गया कि आयोजन में सहयोग हेतु पर्याप्त संख्या में शारीरिक शिक्षा शिक्षक/शारीरिक शिक्षा-सह-स्वास्थ्य अनुदेशकों की प्रतिनियुक्ति करेंगे।

### पिकअप वैन से 32 कार्टन विदेशी शराब जब्त, गिरफ्तारी नहीं

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अगमकुआं थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जीरो माइल के पास छापेमारी की। इस दौरान पिकअप वैन से 32 कार्टन विदेशी शराब बरामद किया गया। जब्त किए गए शराब की मात्रा 282 लीटर है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि विदेशी शराब आया हुआ है। इसी सूचना के आलोक में पुलिस दल ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान सड़क किनारे खड़े पिकअप वैन की तलाशी ली गई, तो उसमें 32 कार्टन विदेशी शराब मिला। चालक और खलासी वाहन के पास नहीं था। ऐसे में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि जब्त शराब के मामले में छानबीन की जा रही है। जब्त वाहन पर रहेपंजीयन नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है, ताकि धंधे से जुड़े लोगों को पकड़ा जा सके।

### जीरो माइल से धुनकी जाने वाले वाहनों का बदला गया मार्ग

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जीरो माइल से बड़ी पहाड़ी होते हुए धनुकी मोड़ की तरफ जाने वाले वाहनों का मार्ग बदल गया है। इसी तरह से हाजीपुर से पटना सेतु से आने वाले वाहनों का परिचालन भी अब धनुकी मोड़ से जीरो माइल के बीच में बदले हुए मार्ग से जाएंगे। यातायात के डीएसपी-2 अनिल कुमार ने बताया कि महात्मा गांधी सेतु के सामानांतर बन रहे पुल के उपयोग में आने वाले रास्ते पर धुनकी मोड़ से जीरो माइल के बीच वाहनों की आवाजाही होगी। इसी मार्ग से पटना से हाजीपुर और हाजीपुर से पटना आने वाले वाहन के आने-जाने का काम होगा। ट्रेफिक डीएसपी ने बताया कि जीरो माइल से धुनकी मोड़ के बीच पुराने मार्ग पर दोनों लेन पर वाहनों का आवाजाही होता था। उस मार्ग पर निर्माण कार्य होना है। इसी वजह से वाहनों के परिचालन का मार्ग बदला गया है। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक इसी मार्ग से वाहनों की आवाजाही होगी। वाहनों का परिचालन सामान्य ढंग से हो, इसके लिए जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त पुलिस बल भी लगाया जाएगा।

### संसदीय समिति को ज्ञापन सौंपा

पटना आज पटना के होटल ताज में आयोजित वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक की संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल को बुद्ध कल्याण परिषद के महासचिव यशोर्धन राठौड़ एवं वरीय सदस्य कामेश्वर सिंह ने ज्ञापन सौंपकर वक्फ बोर्ड को पूर्णता समाप्त करने की मांग की। साथ ही वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के सभी प्रावधानों को लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यह फैसला राष्ट्रहित के लिए होगा ।

### बिक्रम नपं सभागार में आयोजित समान्य बोर्ड की बैठक सम्पन्न




प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : नगर पंचायत बिक्रम सभागार में शनिवार को नगर अध्यक्षा सरिता देवी की अध्यक्षता में सामान्य बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में योजना, साफ सफाई, पेयजल समस्या, स्ट्रीट लाइट सर्वे, आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण हेतु नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार, उपाध्यक्ष उदय शंकर सिंह, स्वच्छता पदाधिकारी रोहिणी रानी, प्रधान लिपिक संतोष कुमार, टैक्स दारोगा मंटू कुमार, रूपम कुमारी, अभय कुमार, अजित कुमार समेत वार्ड पार्षद गण एवं सभी नगर कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बुनियाद केंद्र पर 22 दिव्यांगों को बैट्री चालित ट्राइसाइकिल का किया गया वितरण



मधुबनी जयनगर में बुनियाद केंद्र पर 21 दिव्यांग लाभुको को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल दिया गया। साथ ही 30 दिव्यांग लाभुको के बीच कंबल का भी वितरण किया गया।मधुबनी के जिला अधिकारी अरविंद कुमार वर्मा के निदेर्शानुसार यह वितरण जयनगर अनुमंडलीय बुनियाद केंद्र से किया गया।जयनगर अनुमंडल के 25 लाभुकों को कॉल करके बुलाया गया जिसमे से 21 लाभुक ट्राइसाइकिल लेने आए। वितरण जयनगर के अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, एडीएसएस आशीष अमन एवं जयनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजीव रंजन जयनगर के द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया।वितरण के पहले लाभुकों को ट्राइसाइकिल चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया जिसके पश्चात ट्राइसाइकिल वितरण किया गया। लाभुको से यूडीआईडी बनाने हेतु अनुरोध किया गया तथा उनके बीच कंबल का भी वितरण किया गया।

### देशी शराब समेत दो मोटरसाइकिल जब्त तस्कर फरार

मधुबनी जयनगर थाना पुलिस के द्वारा शराब भारी मात्रा में देशी विदेशी शराब की खेप समेत 2 मोटरसाइकिल को जप्त किया गया।शराब मामले में की गई कार्रवाई को लेकर थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र में पुलिस बल के द्वारा सघन गस्ती के दौरान मोटरसाइकिल पर लदे भारी मात्रा में देशी शराब की खेप को जप्त किया गया। बरामद शराब 450 लीटर है। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। हालांकि पुलिस बल के आने की भनक लगते शराब तस्कर शराब लदी हुई मोटरसाइकिल छोड़ कर फरार हो गया।

### संस्कृत में रोजगार की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान आयोजित

दरभंगा।कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय युवा चेतना मंच के तत्त्वावधान में आयोजित युवा प्रेरणा पक्ष के सातवें दिन विशिष्ट व्याख्यान के अंतर्गत संस्कृत में रोजगार की संभावनाएं विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में मारवाड़ी महाविद्यालय दरभंगा के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ विकास सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें परंपरागत रोजगार के साथ-साथ आधुनिक संदर्भ में संस्कृत में रोजगार की अनेक संभावनाएं हैं जैसे भाषा का गूढ वाचन करना।पांडुलिपि विज्ञान के क्षेत्र में संस्कृत के छात्र कार्य कर सकते हैं। अनुवाद की भूमिका निभा सकते हैं क्योंकि संस्कृत ही भारतीय ज्ञान परंपरा का स्रोत है। अध्यक्ष उद्बोधन में शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ घनश्याम मिश्रा जी ने बताया कि संस्कृत के साथ-साथ अन्य भाषाओं का ज्ञान भी बहुत जरूरी है। मंच संचालन डॉक्टर सुधीर कुमार संयोजक युवा चेतना मंच ने किया तथा सभा में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत एवं धन्यवाद व्याकरण विभाग की सहायक प्राचार्या एवं कला रंजनी मंच की संयोजिका डॉक्टर साधना शर्मा जी ने किया। सभा में युवा चेतना मंच के सचिव केशव कुमार सहसचिव विपिन कुमार झा, पद्मनाभ झा, विश्व मोहन झा सह शिक्षा शास्त्र के सैकड़ों छात्र उपस्थित रहे।

# अनुमंडल अनुश्रवण समिति जयनगर की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर अनुमंडल कार्यलय स्थित एसडीएम कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के अध्यक्षता में अनुमंडल अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में नए राशनकार्ड व जनवरी माह में राशन उठाउ से संबंधित तथा सभी उपभोक्ताओं को 31 मार्च तक केवाईसी अबिलम्ब कराने की जानकारी उपस्थिति सदस्यो को अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा दिया गया। बैठक में भाकपा-माले के प्रखंड सचिव सह अनुमंडल अनुश्रवण समिती के सदस्य भूषण सिंह ने जनवितरण प्रणाली दुकानदारो एवं उपभोक्ताओं को खाद्यान्न आपूर्ति में हो रहे कठिनाईयों को देखते हुए अविलम्ब जयनगर बिहार खाद्य गोदाम का निर्माण करने फिंगर पॉश मसिन खराब होने पर अबिलम्ब वैकल्पिक व्यवस्था से पॉश मसिन जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को उपलब्ध कराने उपाधीक्षक कुमार रौनित अनुमंडल अस्पताल जयनगर के मिलीभगत से जयनगर में अवैध रूप से चल रहे अवैध नर्सिंग होमो में लगातार हो रहे मौत को देखते हुए संचालको के उपर कठोर कार्रवाई करने प्राईवेट स्कूलो के प्रबंधनो के द्वारा महंगे प्रकाशनों के किताब चलाने व संत जेवियर्स इंग्लिश हाई स्कूल होली सेंट्रल स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल माउंट गारमेंट्स स्कूल के द्वारा बीपीएल के छात्रों से जबरन शुल्क लेने के आरोप लगाते हुए जांच तथा अनियमितता वरतने वाले स्कूलो पर जांच कर कार्रवाई करने जयनगर - कोरहिया कमला तटबंधो के किनारे बसे सैकड़ों भूमिहीन परिवारों को सड़क निर्माण होने के कारण विस्थापित हुए परिवारों को बसेरा योजना-2 के तहत भूमि आवास मुहैया कराने कुआढ़ एवं भेलवा टोल अकौन्हा के पचार्धारी महादलित परिवारों को भूमि पर दखल कब्जा दिलाने, अवैध खरीद- विक्री व निर्माण पर रोक लगाने और बिहार में पुल गिरने वाली घटना के जिम्मेवार मातेश्वरी कंस्ट्रक्शन कंपनी ब्लैक लिस्टेड होने के बावजूद पुनः उसी संवेदक से कराए जा रहे सड़क निर्माण पर रोक लगाते हुए दुसरे संवेदक से सड़क निर्माण कराने तथा कराके की ठंड को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों अलाव लगाने व जरूरतमंदों के बिच कंवल वितरण करने की मांग किया गया।बैठक में प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारी लदनियां एवं बासोपट्टी जयनगर विपिन अंशु बासोपट्टी लदनियां के अमीतेश कुमार, बासोपट्टी प्रबन्धक मुशर्रफ हसन, विधुत सहायक अभियंता बरुण कुमार मुख्य पार्षद कैलाश पासवान जिला पार्षद अंजली कुमारी, भूषण सिंह, विष्णुदेव भंडारी, उद्बव कुंवर, प्रदीप पासवान, विनय सिंह अनुरंजन सिंह, आभाष कुमार गुड्डू कुमार राणा प्रताप सिंह, राजकुमार सिंह, मो. साबिर समेत कई जनप्रतिनिधियो व जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के प्रतिनिधि दीपक कुमार एवं सुरेश यादव और रसोई गैस प्रबन्धक अनुमंडल कर्मचारी जीतू सिंह सुरेंद्र दत्ता अन्य लोगो ने भाग लिया।

## बुनियादी सुविधाओं से वंचित महादलित बस्ती

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के औराई प्रखंड का महादलित बस्ती पेठिया टोला बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। औराई विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन समर्थित भाकपा-माले के पूर्व विधायक प्रत्याशी और आरवाईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष आफताब आलम के नेतृत्व में भाकपा-माले की एक टीम ने औराई प्रखंड के उमापंथ बसंत पंचायत के पेठिया टोला महादलित बस्ती का दौरा किया। पेठिया टोला बस्ती में तीन सौ से अधिक परिवार निवास करते हैं, लेकिन बाढ़ और बरसात के दौरान यह गांव मुख्य सड़क से कट जाता है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसंत पेठिया टोला में दो सौ से अधिक बच्चे पढ़ते हैं, लेकिन छह महीने तक स्कूल बाढ़ के कारण बंद रहता है। आफताब आलम ने इसे ह्डबल इंजन की नीतीश-मोदी सरकार की निकम्मेपन का परिणामह्व बताते हुए गांव में अविलंब सड़क निर्माण की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक निर्णायक आंदोलन किया जाएगा। महिलाओं और स्कीम वर्करों की समस्याओं पर चर्चा महिलाओं, जीविका दीदियों, रसोइयों और अन्य स्कीम वर्करों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए आफताब आलम ने बढ़ती महंगाई और माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के दवाब को गंभीर समस्या बताया। उन्होंने इन मुद्दों पर संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में ऐपवा के बैनर तले महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। इस अवसर पर फूलो देवी, खुशबू देवी, पूनम देवी, उर्मिला देवी, शिवकाली देवी, उषा देवी, निर्मला देवी, सुमित्रा देवी, शिवदुलारी देवी, सुनीता देवी, सीता देवी, मंजू देवी,और ममता देवी समेत कई महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरे में भाकपा (माले) के नेता और जिला कमिटी सदस्य एडवोकेट मुकेश पासवान, जावेद अख्तर, प्रमुख राम मनीष यादव, हरदेव राम, विजय दास, बीफई मांझी, नागेंद्र राम, चंदू राम,रामपुकार पासवान उपस्थित थे।आफताब आलम ने महादलित समुदाय की समस्याओं को गंभीर बताते हुए आने वाले दिनों में इनके समाधान के लिए संगठित और व्यापक आंदोलन का ऐलान किया है।

## एनडीए के पांचों घटक पांच पाण्डवों की तरह है : दिलीप



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। स्थानीय क्लब मैदान में आज एनडीए कार्यकताओं को संशोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए के पांचों घटक दल पांच पांडव की तरह हैं जो विरोधियों का वही हाल करेंगे जो कौरवों का पांडवों ने किया था। उन्होंने कहा, कुछलोगों की उम्मीद आजकल चुनाव के समय जग जाती है और लाड़ टपकने लगता है। लालू प्रसाद यादव उनके पुत्र और उनकी पुत्री के भी लाड़ टपकने लगे हैं। जूठन खाने की आदत पड़ गयी है। पर अब जूठन भी खाने को नही मिलेगा। बताते चलें कि 15 जनवरी से एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकताओं का सम्मेलन पूरे बिहार में चल रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज मुजफ़्फरपुर के क्लब मैदान में एनडीए कार्यकताओं का सम्मेलन चल रहा था। इस कार्यक्रम में बोलते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंन्त्री दिलीप जायसवाल ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए उसकी तुलना लाड़ टपकाने वाले से कर दी। इतना ही नही दिलीप जायसवाल ने विपक्ष पर प्रहार करते हुए राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव उनके पुत्र और उनके पुत्री तक को लाड़ टपकने की बात सुना डाली। आज के कार्यक्रम में उनके भाषण का केन्द्र सिर्फ लालू प्रसाद और उनका परिवार ही रहा। कार्यक्म में बडी संख्या में एनडीए घटक दल के कार्यकताओं ने भाग लिया।गायघाट विधान सभा क्षेत्र से इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जुलूस अहियापुर आवास से निकलकर क्लब के मैदान में जदयू नेता प्रभात किरण के नेतृत्व में निकला। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक महेश्वर प्रसाद यादव ने कहा कि इस बार जिस तरह से एन डी ए कार्यकताओं में उत्साह है उससे लगता है कि बिहार में एनडीए 225 सीटों पर विजयी तो होगा ही मुजफ्फरपुर जिले में 11 सीटों पर भी विजय हासिल होगी। इस अवसर पर कार्यक्रम को मुख्य रूप से जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा समेत कई नेताओं ने सम्बोधित किया।

## श्रम विभाग के धावा दल ने बाल श्रमिकों को कराया विमुक्त



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। श्रम अधीक्षक, दरभंगा किशोर कुमार झा के निदेश पर सदर प्रखण्ड में श्रम संसाधन विभाग के धावा-दल द्वारा बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत बाल श्रमिकों की विमुक्ति हेतु गहन छापेमारी की गई। इस क्रम मे दो बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है, जिसमे 1 न्यू आर.के. स्वीट्स एण्ड बेकरी, धोई घाट दरभंगा से एक बाल श्रमिक एवं मोहम्मद जाहिद गैरेज, धोई घाट, सदर से एक बाल श्रमिक को विमुक्त कराया गया है।श्रम अधीक्षक ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 मे श्रम विभाग द्वारा जिले मे विभिन्न नियोजनो मे कार्यरत 31 बाल श्रमिको को अबतक विमुक्त कराया जा चुका है।श्रम अधीक्षक किशोर कुमार झा ने बताया कि एक ओर जहाँ नियोजकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई जारी है, वही दूसरी ओर बाल श्रम के विरूद्ध सामाजिक जागृति पैदा करने के उद्देश्य से कार्यशाला सार्वजनिक जगहों पर पोस्टर, बैनर एवं फ्लैक्स लगाए गये है।उन्होंने बाल श्रम जैसी कुप्रथा को प्रशासनिक दवाब के साथ सामाजिक जागरूकता पैदा करके ही समाप्त किया जा सकता है। आज के धावा-दल मे मोहन कुमार श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सदर, विजेता भारती श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी बहेड़ी, प्रेम कुमार साह, श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी, जाले,लक्ष्मण कुमार झा श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी सिंहवाड़ा, कार्डस संस्था के प्रतिनिधि और बीरेंद्र कुमार झा एवं नारायण कुमार मजमुदान एवं पुलिस कर्मी शामिल थे।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव के मार्गदर्शन में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में लीगल लिट्रेसी क्लब के छात्राओं के बीच वाद विवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने संविधान में उपबंधित प्रस्तावना, मौलिक कर्तव्य एवं शिक्षा का अधिकार विषय पर परिचर्चा की। छात्राओं को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता अरुण कुमार महतो ने कहा कि प्रस्तावना हमारे संविधान का दर्पण है जो संविधान के उद्देश्यों का दर्शन कराती है। पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने मौलिक कर्तव्यों एवं शिक्षा के अधिकार को बताया। छात्राएं लक्ष्मी कुमारी, शिवानी कुमारी, राधिका, पुजा, सुधा, भवानी आदि ने वाद विवाद में हिस्सा लिया। मौके पर प्रभारी शिक्षक पवन कुमार, पीएलवी लक्ष्मी कुमारी, नितीश कुमार राम आदि मौजूद थे।

## भाकपा 26 जनवरी को निकलेगा तिरंगा मार्च : धीरेंद्र झा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भाकपा(माले) दरभंगा जिला कमिटी की बैठक जिला कार्यालय में जिला सचिव बैद्यनाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 25 जनवरी प्रमंडल स्तरीय समागम, 9 मार्च को पटना में आयोजित महा समागम की तैयारी की समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा(माले) पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेंद्र झा ने कहा कि अमित शाह की टिप्पणी संविधान और बाबा साहब के प्रति भाजपा व आरएसएस की घृणा का प्रदर्शन है। मनुस्मृति को देश का संविधान बना देने की उनकी बेचैनी साफ तौर पर जाहिर हो रही है। लेकिन देश की जनता संविधान और बाबा साहब पर हो रहे हर हमले का जोरदार प्रतिवाद जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान की जगह मनुस्मृति को थोपने की भाजपाई कोशिश को देश की जनता बेनकाब करेगी। श्री झा ने कहा कि बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान के अपमान के खिलाफ 26 जनवरी को तिरंगा मार्च निकाला जायेगा। साथ ही साथ संविधान के प्रस्तावना का गांव-गांव में पाठ किया जायेगा। आगे श्री झा ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार अपने घोषणा को जमीन पर उतारने में विफल है। जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि आज पूरे बिहार में लगभग 12 लाख से ज्यादा स्कीम वर्कर काम कर रहे है। लेकिन सरकार आज सबको ठगने का काम कर रही है। जिसके खिलाफ पूरे बिहार में प्रमंडल स्तर पर समागम कार्यक्रम का आयोजना किया जा रहा है।भाकपा राज्य कमिटी सदस्य सह इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद ने कहा कि महा समागम की तैयारी को लेकर अल्पसंख्यक के बीच प्रचार अभियान चलाया जाएगा। बैठक में बैठक में वरिष्ठ नेता आर के सहनी, नेयाज अहमद, अभिषेक कुमार, शनिचरी देवी, अशोक पासवान, विनोद सिंह, पप्पू पासवान, प्रो कल्याण भारती प्रवीण यादव, ललन पासवान, पप्पू खान, उमेश साह, हरि पासवान, राम विलास मंडल, अमित पासवान, अबधेश सिंह, मोहम्मद जमालुद्दीन, गंगा मंडल, किशुन जी, शिवन यादव, प्रिंस राज, सहित कई लोग शामिल थे।

## सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने किया देवधा थाना का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर के सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने शनिवार को देवधा थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान वे पुलिस के समक्ष उत्पन्न समस्याओ से भी अवगत हुए। जांच के क्रम मे मालखाना,पुरुष हाजत, महिला हवालात,कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प लाइन कक्ष का निरीक्षण किया।उन्होंने परिसर मे साफ सफाई व आगंतुको के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी अवलोकन किया।निरीक्षण के क्रम मे सर्किल इंस्पेक्टर ने थानाध्यक्ष प्रीति भारती से विभिन्न मामलों की जानकारी ली एवं कई कांड के अभिलेखो की जांच की। लंबित कांडो के निष्पादन पर चर्चा करते हुऐ पुलिस पदाधिकारियो को कार्य में तेजी लाने को कहा। वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। कहा केस के अनुसंधानकर्ता अनुसंधान के दौरान स्थल पर अवश्य जाए। ताकि निर्दोष न फंसे और दोषियो को सजा दिलाया जा सके। उन्होने लंबित कांडो के निष्पादन मे विलंब की वजह के संबंध मे भी पूछताछ किया। इसके अलावे थाने मे दर्ज विभिन्न कांडो के अनुसंधानकताओं से कांडो की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए। इंस्पेक्टर ने पुलिस पदाधिकारियो से कहा कि थाना पहुंच रहे फरियादी से कुशल व्यवहार करे।साथ ही किसी प्रकार का मामला थाना आने पर त्वरित कार्रवाई करे।

## गोशाला, पुअरहोम, डब्ल्यूआईटी व मिथिला संस्कृत शोध संस्थान का होगा जीर्णोद्धार

### दिशा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों पर होगी कर्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। डॉ.भीमराव अम्बेडकर सभागार में दरभंगा के सांसद सह अध्यक्ष दिशा गोपालजी ठाकुर की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय व अनुश्रवण समिति की दूसरे दिन बैठक हुई। बैठक में विधायक नगर संजय सरावगी, बेनीपुर के विधायक विनय कुमार चौधरी,हायाघाट के विधायक रामचंद्र साह, विधायक केवटी मुरारी मोहन झा, जिला परिषद् अध्यक्ष सीता देवी,मनोनित सदस्य कन्हैया पासवान, मदन यादव, बृजनंदन सहनी,सुमन कुमार सिंह, सोनी पूर्वे ,उदय शंकर चौधरी एवं अन्य सदस्य,प्रमुख उपस्थित थे। सर्वप्रथम बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन की समीक्षा उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार के द्वारा अध्यक्ष को अवगत कराया गया।बैठक के दूसरे दिन दिन डाक विभाग,आकाशवाणी, नाबार्ड,खादी ग्रामोद्योग,राष्ट्रीय राजमार्ग,पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग,पुल निर्माण निगम, गौशाला, पुअर होम, खेल विभाग,बैंकिंग,आईटीआई, दूरसंचार, अल्पसंख्यक कल्याण,मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर शोध संस्थान, डब्ल्यूआईटी,कस्तूरबा विद्यालय, एलएनएमयू,संस्कृत विश्वविद्यालय, कौशल विकास सहित अन्य योजनाओं से संबंधित बिंदुओं पर समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने दिशा की बैठक में अनुपस्थित आईटीआई पार्क, दूरसंचार, अल्पसंख्यक कल्याण, कौशल विकास डीआरसीसी के अधिकारियों पर उचित करवाई के लिए निर्देश दिया।उन्होंने शहर के गोशाला की जमीन को चिन्हित करने,पुरानी कमिटी से समन्वय कर नई कमिटी का गठन करने, प्रस्तावित नए डाकघरों की सूची उपलब्ध कराने जिले के खादी ग्रामोद्योग की जमीन को चिन्हित करने,खेलो इंडिया के तहत अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश देते हुए कहा कि दिशा कमिटी की बैठक में उठाए गए हर मुद्दों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें। विगत दिनों वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के दरभंगा आगमन तथा 1387 करोड़ के ऋण वितरण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। ग्रामीण कार्य विभाग के फेज 3 में हुए कार्यों की राष्ट्रीय स्तर के एजेंसी के द्वारा किए गए जांच पर शीघ्र करवाई किए जाने की जानकारी दी तथा बचे हुए कार्यों को निगरानी से जांच के लिए प्रस्ताव भेजने को निर्देशित किया। आयुष्मान योजना के तहत 38 लाख 46 हजार तीन सौ के लक्ष्य के विरुद्ध मात्र चौदह लाख बनाए जाने पर असंतोष प्रकट करते हुए इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले के सभी कस्तूरबा विद्यालय में सड़क भवन चाहरदीवारी बनाने तथा उसके संचालक एजेंसी के साथ अधिकारियों की लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया। साथ ही डब्ल्यूआईटी परिसर स्थित तालाब को सफाई कर मछली पालन या बिजली उत्पादन की पहल करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी सदर विकास कुमार,अनुमंडल पदाधिकारी बिरौल उमेश कुमार भारती, अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपुर शंभू नाथ झा डीआरडीए निदेशक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## रम और व्हिस्की का 55 बोतल बरामद, बाइक छोड़ बदमाश हुआ फरार

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जितवारपुर कन्हैया चौक के पास छापेमारी कर एक बाइक में झोले में रखा हुआ विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने बाइक जब्त कर लिया है। हालांकि इस दौरान बाइक सवार बदमाश, पुलिस को देखकर भागने में कामयाब रहा। बरामद विदेशी शराब में ऑफिसर चॉइस स्कॉच माल्टा ब्रांड के 375एमएल मात्रा का 44 बोतल व्हिस्की और ओल्ड मोंक वेरी ओल्ड वेटेड ट्रिपल एक्स डीलक्स ब्रांड के 750एमएल मात्रा का 11 बोतल रम पुलिस ने जब्त किया है। इस संबंध में पुलिस ने जितवारपुर निजामत वार्ड 16 के स्व. रामचंद्र पासवान के पुत्र अशोक पासवान के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर के अनुसार पुलिस टीम दिवा गश्ती के क्रम में बिशनपुर में थी। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

## शैलेश कुमार ने संस्थागत प्रसव में वृद्धि का दिय निर्देश



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी अपर समाहर्ता शैलेश कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न मानको में कि निम्न प्रदर्शन करने वाले अपने प्रदर्शन में सुधार करे अन्यथा लागातार निम्न प्रदर्शन पाये जाने पर निश्चित रूप से कार्रवाई कि जाएगी। उन्होने गर्भवती महिलाओं को आईएफए एवं कैल्शियम टेबलेट शत प्रतिशत उपलब्ध कराए जाने को लेकर एएनएम के माध्यम से से विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया।। संस्थागत प्रसव की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिया गया कि सभी बीसीएम आशावार उपलब्धि की समीक्षा करें, जिससे यह पता चल सके की आशा कार्यकर्ताओ के द्वारा कहा प्रसव कराया गया। अच्छे प्रदर्शन करने वाली आशा को प्रात्साहित करने का भी निर्देश भी दिया उन्होने कहा कि रोस्टर के हिसाब से कर्मी एवं डॉक्टर उपस्थित रहे इसे हर हाल में सुनिश्चित करे। अपर समाहर्ता शैलेश कुमार ने उपस्थित सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियो को निर्देश दिया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालयो के साथ-साथ सभी आंगनबाड़ी केंद्रो पर भी बच्चों के पूर्ण रूप से स्क्रीनिंग करने के निर्देश दिए। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम से संबद्ध आयुष चिकित्सकों से कोई अन्य कार्य नहीं लिया जाए। ताकि क्षेत्र स्तर पर बच्चों के स्वास्थ्य जांच का दायरा बढ़ाया जा सके। उन्होने आयुष्मान भारत की समीक्षा के क्रम में अभियान चलाकर शत प्रतिशत लाभार्थियो के गोल्डन कार्ड बनाए जाने पर बल दिया। अपर समाहर्ता शैलेश कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के उपस्थित जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयो को निर्देश दिया कि अवैध नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रों को लेकर लगातार जाँच अभियान चलाते रहे साथ ही दोषी पाए जाने पर उनके विरुद्ध त्वरित करवाई भी करे। उन्होंने कहा कि पंजीकृत नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड केंद्रो की जाच कर यह सुनिश्चित करे कि वे विभागीय दिशा निर्देश एवं मानको का अनिवार्य रूप से पालन करे।इसके अतिरिक्त अपर समाहर्ता शैलेश कुमार ने सर्वे रजिस्टर अपडेट करने, टेली मेडिसिन, परिवार कल्याण कार्यक्रम के साथ-साथ आशा के रिक्त पदों पर नई आशा का चयन करने के निर्देश भी दिए।उक्त बैठक में सिविल सर्जन मधुबनीजिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी,डीएमओ दया शंकर सिंह डीपीएम पंकज कुमार,डीपीओ आईसीडीएस, जिला स्वास्थ्य समिति के सभी सलाहकार, सभी स्वास्थ्य अधीक्षक व उपाधीक्षक, जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, अस्पताल प्रबंधक एवं प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधकों आदि उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को अपर समाहर्ता ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर आमजनों को यातायात नियमों के अनुपालन यथा सीट बेल्ट लगाने, हेलमेट पहनने एवं सड़क सुरक्षा संबंधी नियमो से जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को अपर समाहर्ता शैलेश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ पूरे मधुबनी जिले में आमजनो को सड़क सुरक्षा नियमो से जागरूक कराएगा। साथ ही सड़क पर सदैव यातायात नियमों के पालन के लिए जिला परिवहन कार्यालय मधुबनी में कार्यरत सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों के द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु एवं आम जनो को जागरूक करने के उद्देश्य से शपथ ग्रहण किया गया.सड़क सुरक्षा माह 2025 के अवसर पर आमजनो को यातायात नियमों के अनुपालन यथा सीट बेल्ट लगाने हेलमेट पहनने एवं सड़क सुरक्षा संबंधी नियमो से जागरूक करने के लिए जागरूक किया जाएगा। यह रथ पूरे मधुबनी जिले में आमजनों को सड़क सुरक्षा नियमों से जागरूक कराएगा।जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि बिहार सड़क सुरक्षा माह के दौरान आम जनो को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जिला प्रशासन व परिवहन विभाग पूरी तरह से प्रतिबद्ध है. इस अवसर पर मोटरयान निरीक्षक श्री अजय शंकर, एवं अन्य पदाधिकारी/ कर्मचारी सम्मिलित हुए.सड़क सुरक्षा हमारी प्रतिबद्धता सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया गया. अपर समाहर्ता ने आपस में मिलकर यातायात नियमों का पालन करते हुए बहुमूल्य जीवन को बचाने की बात कही. बताया कि परिवहन विभाग के निदेर्शानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा मनाया जा रहा है।

## पुलिस ने अपहृत युवती को दिल्ली से किया बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल पुलिस ने थाने में दर्ज शादी की नियत से एक युवती को बहला-फुसला कर अगवा किए जाने के मामले में कथित रूप से अपहृत युवती को छापेमारी कर दिल्ली से बरामद किया है। युवती मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली बताई गई है। युवती के अपहरण को लेकर उसके पिता ने मुफ्फसिल थाने में आवेदन देकर अपने पड़ोस के पांच लोगों को नामजद किया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और मानवीय सूत्रों व तकनीकी सहायता से युवती का पता लगाया। इसके आधार पर पुलिस ने दिल्ली में छापेमारी कर युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया। उससे पूछताछ कर पुलिस अब आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी करने में जुटी हुई थी।

## मिथिला क्षेत्र के लिए आस्था का प्रतीक है बहेरी का बम पूजा : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला ही नहीं सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए बहेरी डैनीखोन का बम पूजा आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। 52 गांव के लोगों द्वारा सामूहिक रूप से पार्थिव शिवलिंग बनाकर सामुहिक जनकल्याण के पूजा करना अपने आप में एक उदाहरण है। सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने आज शनिवार की देर शाम बहेरी के बम पूजा में भाग लेने के बाद उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने इस पूजा की महत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि एक साथ सैकड़ों गांव के लोगों का एक साथ संकल्पित होना, पूजा करना तथा पचास हजार से ज्यादा लोगों का जाति भेद से ऊपर उठकर एक साथ प्रसाद खाना सामाजिक एकता का मजबूत उदाहरण है।इस मौके पर उदयशंकर चौधरी रामशंकर सिंह महेश सिंह सरिता देवी मुखिया सुमन सिंह आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालय से समरसेबुल चोरी कर लिए जाने का थाना में किया गया प्राथमिकी दर्ज

जमुई [ झाझा ] उत्क्रमित मध्य विद्यालय कानन सह माध्यमिक विद्यालय कानन से समरसेबुल चोरी कर लिए जाने को लेकर थाना में किया गया प्राथमिकी दर्ज । अपने दर्ज आवेदन में उत्क्रमित मध्य विद्यालय कानन सह उच्च माध्यमिक विद्यालय कानन के प्रधानाध्यापक सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कुछ महीने पूर्व बोरिंग किया गया था जो कि खराब अवस्था में पड़ा हुआ था ।जब मैं विद्यालय पहुंचा तो ग्रामीणों के द्वारा मालूम चला कि बोरिंग का समरसेबुल मोटर रात में चोरी कर लिया गया है ।विद्यालय में रात्रि प्रहरी के पद पर प्रदीप कुमार नियुक्त है जो कि कहीं अन्य प्रदेश में काम करने के लिए चला गया है ।वही मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई ।

### मां बेटा के साथ एक व्यक्ति ने किया मारपीट, अस्पताल में घायलों का हुआ इलाज

जमुई [ झाझा ] शनिवार की सुबह थानाक्षेत्र के पताव गांव में खेत पटवन के दौरान मोटरपंप के पाइप पर वाहन चढ़ा देने का विरोध करने पर गांव के ही रहने वाले एक व्यक्ति ने एक महिला और उसके बेटे के साथ लाठी से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मारपीट में घायल हुए मां बेटे का इलाज के लिए लोगों की मदद से रेफरल अस्पताल लाकर भर्ती करवाया जहां डॉक्टर ने घायल मां बेटे का इलाज किया। घायल की पहचान मुकेश कुमार और उसकी मां अंजू देवी के रूप में हुई है। घायल अंजू देवी ने बताया कि खेत पटवन के लिए मोटरपंप लगाए था जिसपर गांव के रहने वाले तारो यादव पटवन के लिए लगे पाइप पर बाइक चढ़ा दिया जब मैने मना करते हुए पाइप फट जाने की बात किया तो उसने मेरे साथ मारपीट करने लगा और हल्ला सुनकर जब मुझे बचाने के लिए मेरा बेटा आया तो उसके साथ भी उसने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल महिला ने बताया कि घटना की जानकारी थाना पहुंचकर पुलिस को भी दिया।

# जिला पर्यावरण समिति की बैठक : डीएम ने ध्वनि प्रदूषण रोकथाम वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए प्रचार प्रसार करने का दिया निदेश

प्रात : किरण, संवाददाता




मुंगेर। मुंगेर जिला पर्यावरण समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में वन अपराध यथा अवैध वृक्ष पातन, अवैध खनन, वन भूमि अतिक्रमण पर नियंत्रण, अवैध आरा मिल/काष्ठ आधारित उद्योग के परिचालन पर नियंत्रण, पीड़क/आतंकी घोड़परास एवं जंगली सूअरों के कलिंग, जंगली जानवारों से होने वाले क्षति के लिए भुगतेय सहायता राशि के वितरण, एकल उपयोग प्लास्टिक के रोकथाम आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर वन पर्यावरण पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार अलबेला, सिविल सर्जन डा. बिनोद कुमार सिन्हा, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार दीपक सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक में मुंगेर जिलांतर्गत ठोस अपशिष्ट, प्लास्टिक कचरा, जैव-चिकित्सा कचरा, खतरनाक कचरा और निर्माण एवं विध्वंस कचरे के प्रबंधन हेतु लैंडफिल एवं अन्य स्थानों पर कूड़ा जलाने पर सख्ती से रोक लगाने एवं जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ जुमार्ना वसूली करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा प्रत्येक लोगों की जिम्मेदारी है। इसमें सभी नागरिकों की भूमिक अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। यदि पर्यावरण के साथ छेड़-छाड़ अथवा खिलवाड़ किया जाता है तो यह अपराध की श्रेणी में आता है और ऐसे अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी करने का प्रावधान है। इस लिए पर्यावरण संरक्षण में जिला प्रशासन के साथ ही सभी आमजन की भी भूमिका अपेक्षित है। उन्होंने जिले में अवैध रूप से संचालित सभी ईंट भट्ठा मालिकों को आगाह करते हुए तत्काल उसे बंद करने अथवा लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई ईंट भट्ठा अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है तो तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे बंद कराएं। सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री एवं उसके इस्तेमाल पर रोकथाम के लिए भी जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को इसके खिलाफ मुहिम चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बाजार में अब भी सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री एवं इस्तेमला धड़ल्ले से हो रही है, इसके रोकथाम के लिए सघन छापेमारी अभियान चलाएं तथा आरोपियों को दंडित कर जुमार्ना की वसूली करते हुए उन्हें इसके रोकथाम के प्रति भी जागरूक करें। साथ ही जिलांतर्गत नदियों, झीलों और भू-जल की गुणवत्ता बनाए रखने एवं प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए औद्योगिक उत्सर्जन एवं घरेलू उत्सर्जन पर भी सख्ती से रोकथाम लगाने का निर्देश दिया। संबंधित पदाधिकारियों को इसके खिलाफ भी मुहिम चलाते हुए जिम्मेदार संस्था एवं व्यक्ति के खिलाफ जुमार्ना वसूलने का निर्देश दिया। इसके अलावे घरों से निकलने वाले सीवेज का वैज्ञानिक तरीके से उपचार और निपटान हेतु जन जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। साथ ही औद्योगिक अपशिष्ट जल प्रबंधन, वायु गुणवत्ता प्रबंधन, खनन गतिविधियों से संबंधित प्रबंधन, ध्वनि प्रदूषण आदि पर भी रोकथाम हेतु प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया।

## गिद्धौर में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों का स्वास्थ्य आरोग्य कार्यक्रम अंतर्गत दिया गया एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण



प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्राथमिक एवं समग्र शिक्षा जमुई के निदेर्शानुसार प्रखंड के महाराजा चंद्र चूड़ विद्या मंदिर गिद्धौर में 19 मध्य विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय गैर आवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।बताते चले कि प्रखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में गुणात्मक शिक्षा के साथ विद्यालय छात्र छात्राओं को शारिरिक स्तर पर स्वस्थ्य एवं निरोग बनाये रखने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा यहां यह प्रशिक्षण विद्यालय प्रधान को दिया जा रहा है।

इस विद्यालय स्वास्थ्य आरोग्य दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ मानसिक एवं शारीरिक विकास में स्वस्थ्य शरीर की भूमिका को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से यहां यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में, सरिता कुमारी, सेल्विना हेम्ब्रम,सबुजा कुमारी,उमाशंकर प्रसाद,अमरेश कुमार सिंह,शिवदानी कुमार,संजय कुमार मिश्रा,निलम कुमारी,युगल किशोर रजक,रंजीत राम के अलावे दर्जनों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं कार्यक्रम में मौजूद थे।

## पशु चिकित्सालय में डॉक्टर और लिपिक की भारी कमी

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़कपुर मुंगेर मुंगेर जिला पशु अस्पताल में चित्रकों की भारी कमी से जूझ रहा है पशु पलक मुंगेर वासी पशु चिकित्सालय में जिला पशु अस्पताल में 10 पद सिर्जित हैं जिसमें पशु शैली चिकित्सक की एक कानू पशु चिकित्सा एक पशु चिकित्सा पदाधिकारी एक पशुधन सहायक ड्रेसर लिपिक कार्यालय परिचारी चौकीदार स्वीपर एवं मलिक एक-एक पद सृजित है वर्तमान में पशु शैली चिकित्सक ही हैं बाकी सभी पद खाली हैं जिले के अन्य पशु अस्पताल से चिकित्सा एवं कर्मी की प्रति नियुक्ति के माध्यम से कार्य कराया जा रहा है अस्पताल प्रभारी सत्यनारायण यादव ने बताया कि मेडिसिन सर्जरी और गईनी के एक भी विशेषज्ञ पशु चिकित्सालय में नहीं है उन्होंने कहा कि जिला पशु अस्पताल तीन शिफ्ट में चलता है सुबह 8:00 बजे से 2:30 तक ओपीडी सेवा दी जाती है इसके बाद सिर्फ इमरजेंसी सेवा प्रदान किया जाता है उन्होंने बताया कि जिस प्रकार 24 घंटे पशु अस्पताल संचालित की जा रही है ऐसे में अस्थाई स्टाफ के रूप में काम से कम कर चिकित्सक कर पशुधन सहायक और कर तूने होनी चाहिए इसके अलावा उन्होंने बताया कि जिला पशु अस्पताल में कुल 42 प्रकार की दवा वितरण के लिए मिलती है इसके अलावा जो दवाएं यहां उपलब्ध नहीं है ऐसी दवा को खरीद पशुपालकों को बाजार से खरीदना पड़ता है अस्पताल प्रभारी सत्यनारायण यादव ने बताया कि जानवरों को कुत्ता के काटने से संबंधित दवा नहीं के बराबर है जिला पशु अस्पताल में एंटी रेबीज इंजेक्शन की सुविधा नहीं दी जाती है उन्होंने बताया कि सरकार अस्तर से ही रेबीज इंजेक्शन की आपूर्ति नहीं की जाती है मजबूरन पशुपालकों को अपने जानवरों को जरूरत पड़ने पर यह इंजेक्शन मनमाने दामों पर खरीदना पड़ता है पशुओं को खुले मैदान में अक्सर कुत्ते काट लेते हैं इतना ही नहीं जानवरों को सियार लोमड़ी एवं अन्य रेबीज वाला जानवर काट लेता है तो उसे एंटी रैबीज इंजेक्शन देने की जरूरत पड़ती है जो अस्पताल में उपलब्ध नहीं है अस्पताल प्रभारी पशु शैली चिकित्सा सत्यनारायण यादव ने बताया कि पशु अस्पताल में गाय भैंस घोड़ा बकरी कुत्ता बिल्ली खरगोश तोता आदि पशु पक्षी का इलाज मोटे तौर पर किया जाता है उन्होंने कहा कि ठंड में ज्यादातर मनवेशियों को खुदा मोहब्बत का अफारा निमोनिया गला घोटू लंगडी चेचक जैसी रोग होते हैं अगर मवेशी इन सभी रोगों में से एक भी रोग की चपेट में आ जाते हैं तो पशुपालक की परेशानी बढ़ जाती है अस्पताल में पशु के कृत्रिम गभार्धान करने की सुविधा है की जिला पशु अस्पताल पहले 8 घंटे शिफ्ट में चलता था लेकिन 2017 से इसे 24 घंटे शुरू कर दिया गया है।

### शिशु रोग विशेषज्ञ के निधन पर शोक सभा का आयोजन

मुंगेर। शनिवार को सदर प्रखंड अंतर्गत सीता कुंड के प्रांगण में ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वयक समिति जिला अध्यक्ष डॉ इकबाल की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया । वही सभा में मुंगेर के जाने-माने प्रसिद्धशिशु रोग डॉ स्वर्गीयअर्जुन प्रसाद के आकस्मिक निधन के उपरांत उनकी आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मोन धारण कर उन्हें सत सत नमन किया गया। वहीं डॉ इकबाल द्वारा कहा गया कि आज हमारे बीच मुंगेर की हस्ती अर्जुन बाबू नहीं रहे उनकी कमी हम लोगों को हमेशा खेलते रहेगा। वह मेरे प्रेरणा थे जब भी उन किसी प्रकार की कोई समस्या होती थी तो हम लोग उनसे जाकर मिलकर अपनी समस्या का निदान करते थे। आज मुंगेर को एक बहुत बड़ा क्षति पहुंचा है कि हमारे बीच शिशु रोग के हस्ती अब हमें नहीं दिखेंगे। आज इस दुखी घड़ी में हम उन्हें कैसे भूल ऊपर वाली उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें यही हम लोग उनके लिए कामना करते हैं।

## वनक्षेत्र में मजदूर यूनियन की ओर से की गई बैठक झाझा को अनुमंडल बनाने की बात पर भी हुई चर्चा

### झाझा को अनुमंडल बनाने की मांग को उठाने का काम करेंगे : अध्यक्ष

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] शनिवार को यक्षराज स्थान समीप वनक्षेत्र में राष्ट्रीय असंगठित मजदूर यूनियन की ओर से वनभोज सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष राजू यादव ने किया। अध्यक्ष ने कहा कि हमलोग फिर से एक बार संगठित होकर झाझा को अनुमंडल बनाने की मांग को उठाने का काम करेंगे। इसके अलावे बैठक में झाझा प्रखंड क्षेत्र में भूमिहीन को जमीन, राशनकार्ड, पेंशन, आवास योजना से वंचित लोगों को आवास योजना का लाभ नही मिलने पर भी चर्चा किया गया। राजू यादव ने कहा कि आज सरकार मनरेगा के तहत मजदूरों को 100 दिन गारंटी योजना के तहत रोजगार देने की बात करते है लेकिन हकीकत यह है कि मजदूरों को 100 दिन रोजगार नही मिल पा रहा है। बैठक में मजदूरों के हित, मजदूरी बढ़ोतरी, झाझा क्षेत्र के विकास से जुड़ी कई बिंदुओ पर लोगों ने चर्चा किया। इसके अलावे झाझा को अनुमंडल घोषित नही किये जाने पर अध्यक्ष ने चर्चा करते हुए कहा कि झाझा पुलिस अनुमंडल बन चुका है लेकिन यहां के विभिन्न सामाजिक संगठन के द्वारा झाझा को पूर्ण रूप से अनुमंडल का दर्जा देने की मांग पर अब तक सरकार की नजर नही पड़ रही है जबकि अनुमंडल को लेकर झाझा सभी कोरम पूरा कर चुका है। सरकार की हर योजना में जेसीबी से काम कर दिया जाता है। बिचौलिया मजदूरों का रुपए गबन कर रहा है लेकिन बिचौलियों पर किसी भी तरह की कोई शिकंजा नही कसा जा रहा है। इसके अलावे दैनिक मजदूरों के साथ भी कई तरह की अन्याय हो रहा है। बढ़ती महंगाई में मजदूरों की मजदूरी बढ़ नही रही है जिसके कारण मजदूरों से काम करवाने वाले लोग अमीर बनते जा रहे है और मजदूर धीरे धीरेगरीब बनकर ही अपना जीवन किसी तरह गुजर बसर कर रहा है। बैठक में सचिव रामगोपाल ड्रोलिया, ललन पासवान, विनय माथुरी, सोहन यादव, अनिल बरनवाल, रविंद्र यादव, रामदेव तुरी, धीरू पासवान, संतोष कुमार सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो महिला हुई घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार को थानाक्षेत्र के ढिबा गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों की ओर से महिलाओं के झुंड के बीच मारपीट हो गई जिसमें दोनो पक्षों से कुल दो महिला घायल हो गई। एक पक्ष से घायल महिला की पहचान शबनम खातून और दूसरे पक्ष से घायल महिला की पहचान शहजादी खातून के रूप में हुई। दोनो घायल महिलाओं को उसके परिजनों द्वारा इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा लाया जहां डॉक्टर ने घायलों का इलाज किया। एक पक्ष से घायल शबनम खातून की मां मरियम खातून ने बताई की मेरी बेटी अपने बच्चों को शौच करवाने के लिए अपने खेत में ले गई तभी शहजादी खातून, रुकसार खातून एवं एक अन्य महिला ने बच्चों को शौच करने के लिए मना करने लगा और तीनों मिलकर मेरी बेटी के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया। दूसरे पक्ष से घायल महिला के परिजन ने बताया कि पहले पक्ष की घायल महिला अपने बच्चों को मेरे खेत मे शौच करवा रही थी तभी मना करने पर पहले शबनम और उसकी मां मारपीट करने लगी।

## 23 जनवरी को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा : विनय सुमन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। शनिवार को किला क्षेत्र मुंगेर स्थित राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण में प्रमंडलीय विकास संघर्ष मोर्चा मुंगेर कोर कमेटी की एक अति आवश्यक मोर्चा के संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन मोर्चा के सह संयोजक मोहम्मद शकील अहमद ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा संयोजक प्रोफेसर विनय कुमार सुमन ने कहा कि आगामी 23 जनवरी को मुंगेर के विकास के लिए किला मुंगेर स्थित सहित स्मारक के सामने एकदिवसीय धरना दिन के 11:00 बजे से 3:00 बजे तक विभिन्न मांगों को लेकर दिया जाएगा धरना में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी के लिए 20 जनवरी से 22 जनवरी तक जनसंपर्क एवं शहर के मुख्य चौक चौराहे पर एवं स्थानीय कॉलेज परिसर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए मोर्चा के संरक्षक नरेश सिंह यादव एवं शिक्षक नेता वकील राम ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की उपेक्षा के कारण मुंगेर का समुचित विकास अवरुद्ध है। 18 मार्च 2018 को मुंगेर विश्वविद्यालय की स्थापना के बावजूद भी अभी तक विश्वविद्यालय भवन निर्माण के लिए भूमि का चयन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। नगर निगम मुंगेर के पूर्व उपमेयर सुनील राय एवं एससी एसटी प्रकोष्ठ के नेता अशोक रजक ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जमालपुर में रेलवे विश्वविद्यालय की घोषणा के बावजूद भी अभी तक कार्य शुभारंभ नहीं हो पाना केंद्र सरकार की उपेक्षा का प्रतीक है।

धरना के माध्यम से मुंगेर प्रमंडल में एम्स की स्थापना, मुंगेर होम्योपैथिक कॉलेज की मान्यता बहाल करने, स्थानीय आर०डी०एंड०डी०जे० कॉलेज मुंगेर का जर्जर भवन एवं चार दिवारी का पुनर्निर्माण एवं मरम्मत, बरियारपुर, खड़गपुर, मननपुर एवं सुल्तानगंज, तारापुर, कटोरिया रेल लाइन का निर्माण, मुंगेर के सभी ऐतिहासिक स्थलों एवं पर्यटन केंद्र को विकसित करने के सहित अन्य मांगों पर विस्तार से चर्चा किया जाएगा। बैठक को सकीचंद पासवान, निरंजन यादव, नवल किशोर यादव, शंकर दास एवं राकेश कुशवाहा उर्फ राजा ने भी संबोधित किया।

### ट्रैक्टर ने एक महिला को मारी टक्कर

जमुई [ झाझा ] जीविका ऑफिस ऑफिस के पास खड़ी एक महिला को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मार देने महिला घायल हो गई। घायल महिला का इलाज अस्पताल में करवाया गया। इस संदर्भ में घायल महिला रामदासपुर केशोपुर गांव के रहने वाले सुनील कुमार यादव की पत्नी शीला कुमारी ने बताया कि जीविका ऑफिस बेनिबांक के पास खड़ी थी तभी एक ट्रैक्टर ने मुझे टक्कर मार दिया जिससे मैं सड़क किनारे जा गिरी और मेरा मोबाइल भी चूर हो गया। इस दौरान चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया। महिला ने बताया कि ट्रैक्टर की पहचान हो चुकी है। महिला ने ट्रैक्टर का नम्बर पहचान करने के बाद उसके खिलाफ थाना में आवेदन देने की बात भी बताया है।

## सीपीआईएम के पूर्व जिला सचिव के निधन पर जिला सहित क्षेत्र में शोक की लहर


### पार्टी के शीर्ष नेता एवं कार्यक्रताओं ने उन्हें दी अंतिम विदाई

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज : सीपीआईएम जमुई के पूर्व जिला सचिव कामरेड रामलखन सिंह का बीते शुक्रवार को लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया।वे 77 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर पार्टी के जिला सचिव कामरेड नागेश्वर प्रसाद द्वारा दी गई, तुरन्त पार्टी राज्य कार्यालय पर लाल झंडा झुका दिया गया।बाद में उपस्थित पार्टी नेताओं और दूसरे साथियों ने दिवंगत कामरेड रामलखन सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया, वहीं शनिवार को सुबह ही पार्टी राज्य सचिव मंडल सदस्य सह जमुई पार्टी प्रभारी कामरेड संजय कुमार राज्य केन्द्र का एक प्रतिनिधिमंडल लेकर कामरेड लखन के घर कैथवाड़ा पहुंचे। संजय कुमार के साथ लखीसराय के पूर्व जिला सचिव कामरेड मोती साह,लखीसराय पार्टी जिला सचिवमंडल सदस्य कामरेड सुनील कुमार पहुंचे,जबकि जमुई जिला सचिव कामरेड नागेश्वर प्रसाद,जमुई जिला सचिवमंडल सदस्य कामरेड नोखेलाल सिंह,कामरेड नरेश यादव,कामरेड दिनेश कुमार,कामरेड जुगल राम,जिला कमिटी सदस्य विष्णुदेव सिंह,अलीगंज के लोकल कमिटी सचिव परमेश्वर यादव और सीपीआई नेता दिनेश सिंह पहुँच कर पीड़ित परिजनों को इस दुःख की घड़ी मे ढाढ़स बनाया,एवं राज्य नेता के पहुंचते ही सभी साथियों ने मिलकर अपने प्रिय नेता कामरेड रामलखन सिंह के पार्थिव शरीर पर लाल झंडा दिया।बाद में राज्य सचिवमंडल सदस्य कामरेड संजय कुमार और जिला सचिव कामरेड नागेश्वर प्रसाद सहित सभी नेताओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और शोक संतप्त परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त किया।मौके पर संजय कुमार ने कहा कामरेड रामलखन सिंह के असामयिक निधन से ना सिर्फ उनके परिवार या जमुई पार्टी की क्षति हुई है,बल्कि उनके जाने से किसानों,मजदूरों और सभी छोटे तबके के संघर्षों को धक्का लगा है।संजय कुमार ने कहा लखन दा 1992 से 2011 तक पूरे तीन कार्यकाल पार्टी के जिला सचिव रहते हुए,पार्टी को मजबूत करने का हर संभव कोशिश करते रहे।इस दौरान सीपीआईएम ने उन्हें 2015 में झाझा विधान सभा सीट से अकेले दम पर चुनाव भी लड़ाया।यह चुनाव पार्टी के अस्तित्व के लिए बहुत जरूरी था,जिसे लखन दा बखूबी लड़े।अंत में संजय कुमार ने पार्टी राज्य केन्द्र की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सीपीआईएम अपने इस अनथक साथी के सम्मान में लाल झंडा झुकाती है।श्रद्धांजलि देने के तुरंत बाद कामरेड लखन दा को लालसलाम,कामरेड लखन दा अमर रहें के गगनभेदी नारों के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई।

## भूकंप एक प्राकृतिक आपदा है : जिला पदाधिकारी मुंगेर



● भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के तहत भूकम्प और अग्निकांड से सुरक्षा एवं बचाव विषय पर अग्नि शमन तथा एनडीआरएफ की 9 बटालियन टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। जिला आपदा प्रबंधन शाखा, मुंगेर के तत्वावधान में शनिवान को समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में भूकम्प सुरक्षा सप्ताह के तहत भूकम्प और अग्निकांड से सुरक्षा एवं बचाव विषय पर अग्निशमन तथा एनडीआरएफ की 9 बटालियन टीम द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर भूकम्प तथा अगलगी के दौरान सुरक्षा एवं बचाव हेतु मॉकड्रिल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गयी। संचालन एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर रंजीत कुमार कर रहे थे। इस अवसर पर अपर समाहर्ता मनोज कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार अलबेला, द्वितीय कमान अधिकारी संजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी आपदा कुमार अभिषेक, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी सह जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी राघवेंद्र कुमार दीपक सहित अन्य उपस्थित थे।मॉकड्रिल में सर्वप्रथम अग्निशमन विभाग द्वारा गैस सिलिंडर में आग लग जाने से होने वाली आपदा के रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि गैस सिलिंडर में आग लगने के पश्चात सर्वप्रथम धैर्य बनाएं रखें और तत्काल सिलिंडर की आग को बुझाने के लिए भीगे कंबल, चादर से तुरत गैस सिलिंडर को ढक देने से आग बुझ जाती है। यह अत्यंत ही आसान है, बसर्ते धैर्य पूर्वक इसे करना चाहिए। इसके अलावे प्लास्टिक की बाल्टी से भी इस आग को बुझाया जा सकता है। ध्यान रखने योग्य बात यह है कि गैस सिलिंडर में आग लगने के बाद उसे ऑक्सिजन के सम्पर्क में न आने देने से आग पर आसानी से काबू पाया जा सकता है। इसके पश्चात एनडीआरएफ की 9 बटालियन टीम द्वारा भूकम्प के दौरान होने वाले हादसे में राहत एवं बचाव का आकर्षक मॉकड्रिल पेश किया गया।

इसके साथ ही भूकम्प के दौरान स्वयं को कैसे बचाएं एवं क्या करें आदि से संबंधित जानकारी भी दी गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि भूकम्प एक प्राकृतिक आपदा है, जिसके आने पर कई लोग सुरक्षा एवं जानकारी के अभाव में अपनी जान गवां देते हैं। आज अग्निशमन एवं एनडीआरएफ की 9 बटालियन की टीम द्वारा अग्निकांड अथवा अगलगी तथा भूकम्प से सुरक्षा से संबंधी मॉकड्रिल के माध्यम से जो जानकारी दी गयी है वह काबिलेतारीफ है। यदि प्राकृतिक आपदा के वक्त लोग संयमित होकर इन बताए गए नियमों को पालन करें तो कई लोगों की जान बच सकती है और आपदा की घड़ी में लोग स्वयं से अपने जानमाल की हिफाजत करने में सफल हो सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि इनके द्वारा जो भी जानकारी उपलब्ध करायी जा रही है, उसका अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कर आम जन को भी इससे अवगत कराया जाए, ताकि वो स्वयं की थोड़ी भी हिफाजत कर सके। एनडीआरएफ की टीम द्वारा भुकंम्प से पूर्व, भुकंम्प के दौरान एवं भुकंम्प के बाद की जाने वाली तैयारी के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने कहा कि आज प्रायः घरों के रसोई घर में गैस सिलिंडर पर ही भोजन बनाया जाता है। इस लिए यह अत्यंत ही जरूरी है कि सभी अपने अपने रसोई घरों में अग्नि से सुरक्षा संबंधित उपकरण अवश्य रखें, ताकि यदि कोई आपदा आए तो उसका तत्काल निपटान कर किसी अनहोनी को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के मॉकड्रिल का आयोजन जिले के अन्य प्रखंडों में भी कराया जाएगा, ताकि इससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सके।

## चार लोगों के साथ कुछ लोगों के द्वारा पुराने रंजिश को लेकर की गई मारपीट का हुआ प्राथमिक दर्ज

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बोड़वा चौक पर खरीदारी कर रहे चार लोगों के साथ कुछ लोगों के द्वारा पुराने रंजिश को लेकर की गई मारपीट का प्राथमिक थाना में दर्ज किया गया । अपने दर्ज आवेदन में कटहराटाड गांव निवासी नौरंगी यादव ने बताया कि मेरा लड़का अखिलेश यादव एवं अजय यादव और उसके साथ दो और साथी लोहजारा गांव के बिशुनदेव यादव एवं विकास यादव चारों लोग मिलकर बोड़वा चौक में खरीदारी कर रहा था तभी वहां पर फतेहपुर करहरा गांव निवासी विकास कुमार , सतीश कुमार , ललन कुमार , महेंद्र कुमार , गौतम कुमार , जितेंद्र कुमार , गुड्डू कुमार सहित दो तीन अज्ञात एकजुट होकर लाठी डंडा से लेस होकर पुराने क्रिकेट मैच में हुए विवाद को लेकर गाली गलौज धक्का मुक्की करने लगा जब इसका विरोध किया तो जबरदस्त तरीके से सभी के साथ मारपीट कर सभी को घायल कर दिया ।जिसका मामला थाना में दर्ज किया गया मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई ।

## राजद ने माय बहीन मान योजना को लेकर निकला प्रचार यात्रा सरकार बनते ही एक महीने के बाद खाते में जाएंगे 2500 रुपए



प्रात : किरण, संवाददाता

गिद्धौर। बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी में राजनीतिक पार्टियों जुट गई है।वहीं राष्ट्रीय जनता दल के झाझा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र यादव के नेतृत्व में माय बहिन मान योजना के प्रचार गाड़ी को पूरे झाझा विधानसभा में घुमकर लोगों को माय बहिन मान योजना के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। उन्होंने वादा किया कि बिहार में हमारे नेता तेजस्वी यादव का सरकार बनते ही बिहार के मुख्यमंत्री बनते ही माय बहिन मान योजना को लागू करेंगे। और महिलाओं को हर महीने 2500रुपये देंगे। उन्होंने कहा कि 2500 लाभार्थी के खाते में जाएंगे। वह भी सरकार बनते ही एक महीने बाद इस योजना की शुरूआत कर देंगे। राजेंद्र यादव ने कहा कि पूरे झाझा विधानसभा में घूम-घूम कर लोगों को योजना के बारे में बता रहे है। उन्होंने कहा लोग गरीबी, बेरोजगारी और महंगाई से त्राहिमाम और परेशान है ।और चाचा कुर्सी बचाने में जुटे हुए है ।वही हमारे नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी को हटाने के लिए मुहिम शुरू की थी,सरकार में आने के बाद 5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी ।इस मौके पर राजकुमार यादव,रंजीत यादव, उमेश यादव,उपेन्द्र यादव,शम्भू कुमार,अशोक यादव,उमाशंकर यादव,सहित दर्जनों राजद कार्यकर्त्ता मौजुद थे।

### बाल सह युवा जागृति समारोह किया जाएगा आयोजित जिसकी तैयारी हुई पूरी

जमुई [ झाझा ] प्रखंड अंतर्गत बैजला पंचायत के बैजला गांव में आदर्श युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार बैजला द्वारा संचालित निःशुल्क बाल संस्कार शाला के वार्षिकोत्सव बाल सह युवा जागृति समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। आदर्श युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि बैजला के हाई स्कूल मैदान में शानदार भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही युवा मन को संबोधित करने हेतु अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई दिया दिल्ली के चीफ कॉर्डिनेटर मनीष कुमार सिंह और पटना के प्रसिद्ध शिक्षक गुरु रहमान सर का शुभ आगमन होने जा रहा है।

सम्पादकीय

## साहित्य और सिनेमा के बीच का सेतु-निमार्ता : श्याम बेनेगल

साहित्य और सिनेमा के बीच हमेशा एक गहन संबंध रहा है। कई बार ऐसा हुआ है कि सिनेमा के लोगों ने अपनी प्रस्तुति का आधार साहित्यिक कृतियों को बनाया है। यह कोई नई बात नहीं है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की कृतियाँ मनभंजन, नौकाडूबी बिचारक आदि, सिनेमा के रूप में परिणत हो चुकी थीं और लेखक इस से संतुष्ट भी थे। लेकिन श्याम बेनेगल के सिनेमा के क्षितिज पर उदित होने से पहले, लेखक और साहित्यकार के बीच यह मधुर संबंध लंबा बना नहीं रहने वाला था, सर्वसम्मति से दोनों वर्गों के बीच किसी एक प्रस्तुतकर्ता को सेतु समान मान लिया जाना आसान नहीं था, लेकिन बेनेगल ने यह कर दिखाया और वह भी बेहतरीन ढंग से। वैसे तो उनकी हर प्रस्तुति इस तथ्य को प्रमाणित करती है लेकिन टेलिविजन और सिनेमा के परदे पर दो प्रस्तुतियाँ, क्रमशः ह्लभारत एक खोजह्व और भूमिका, बेनेगल को सशक्त तरीके से साहित्य और सिनेमा के बीच का एक दक्ष सेतु-निमार्ता प्रमाणित करती हैं। इस से पहले कि इन प्रस्तुतियों पर विचार किया जाए, तत्कालीन परिस्थितियाँ, देश और विश्व की, सिनेमा के क्षेत्र में, समझ ली जाएँ तब चीजों को समझना और उनपर मनन करना और भी आसान हो जाएगा। एक तरफ अमृतलाल नागर और प्रेमचंद जैसे साहित्यकार क्षुब्ध होकर सिनेमा की दुनिया से लौट रहे थे और वहीं उपेन्द्रनाथ अश्क, साहिर और जां निसार अख्तर जैसे उम्दा शायरों को खूब काम भी मिल रहा था। बाद के वर्षों में भी, जिसे हिन्दी सिनेमा का स्वर्णिम काल माना जाता है, बहुत सी कृतियों पर फिल्में बनीं लेकिन रचनाकार संतुष्ट नहीं थे। इसका सबसे बढ़िया उदाहरण है, भारत में अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार आर. के. नारायण द्वारा लिखित उपन्यास गाइड पर देव आनंद द्वारा बनाई गई इसी नाम की फिल्म। नारायण को अपनी कृति पर बनी यह फिल्म बिल्कुल पसंद नहीं आई थी। लेकिन भारत का क्षेत्रीय सिनेमा अभी भी साहित्यकारों पर ही कथानक के लिए आश्रित था। सत्यजित रे, ऋत्विक घटक, बिमल रॉय, राज कपूर जैसे फिल्म निमार्ता और निर्देशकों पर इटालियन नवयथार्थवाद का बहुत प्रभाव था। इटली में दे सीका, रोसेलिनी जैसे फिल्मकारों ने अपनी प्रस्तुतियों में वास्तविकता को प्रधानता देना शुरू कर दिया था। ऐसे प्रयासों में वे कई बार साहित्यिक कृतियों का सहारा लेते थे और अनेक बार वर्तमान और तात्कालिक घटनाक्रम का यथावत चित्रण कर देते थे। इसमे कई बार वे विवाद के घेरे में भी फंस जाते थे। इसका एक उदाहरण है मशहूर अभिनेत्री नरगिस दत्त द्वारा सत्यजित रे की पहली फिल्म पथेर पांचाली जो 1955 में आई थी, उसमे किये गए भारत की गरीबी के चित्रण पर, संसद में प्रश्न उठाना, वह भी पच्चीस वर्ष बाद। ब्रिटेन के लेखक एंड्रयू रॉबिंसन ने अपनी किताब द इनर आई में इस विवाद का ज़िक्र भी किया है। नरगिस जी की आपत्ति इस बात पर थी कि जिस गरीबी का चित्रण उस फि ल्म में किया गया है, वह अपवाद हो सकता है लेकिन वास्तविकता से बहुत दूर है। अपनी कृतियों के गलत या भ्रामक चित्रण का डर साहित्यकारों में सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी खूब रहा है। कई बार साहित्यकार इस से संतुष्ट भी हुए हैं और बहुत बार अपनी कृतियों को छोटे या बड़े परदों पर प्रस्तुत करने की अनुमति तक नहीं दी है। इसके भी प्रमाण हमारे पास उपलब्ध हैं। प्रसिद्ध जर्मन उपन्यासकार गुंटर ग्रास के उपन्यास ह्लद टिन ड्रमह्व पर आधारित फिल्म, इसी नाम से 1979 में, जब श्लॉनडॉर्फ ने बनाई, तब ग्रास इसे देख कर संतुष्ट हुए लेकिन जब नोबेल पुरस्कार प्राप्त उपन्यासकार गैबरियल गार्सिया मारकुएज के उपन्यास ह्लवन हंड्रेड इयर्स ऑफ सौलिटियूडह्व पर सिनेमा बनाने वालों ने अनुमति मांगी, उन्होंने साफ मना कर दिया। वहीं उनके एक दूसरे उपन्यास, क्रानिकल ऑफ अ डेथ फोरटोल्ड पर आधारित फिल्म, इटालियन फिल्मकार फ्रान्चेस्को रोस्सी ने बनाई और ये उन्हें ठीक भी लगी। अभी के समय में ऐतिहासिक प्रस्तुतियाँ तुरंत विवाद के घेरे में आ जाती हैं और इसका कारण है ऐतिहासिक प्रमाणिकता का प्रश्न। ऐसा साहित्य, जो ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर लिखा गया हो, चाक्षुष माध्यम से उसकी प्रस्तुति और भी चुनौतीपूर्ण हो जाती है। श्याम बेनेगल ने इस चुनौती को स्वीकार किया और दूरदर्शन को उसकी यात्रा के प्रथम दशक में ही एक अविस्मरणीय धारावाहिक बना कर दिया। इतिहास की प्रस्तुति और लेखन, हमेशा प्रश्नों के घेरे में रहे हैं। भारत के परिप्रेक्ष्य में दुविधाएं बढ़ जाती हैं, जब भी इतिहास के लेखन और प्रस्तुति की बात आती है।

## भारत अंतरिक्ष में सैटेलाइट जोड़ने वाला विश्व का चौथा देश बना

भारत ने वर्ष 2025 की शुरूआत के साथ ही अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। इसरो ने अंतरिक्ष में ही स्पेडेक्स मिशन के दो सैटेलाइट मॉड्यूल आपस में जोड़ लिए हैं। इस मिशन में ह्यडॉकिंगह्व की प्रक्रिया पूरी हो गई है। यह क्षमता हासिल करने वाला भारत विश्व का चौथा देश बन गया है। इस मिशन के लिए 30 दिसम्बर, 2024 को सैटेलाइट छोड़े गए थे और बाद में धीमे-धीमे इन सैटेलाइट को पास में लाकर जोड़ दिया गया। इसरो अब इसी मिशन के बाकी लक्ष्य पूरा करने के लिए कदम बढ़ाएगा। इसरो ने 16 जनवरी, 2025 ) को यह जानकारी देते हुए अपने ट्विटर पर लिखा, स्पेस क्राफ्ट डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। यह एक ऐतिहासिक क्षण था। पहले 15 मीटर से 3 मीटर होल्ड पॉइंट तक पास लाया गया। डॉकिंग की शुरूआत सटीकता के साथ हुई, इसके बाद अंतरिक्ष यान को सफलतापूर्वक कैप्चर किया गया। डॉकिंग सफलतापूर्वक पूरी हुई। भारत अंतरिक्ष डॉकिंग को सफल बनाने वाला चौथा देश बन गया। पूरी टीम को बधाई ! भारत को बधाई ! इसरो की इस सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बधाई दी है। उन्होंने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, सैटेलाइट की अंतरिक्ष डॉकिंग में सफलता के लिए सफल प्रदर्शन के लिए इसरो के हमारे वैज्ञानिकों और पूरे समुदाय को बधाई। यह आने वाले वर्षों में भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशनों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मिशन की सफलता भारत को अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन बनाने, अपने अंतरिक्ष यात्री को भेजने और बाकी स्पेस मिशन पूरे करने में मदद करेगी। इसरो ने जो प्रक्रिया पूरी की है उसे डॉकिंग कहा जाता है। डॉकिंग से पहले दोनों सैटेलाइट मॉड्यूल अलग थे। इसरो द्वारा लॉन्च किए गए मिशन में से एसडीएक्स-01 चेसर सैटेलाइट है जबकि एसडीएक्स -02 टार्गेट सैटेलाइट है। इसका मतलब है कि एसडीएक्स -01 कक्षा में स्थापित किए जाने के बाद एसडीएक्स -02 की तरफ बढ़ा और अंत में दोनों जुड़ गए। पीएसएलवी सी -60 रॉकेट ने इन्हें आपस में लगभग 20 किलोमीटर की दूरी पर छोड़ा था। इसके बाद इन्हें जोड़ने की प्रक्रिया चालू की गई। दोनों सैटेलाइट को जोड़ने की प्रक्रिया यानि डॉकिंग 7 जनवरी, 2025 को चालू की गई। इसके लिए सबसे पहले दोनों को 20 किलोमीटर की दूरी पर रोका गया था। इसके बाद टार्गेट सैटेलाइट एसडीएक्स-01 को स्टार्ट किया गया। 10 जनवरी, 2025 को यह दोनों 1.5 किलोमीटर पास लाए गए। 11 जनवरी को 225 मीटर पर लाए गए। 12 जनवरी को यह 100 मीटर पर आए। इस बाद इसरो ने इन्हें 15 मीटर और फिर 3 मीटर करीब लाया। दोनों को फिर वापस 15 मीटर पर ले जाया गया। इसके बाद 16 जनवरी, 2025 की सुबह दोनों मॉड्यूल आपस में जोड़ दिए गए। अब इन पर आगे और भी प्रयोग भी किए जाएँगे। अब सारे प्रयोग पूरे होने के बाद दोनों सैटेलाइट को अनडॉक यानी एक-दूसरे से अलग भी किया जाएगा। यह दोनों इसके बाद लगभग 2 साल तक अलग-अलग प्रयोग में काम आएँगे। एसडीएक्स-01 सैटेलाइट पर छोटे कैमरे भी लगे हुए हैं। यह कैमरे इसके बाद तस्वीरें और वीडियो लेंगे। इसके अलावा भी इस पर कई सेंसर लगे हैं। यह सेंसर अंतरिक्ष में होने वाली गतिविधियों का पता लगाएँगे। इनमें से एक सेंसर रेडियेशन का स्तर भी मापेगा। इन सैटेलाइट को भारत में स्थित सैटेलाइट नियंत्रण सेंटर से नियंत्रित किया जाएगा। जानकारी के अनुसार इसरो ने सोमवार को रात 10 बजे श्रीहरिकोटा में स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी सी-60 रॉकेट लॉन्च किया था। इस रॉकेट पर कुल 24 सैटेलाइट लदे हुए थे। इनमें से सबसे प्रमुख दो सैटेलाइट थे, जिनकी डॉकिंग होनी थी। इसरो ने इन सैटेलाइट को सफलतापूर्वक अब अंतरिक्ष में ही जोड़ लिया।

# आकाश में नए द्वार खोलती भारत की अंतरिक्ष डॉकिंग

**भारत सरकार ने भी पिछले साल घोषणा की थी कि 2035 तक देश का अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया जाएगा। इस दिशा में स्पेडेक्स जैसी सफलताएँ भारत को और आगे ले जाएंगी। अंतरिक्ष में भारत की यह उपलब्धि दुनियाभर में सराहना का केंद्र बनी हुई है। देशभर में भी हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग को अंजाम दिया। इस अद्भुत उपलब्धि के साथ भारत अंतरिक्ष में दो स्पेसक्राफ्ट को सफलतापूर्वक जोड़ने वाला चौथा देश बन गया है।**





**डॉ सत्यवान सौरभ**
लेखक

हाल ही में, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अंतरिक्ष डॉकिंग का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया। इसरो द्वारा पीएसएलवी-सी60 मिशन ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिसमें दो उपग्रहों के अंतरिक्ष में एक दूसरे से मिलने और डॉक करने की क्षमता का प्रदर्शन किया गया। अंतरिक्ष डॉकिंग कक्षा में दो अंतरिक्ष यान को जोड़ने की प्रक्रिया है। इसमें तेज गति से चलने वाले अंतरिक्ष यान को एक ही कक्षीय प्रक्षेप पथ पर लाना, उन्हें मैन्युअल रूप से या स्वायत्त रूप से एक दूसरे के करीब लाना और अंत में उन्हें यांत्रिक रूप से एक साथ लॉक करना शामिल है। यह क्षमता जटिल अंतरिक्ष मिशनों के लिए महत्त्वपूर्ण है, जिसमें अंतरिक्ष स्टेशनों को इकट्ठा करना, चालक दल का आदान-प्रदान करना और आपूर्ति पहुँचाना शामिल है। संयुक्त राज्य अमेरिका में (1966) पहली डॉकिंग नासा के जेमिनी श्क्क्क मिशन के दौरान हासिल की गई थी, जहाँ अंतरिक्ष यान एजेना लक्ष्य वाहन के साथ डॉक किया गया था। यूएसएसआर ने कोस्मोस 186 और कोस्मोस 188 के बीच पहली मानवरहित, स्वचालित डॉकिंग का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि ने 1967 में अंतरिक्ष दौड़ के दौरान उनकी इंजीनियरिंग क्षमता को रेखांकित किया। चीन के मानवरहित शेनझोउ 8 अंतरिक्ष यान ने 2011 में तियांगोंग 1 अंतरिक्ष प्रयोगशाला के साथ डॉक किया। एक साल बाद, देश ने शेनझोउ 9 मिशन के साथ अपनी पहली मानवयुक्त डॉकिंग हासिल की। भारतीय डॉकिंग सिस्टम (बीडीएस) के बारे में 2010 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय डॉकिंग सिस्टम मानक (आईडीएसएस) अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के साथ अंतरिक्ष यान डॉकिंग को नियंत्रित करता है। भारत एक उभयलिंगी डॉकिंग प्रणाली का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है कि चेजर और टारगेट दोनों उपग्रहों पर समान प्रणालियाँ मौजूद हैं। आईडीएसएस के समान लेकिन आईडीएसएस डिजाइन में 24 मोटर्स के बजाय दो मोटर्स का उपयोग करता है। उन्नत सेंसर और प्रौद्योगिकी जिसमें सटीक माप के लिए अभिनव सेंसर शामिल हैं, जिनमें शामिल हैः लेजर रेंज फाइंडर, रेंडेजवस सेंसर और प्रॉक्सिमिटी और डॉकिंग सेंसर। ये सेंसर सटीक दृष्टिकोण और डॉकिंग प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाते हैं। इसमें सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम से प्रेरित एक नया प्रोसेसर है। साथ ही, अंतरिक्ष यान की सापेक्ष स्थिति और वेग निर्धारित करता है। यह भविष्य की स्वायत्त डॉकिंग प्रणालियों के अग्रदूत के रूप में कार्य करता है। साथ ही, उपग्रह-आधारित नेविगेशन डेटा पर निर्भर किए बिना डॉकिंग प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। डॉकिंग तकनीक कक्षा में बड़े अंतरिक्ष यान के निर्माण की अनुमति देती है, जो मंगल अन्वेषण जैसे गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक है। चंद्र मिशनों के लिए समर्थनः डॉकिंग इसरो के चंद्रयान-4 चंद्र नमूना वापसी मिशन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जिससे अधिक उन्नत और जटिल अंतरिक्ष संचालन संभव हो पाता है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए इसरो की योजना कक्षीय पुनःपूर्ति और चालक दल के मिशनों का समर्थन करने के लिए डॉकिंग तकनीक पर निर्भर करती है। स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों में महत्त्वाकांक्षी भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है। भारत ने अंतरिक्ष विज्ञान में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो ने ह्यस्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंटह्व स्पेडेक्स के तहत दो उपग्रहों की सफल डॉकिंग को अंजाम दिया।

मिशन साबित करता है कि उच्च-स्तरीय अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों को न्यूनतम व्यय के साथ विकसित और प्रदर्शित किया जा सकता है। यह अंतरिक्ष यान के लिए डॉकिंग प्रौद्योगिकियों का विकास और प्रदर्शन करेगा और डॉक किए गए अंतरिक्ष यान के बीच बिजली हस्तांतरण को सक्षम करेगा। अंतरिक्ष यान के परिचालन जीवन को बढ़ाने के लिए डॉक की गई स्थितियों में नियंत्रण क्षमता को बढ़ाएगा। विमान लेजर रेंज फाइंडर और रेंडेजवस सेंसर जैसे उन्नत सेंसर से लैस है। रिएक्शन व्हील, मैग्नेटोमीटर और थ्रस्टर्स के साथ मजबूत रवैया और कक्षा नियंत्रण प्रणाली। मोटर चालित कैप्चर, रिट्रैक्शन और रिजिडाइजेशन क्षमताओं के साथ डॉकिंग मैकेनिज्म। स्पैडेक्स मिशन अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए इसरो के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दशार्ता है, जो अंतरिक्ष अन्वेषण और अंतरग्रहीय मिशनों में महत्त्वाकांक्षी भविष्य के प्रयासों का मार्ग प्रशस्त करता है। अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियों ने एक बड़ी छलांग लगाई है, जब पीएसएलवी-सी60 ने अंतरिक्ष डॉकिंग प्रयोग (स्पाडेक्स) को प्रक्षेपित किया, जिससे स्वायत्त अंतरिक्ष यान डॉकिंग के लिए भारत की उन्नत प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन हुआ।

स्पैडेक्स मिशन में दो छोटे अंतरिक्ष यान, एसडीएक्स01 और एसडीएक्स02 शामिल हैं, जो स्वचालित रूप से कक्षा में स्थापित होंगे, जिससे कक्षा में उपग्रह की सर्विसिंग, ईंधन भरने और भविष्य में अंतरिक्ष स्टेशन जैसी बड़े पैमाने की परियोजनाओं के लिए मार्ग प्रशस्त होगा। सार्वजनिक-निजी सहयोग द्वारा समर्थित यह ऐतिहासिक मिशन, अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते नेतृत्व की पुष्टि करता है तथा वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में अधिक अंतरग्रहीय और वाणिज्यिक उपक्रमों के लिए उसे तैयार करता है। इसके अलावा, इस मिशन के लिए इस्तेमाल की गई अत्याधुनिक तकनीक अंतरिक्ष अन्वेषण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। स्पैडेक्स परियोजना न केवल भारत के मौजूदा अंतरिक्ष अन्वेषण लक्ष्यों के लिए बल्कि समग्र रूप से अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था के लिए भी एक महत्त्वपूर्ण कदम बन गई है। इस मिशन से मिले सबक वैश्विक अंतरिक्ष समुदाय में गूंजेंगे और भविष्य के सहयोग को प्रेरित करेंगे।

# पांच साला सरकार चुनें, फ्री स्कीम ठुकराएं

**पश्चिम बंगाल में ज्योति बसु और उड़ीसा में पटनायक सरकार लंबे समय तक सत्ता में रहती हैं तो अपने कार्यों से। उस दौर में तब इस तरह की योजना के बारे में सोचना भी कल्पना से बाहर है। परन्तु आज हालत वो नहीं हैं। आज दलों को सत्ता चाहिए और मतदाताओं को मुफ्त का माल। इस मुफ्तखोरी से ना केवल राज्य की आर्थिक स्थिति छिन्न भिन्न हो रही है बल्कि प्रदेश का नागरिक अब काम नहीं करना चाहते हैं। उन्हें पता है कि जरूरत के लायक सरकार तो दे रही है। इसी के चलते पांच साला सरकार की अवधारणा ध्वस्त हो रही है। इस मुफ्तखोरी में एक बड़ा कारण अशिक्षा के साथ जागरूकता का नहीं होना भी है। अगर समाज नहीं चेता तो कोई हमें हिमाचल बनने से नहीं रोक पाएगा। मुफ्त की जगह रोजी रोजगार मांगिए ताकि आने वाली पीढ़ी को आप जवाब दे सकें।**





**मनोज कुमार अग्रवाल**
लेखक

इस समय देश के कई राज्यों की सरकार अंगद के पैर तरह जम गई हैं। एक लंबे समय तक सत्ता में रहने से निरंकुशता आ जाती है, जो दिख रही है। भ्रष्टाचार की परते लगातार खुलती रही है लेकिन इस समय जिस व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार सामने आ रहा है, वह स्तब्ध कर देने वाला है। यह बीमारी किसी एक राज्य या किसी एक व्यक्ति तक नहीं है बल्कि सब शामिल हैं इसमें। कौन कितना किया या कर पाया, व्यक्ति की नैतिकता पर भी निर्भर करता है। नैतिकता की बात भी बेमानी हो गई है। एक शब्द राजनैतिक हुआ था जो आज राजनीति हो गया है। दोनों को गौर से देखेंगे तो राज के साथ नैतिक शब्द था, वह विलोपित हो गया और इसके स्थान पर नीति चलन में आ गया है। कहावत है युद्ध और प्रेम में सब जायज है और जब राज अर्थात सत्ता की बात करते हैं तब नीति, कुनीति को जायज मान लिया गया है। जब सत्ता सिर चढ़ कर बोलता है, तब स्वाभाविक रूप से सब जायज हो जाता है। बहरहाल, देश में वन इलेक्शन, वन नेशन की तैयारी है, तब इस बात पर भी मंथन किया जाना चाहिए कि संविधान के अनुरूप सरकार पांच वर्ष के लिए निर्वाचित होती थी। किन्तु मुफ़्त योजनाओं ने सारे पैमाने ध्वस्त करते हुए अंगद के पांव की तरह जमे हुए। ऐसे में भ्रष्टचार की गंगा बह रही है। एक दौर था जब मतदाता पाँच साल होते ही सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया करते थे, आज वही मतदाता बीस बीस साल के लिए सरकारों की ताजपोशी कर रही है। मतदाताओ को भी जीवन की बुनियादी सुविधाओं से ज्यादा मुफ़्त का आनंद चाहिए। सत्ता को यह रास्ता आसान लगा और उसके बाद सत्ता ने मुफ़्त की बंटाई शुरू कर दी। जहां तक याद पड़ता है कि मुफ्त चावल बांटने की शुरूवात दक्षिण से हुई थी। छत्तीसगढ़ के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को चाउर वाले बाबा के नाम से प्रसिद्धि मिली। फिर मध्य प्रदेश में तत्कालीन शिवराज सिंह सरकार ने मुफ़्त की ऐसी मोहक योजनाओं का श्रीगणेश किया कि उनकी विजय सुनिश्चित होती थी। शिवराज सिंह सरकार के इन योजनाओं को अनेक राज्यों ने जस का तस लागू कर दिया। शिवराज सरकार ने जब लाडली बेटी या किसान कल्याण की योजना शुरू तो उसका स्वागत किया गया। यह जरूरी था। बच्चियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था जो उनके लिए शिक्षा के नए द्वार खोलता है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार बेटियों को स्कूल नहीं भेजा करते थे, अब वह बच्चियां अपने पैरों पर खड़ी हो रहीं हैं। उन्हें गणवेश, पाठ्य पुस्तक, साइकिल देकर बेटियों को मुख्यधारा में लाने का सुंदर कार्य किया। इनमें किसान कल्याण योजना भी एक है। शासकीय सेवकों की जिम्मेदारी तय करने के लिए लोक सेवा गारंटी कानून लाया गया। यह कानून पहली बार बना था। अब कौन शासकीय सेवक, कितना जिम्मेदार है, इसके लिए विशद रूप से समीक्षा की जानी चाहिए। इसके बाद शिवराज सरकार ने मुफ़्त की इतनी योजना आरम्भ की कि वह उनकी सत्ता में वापसी की गारंटी हो गई। इसमें मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन और उनके कार्यकाल की अंतिम लोक लुभावन योजना लाडली बहना ने राज्य के बजट का पूरा समीकरण बिगाड़ दिया। अनेक राज्यों को इस योजना सत्ता में वापसी की गारंटी मिल गई। महाराष्ट्र और झारखंड में इसी आधार पर चुनाव जीतने की बात राजनीतिक गलियों में कही सुनी गई। अब खबर आ रही है कि वर्तमान डॉ. मोहन यादव सरकार लाडली बहना की समीक्षा कर उन नामों को हटा रही है जो योजना की शर्तें पूरी नहीं करते हैं। मीडिया इसे लेकर बवाल काट रही है और एक सही फैसले की तरह जाती सरकार को रोक रही है। जब सरकार इन खर्चों और प्रदेश की जरूरत के अनुरूप बाजार से ऋण लेती है, तब भी मीडिया हल्ला मचाता है कि प्रदेश का कर्ज. बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सरकार के खिलाफ मानसिकता बनती है। मीडिया को राज्य के प्रति जिम्मेदार होना चाहिए और समाज को सकारात्मक मैसेज दिया जाना चाहिए। प्रतिपक्ष भी ऐसे अनेक हवा हवाई ऐलान कर देता है क्योंकि उसे पता है सत्ता में वापस नहीं आ रहे है तो मतदाता के मन में आस तो पैदा कर दो और सत्ता के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दे। मीडिया की तरह प्रतिपक्ष भी सरकार को बाजार से कर्ज लेने पर कटघरे में खड़ी करती है। प्रतिपक्ष सरकार से सवाल करे, उसके कार्यों की समीक्षा करे, यह उसका राज्य के प्रति जिम्मेदारी है और प्रतिपक्ष होने के नाते भी। हिमाचल प्रदेश जिस खस्ताहाल आर्थिक स्थिति में है, उसका खुलासा हो चुका है लेकिन राजनीतिक समीक्षकों के संज्ञान में होगा कि और कितने राज्य हिमाचल के रास्ते पर हैं। दिल्ली की आप सरकार ने तो मुफ़्त की योजनाओं की बाढ़ लगा दी। इसके बाद आप सरकार के जो कथित तौर पर गोलमाल खुला तो तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल की यात्रा करनी पड़ी। दिल्ली के दंगल में तो जैसे बंटाई का ऐलान हो रहा, वह हैरान कर देने वाला है। कांग्रेस दिल्ली की सत्ता से दूर है लेकिन उसका भी वायदा प्रति माह साढे आठ हजार रुपए देने का है। लोकपाल को लेकर देशव्यापी आंदोलन से उपजी आप पार्टी में सब एक दूसरे के कंधे पर सवार होने लगे। इस आंदोलन ने आप को सत्ता की चाबी सौंप दी। इसमें चतुर केजरीवाल ने धीरे धीरे सबको किनारे कर दिया। उनके विश्वस्त सहयोगी एवं कवि कुमार विश्वास को आप का साथ छोड़ना पड़ा। हालांकि कुमार को उम्मीद थी कि उनकी राज्यसभा की टिकट पक्की लेकिन कुछ नहीं मिला। केजरीवाल इतने घुटे हुए राजनेता हैं कि वे कभी कुमार के सवालों या आरोप का कोई जवाब नहीं दिया। इस समय आप पार्टी की फ्री स्कीम उन्हें सत्ता में वापसी करती है या बाहर का रास्ता दिखाती है। दिल्ली के मतदाता फ्री स्कीम को भूल जाते हैं और अपने विवेक से सरकार चुनते हैं तो इस बात की आश्वस्ति है कि अब समय बदलाव वाला आ गया है।

## सामयिक बिश्लेषण : कृषि की ठोस नीति हल्दी आयोग

प्रभुनाथ शुक्ल

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने दिल्ली में हल्दी बोर्ड के गठन की घोषणा की है। गंगा रेड्डी को बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इससे हल्दी की उन्नतशील खेती में किसानों को जहाँ मदद मिलेगी दूसरी तरफ वैश्विक बाजार पर भारत का सौ फीसदी कब्जा होगा। क्योंकि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हल्दी उत्पादन और खपत करने वाला देश है। वैश्विक जरूरत की 70 फीसदी की आपूर्ति भारत करता है। हल्दी के निर्यात को पांच साल में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। हल्दी हमारे संस्कृति और संस्कार में बसी है। हाथ पीले करने के लिए हल्दी आवश्यक है। हमारे यहाँ हल्दी को शुभ माना जाता है। हमारे यहाँ कोई भी संस्कार बगैर हल्दी के संम्पन्न नहीं होता है। जीवन के आगमन और महाप्रयाण में भी हल्दी का अपना महत्व है। हल्दी आयुर्वेद की सबसे गुणकारी औषधि है यह एंटीबायोटिक भी है। लेकिन अब भारतीय हल्दी किसानों के लिए एक अच्छी खबर आयी है। केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों की 40 सालों से चली आ रही लबी मांग को मान लिया है। सरकार ने हल्दी आयोग का गठित करने की अधिसूचना जारी कर दिया है। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निजामबाद में होगा। देश के हल्दी किसान जहाँ संवृद्ध होंगे वहीं हल्दी निर्यात में भारत का अपना दबदबा होगा। भारत में सबसे अधिक हल्दी का उत्पादन दक्षिण भारत में होता है। आयोग के गठन से जहाँ हल्दी की नई -नई प्रजातियों का विकास होगा। इसके अलावा हल्दी का कृषि क्षेत्र राष्ट्रीय स्तर पर व्यपाक होगा। देश के दूसरे हिस्सों में भी शोध के जरिए जलवायु और मिट्टी की गुणवत्ता से हल्दी की नई प्रजाति का विकास कर इसके उत्पादन को और व्यापक बनाया जा सकता है। इससे जहाँ हल्दी के किसानों की आय दोगुनी होगी वहीं दुनिया के हल्दी बाजार पर भारत का एकाधिकार होगा। देश के तकरीबन 20 राज्यों में हल्दी की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और मेघालय जैसे राज्य शामिल हैं। हल्दी बोर्ड जहाँ अच्छे उत्पादन देने वाली किस्मों का विकास करेगा। जिसका लाभ देश के किसानों को मिलेगा। हल्दी से जहाँ कई दवाएं बनती है वहीं सौंदर्य प्रसाधन में भी हल्दी का प्रयोग होता है। हमारे जीवन में हल्दी का बहुत उपयोग है। निश्चित रूप से हल्दी बोर्ड सरकार के अन्य मंत्रालयों और विभागों से मिलकर हल्दी के निर्यात की रणनीति बनाएगा। भारत ने बीते साल 2023-2024 में 226.5 मिलियन डॉलर की हल्दी का निर्यात किया। कुल 1.62 लाख टन हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। बोर्ड के गठन के कृषि वैज्ञानिकों के अनुसन्धान से गुणवता परक हल्दी का निर्यात ग्लोबल स्तर पर होगा। भारत को एक टिकाऊ स्पर्धा का बाजार उपलब्ध कराएगा। इससे जहाँ हल्दी का उत्पादन बढ़ेगा वहीं निर्यात से विदेशी मुद्रा भंडार में भी वृद्धि होगी। सरकार को परम्परागत कृषि को संवृद्ध करने के साथसाथ औषधिय खेती और दूसरे कृषि उत्पाद पर भी इस तरह के आयोग का गठन करना चाहिए। जिसका प्रभाव दुनिया के कृषि बाजार पर व्यपाक होगा। देश का किसान जहाँ आर्थिक रूप से संवृद्ध होगा और दूसरी तरफ भारतीय कृषि उत्पादों का एकाधिकार बढ़ेगा। कृषि के वैश्विक बाजार पर पकड़ बनाने के लिए भारत के पास अपार संभवानाएं हैं। अब सरकार किसानों के लिए कितना कुछ कर पाती है यह उस पर निर्भर है। भारत में गतवर्ष यानी 2023-2024 में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में हल्दी की खेती कर 10.74 लाख टन उत्पादन किया गया। हमारे यहाँ हल्दी की तीस प्रजातियों की खेती की जाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 3.24 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और इस दौरान उत्पादन 11.61 लाख टन रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है और यहां हल्दी की 30 किस्में उत्पादित की जाती हैं। सरकार को उम्मीद है की पांच साल यानी 2030 तक हल्दी निर्यात एक बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा। केंद्र ने हल्दी बोर्ड के गठन की अधिसूचना जारी कर दिया है। दुनिया के हल्दी उत्पादन में भारत अग्रणी है। यह विश्व के कुल हल्दी उत्पादन का 60 से 70 फीसदी उत्पादन किया जाता है। साल 2022 और 2023 में 380 देशों को हल्दी और उससे जुड़े उत्पादों का निर्यात किया गया। जिससे 207.45 मिलियन अमरीकी डॉलर की आय हुई। भारत के प्रमुख हल्दी आयातकों में अमेरिका, यूएई, मलेशिया और बांग्लादेश शामिल हैं। हल्दी आयोग का निश्चित रूप से एक खुली पारदर्शी कृषि नीति है। हल्दी की खेती करने वालों के लिए एक सुखद परिणाम लेकर आएगी।

# महाकुंभ 2025: महाकुंभ सेवा को मिला 101 साल पुराने संगठन का साथ



प्रातः किरण संवाददाता

प्रयागराज। जहां एक और महाकुंभ 2025 श्रृद्धालुओं के उत्साह के मामले में नित नए रिकॉर्ड तोड़ रहा है वहीं देशभर के उद्योगपति भी कुंभ मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं की सेवा में लगे हैं।ऐसा ही काम देश के अग्रणी उद्योगपति गौतम अदाणी 101 साल पुराने संगठन के साथ मिल कर कर रहे हैं। उस संगठन का नाम है गीता प्रेस। गीता प्रेस दुनियाभर में हिंदू धर्म से जुड़े साहित्य के प्रकाशन और प्रचार-प्रसार का सबसे बड़ा संगठन है। गीता प्रेस और अदाणी समहू मिल कर श्रृद्धालुओं को मुफ्त में आरती संग्रह उपहार स्वरूप दे रहे हैं। इस आरती संग्रह का वितरण महाकुंभ मेला क्षेत्र में अलग-अलग जगहों पर वैन और स्टॉल लगाकर किया जा रहा है। मेला क्षेत्र में 10 मोबाइल वैन आरती संग्रह वितरण के कार्य में लगी हैं।

साल 1923 में उर्दू बाजार गोरखपुर उत्तर प्रदेश में 10 रुपये महीने के किराए पर एक कमरा लिया गया और वहीं से शुरू हुआ गीता प्रेस का सफर गया। धीरे-धीरे गीताप्रेस का निर्माण हुआ और इसकी वजह से न सिर्फ हिंदू संस्कृति बल्कि पूरे विश्व में गोरखपुर को एक अलग पहचान मिली। 29 अप्रैल, 1955 को भारत के तत्कालीन व प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद ने गीताप्रेस भवन के मुख्य द्वार व लीला चित्र मंदिर का उद्घाटन किया था। चार जून, 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने गीताप्रेस में शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारंभ किया था।गीता प्रेस के साथ आरती संग्रह वितरण की शुरूआत के साथ ही अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने भारतीय आध्यात्मिकता के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया है। इस सांस्कृतिक यात्रा में इस संकल्प के तहत आरती संग्रह की 1 करोड़ प्रतियां बांटने का लक्ष्य रखा गया है। इस आरती संग्रह में देवी-देवताओं की 102 आरतियां शामिल हैं। इसमें वैदिक आरतियां, गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, लक्ष्मी-नारायण, दशावतार, श्रीराम, कृष्ण, दुर्गा आदि की आरती शामिल है गीताप्रेस तीन प्रकार की आरती संग्रह पुस्तकें प्रकाशित करता है।

महाकुंभ के सेक्टर-19 में अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर 40 स्थानों पर महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था की है। यहां हर दिन तकरीबन 1 लाख श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। असहाय, दिव्यांग, बुजुर्ग और छोटे बच्चों वाली माताओं के लिए मुफ्त गोल्फ कार्ट सेवा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे श्रद्धालुओं को त्रिवेणी स्नान और धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने में आसानी हो रही है।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर बदमाश को किया गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

दरभंगा। सदर थानाक्षेत्र के रानीपुर स्थित दरभंगा-मुजफ्फरपुर फोरलेन पर बीती रात गोविंदा पेट्रोल पंप पर कुछ बदमाशों ने रंगदारी में पेट्रोल भराने की कोशिश की। विरोध करने पर नोजल मैन सहित मैनेजर मोहनपुर निवासी रंजीत यादव के साथ मारपीट की। मैनेजर के गले में मफलर लगाकर गला दबाने की कोशिश की। इस बीच मैनेजर के जब से तीन हजार रुपये और काउंटर सोने की हनुमानी लाकेट छिनकर सभी बदमाश फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस हरकत में आई। इसके बाद सीसी कैमरे को खंगाला गया। आस-पास के लोगों से फुटेज की पहचान कराई गई। इसके बाद ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। इस दौरान विश्वविद्यालय थानाक्षेत्र के बेला मोहल्ला स्थित रवि कुमार मंडल के घर छापेमारी की गई। जहां से रवि सहित बेला निवासी राजू कुमार यादव, रिजित पासवान, कटहलबाड़ी निवासी सोनू कुमार पूर्वे और लहेरियासराय थानाक्षेत्र के रहमगंज निवासी हिमांशु कुमार को दबोच लिया गया है। घर के बाहर से वारदात में इस्तेमाल किए गए दो बुलेट बाइक को भी पुलिस ने जब्त कर लिया। तलाशी के क्रम में पेट्रोल पंप के लाकर से छिनी गई सोने की लाकेट को भी पुलिस ने बरामद कर लिया। सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांचों आरोपितों को दबोच लिया। जब्त दोनों बुलेट बाइक की सत्यापन कराई जा रही है। सभी आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उधर, बताया जाता है कि जब्त दो बुलेट बाइक में एक राजद नेता का है। जिसे राजद नेता का चालक इस्तेमाल करता है और वारदात में शामिल होने के कारण उसे गिरफ्तार किया गया है। बहरहाल, पुलिस इस दिशा में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है।

उधर, दर्ज प्राथमिकी में पंप मैनेजर ने कहा है कि सभी आरोपित उनके नोजल मैन से जबरन पेट्रोल भराने की कोशिश कर रहे थे। रुपया मांगने पर सभी ने कहा कि रंगदारी में पेट्रोल देना होगा। विरोध करने पर नोजल मैन के साथ सभी मारपीट करने लगे। आवाज सुनकर जब पहुंचे तो मेरे साथ भी मारपीट की। गला दबाकर मारने की कोशिश की और जेब सहित काउंटर से रुपये व सोने की लाकेट छिनकर फरार हो गए।भला कैसे स्मार्ट मीटर लगाने की नसीहत दे सकता है? ऐसे में यह कहा जा सकता है की निश्चित तौर पर सामान्य और स्मार्ट मीटर की बिलिंग में बहुत अंतर है, जिसका विरोध लोगों द्वारा किया जा रहा है।

# अमित सोलंकी लोजपा (रा) छात्र प्रकोष्ठ प्रदेश महासचिव बने, लोजपा ने हर्ष व्यक्त की

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। अमित सोलंकी धोबहा, आरा निवासी को प्रदेश कार्यालय पटना द्वारा लोजपा रामविलास छात्र प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव पद पर छात्र प्रकोष्ट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सत्य प्रकाश, संसदीय बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष हुलास पांडे आदि संयुक्त रूप से उन्हें मनोनयन पत्र दिया है।अमित सोलंकी को प्रदेश महासचिव छात्र प्रकोष्ठ पद पर बनाए जाने पर भोजपुर जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान, छात्र प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विकास सिंह, संसदीय बोर्ड कार्यकारी अध्यक्ष राजेश साहू, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष मनोज पासवान, विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अधिवक्ता धीरज कुमार, महिला प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष बबिता चौधरी, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सोनू सिंह उर्फ राधे श्याम सिंह, कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष रामजी पासवान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष शाहनवाज बलि खान, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लीला शर्मा, कुंवर उपेंद्र सिंह, सुरेंद्र आजाद, विनोद कुमार, संतोष पासवान, रवि गुप्ता, प्रमोद पासवान, अशोक कुमार आदि थे।

# व्यक्ति जन्म से नहीं अपनी सोच और प्रयास से बनता है बड़ा:संजीव कुमार स्टेट बैंक ने महादलित बच्चों के बीच किया स्वेटर वितरण

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा आज अनाइठ मध्य विद्यालय में नई आशा के सेतु केन्द्र के महादलित बच्चे-बच्चियों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। अवसर पर स्टेट बैंक के रीजनल मैनेजर संजीव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्टेट बैंक सिर्फ जमा, ऋण और बीमा आदि के क्षेत्रों में ही कार्य नहीं करती बल्कि अन्य सामाजिक सेवाओं में भी बढ़-कर कर भागीदारी निभाती है। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति जन्म से बड़ा नहीं होता। वह अपने प्रयास और सोच से बड़ा होता है। उन्होंने कहा कि मैं भी बोरा पर बैठकर अपनी पढ़ाई की शुरूआत किया था, आज आपके सामने हूँ। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को भी भविष्य में हर संभव सहयोग की बातें कहीं। एसबीआई पकड़ी शाखा के वरीय प्रबंधक रजनीकांत मिश्रा ने बैंक के विभिन्न गतिविधियों की चर्चा करते हुए वहां के शिक्षक-शिक्षिकाओं से एसबीआई द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। अध्यक्षता करते हुए समाजसेवीं इं बबन सिंह ने कहा कि बैंक द्वारा महादलित बच्चों के बीच जाड़े में वस्त्र उपलब्ध कराना सराहनीय कार्य है। उन्होंने बच्चों से नियमित रूप से विद्यालय आने तथा घर पर भी पढ़ने की बातें कहीं। ई श्री सिंह ने उपस्थित अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय से साफ-सफाई के साथ विद्यालय भेजें।

दुनिया में सबसे बड़ी ताकत शिक्षा में ही है। कार्यक्रम का संचालन डॉ भीम सिंह भवेश एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती मंजू कुमारी ने कियां मौके पर वरीय शिक्षक प्रमोद कुमार, कुमार अरविंद सिंह, नई आशा के जिला समन्वयक कुंदन कुमार, मानस कुमार एवं अमन कुमार आदि थे।

# 34 करोड़ की लागत से तारापुर में बनेगा अनुमंडलीय अस्पताल का नया भवन

प्रातः किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। बिहार प्रदेश के चर्चित भाजपा के कद्दावर नेता उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने पिछले महीने जिला मुख्यालय मुंगेर को जोड़ने वाली सबसे महत्वपूर्ण सड़क तारापुर खड़गपुर 12 किलोमीटर दूरी वाली पक्की सड़क का चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ तारापुर में किया था। तो वहीं नए साल में उप मुख्यमंत्री श्री चौधरी के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर का निरीक्षण करने के बाद अस्पताल का कायाकल्प को लेकर नए सिरे से उसके आधारभूत संरचनाओं की जानकारी भी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर बिंदु कुमारी से विस्तार पूर्वक लिया था। जहां मात्र 50 से कुछ अधिक सीटें अस्पताल में मुख्य रूप से रहने की बातें सामने आई थीं।

उसी वक्त निरीक्षण के दौरान ही ऑन स्पॉट उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने पूरा भरोसा जताया था कि जल्द ही 100 सैया वाला नया अस्पताल भवन का निर्माण करने की घोषणा के साथ-साथ कार्य आरंभ कराया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य महाप्रबंधक परियोजना बिहार मेडिकल सर्विस एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव को अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर में 100 सैया के नए भवन निर्माण के लिए प्राक्कलन के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध पत्र भेजा है। बताया जा रहा है कि अनुमंडलीय अस्पताल के नए भवन निर्माण को लेकर मॉडल प्राक्कलन तैयार की गई है। अनुमंडलीय अस्पताल के नए भवन निर्माण के दौरान ही सुविधाओं के तौर पर उसमें पावर फाइटिंग, प्लंबिंग, सबसे ऊपर तल्ले पर जाने के लिए लिफ्ट, गैस पाइपलाइन, इत्यादि के साथ-साथ चारदीवारी का भी निर्माण होना है। पत्र के आलोक में आगे यह भी बताया गया है कि नए भवन का निर्माण 15 महीने में संवेदक को पूर्ण करनी पड़ेगी। अनुमंडलीय अस्पताल तारापुर के नए भवन निर्माण को लेकर क्षेत्र में बिहार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी के प्रति समाज के सभी तपके के लोगों ने इनकी प्रशंसा करते नहीं थक रहे।

# अधिकार सम्मेलन रैली पटना को लेकर लगातार किया जा रहा है प्रखंडों में जनसंपर्क अभियान



प्रातः किरण संवाददाता

पटना में अधिकार रैली को लेकर जिला मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष हरेंद्र प्रसाद यादव ने तीसरे दिन जगदीशपुर प्रखंड और उदवंतनगर प्रखंड का दौरा किया जिसमें जगदीशपुर प्रखंड में प्रखंड सभागार में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्षता पिंटू प्रसाद और संचालन उमेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष मुखिया संघ भोजपुर ने किया ।बैठक शुरू होने से पहले मुखिया संघ जिला अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद यादव को माला और अंगवस्त्र शौल से सम्मानित किया गया ।जिला अध्यक्ष के द्वारा रैली को सफल बनाने का आह्वान किया गया एवं उदवंतनगर प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष सह भोजपुर मुखिया संघ उपाध्यक्ष प्रतिनिधि मिया सिंह ने बैठक की अध्यक्षता किया। बैठक में बिंदुवार पंचायत और प्रखंड के समस्याओं को सुना गया और 28 जनवरी को लेकर विशेष चर्चा की गई इस बैठक में यह तय किया गया कि प्रत्येक पंचायत से कम से कम 50 की संख्या में लोग पटना के रैली में शामिल होंगे।

जगदीशपुर से इस बैठक मे विशेष रूप से उपस्थित मुखियागण उमेश कुमार सिंह उपाध्यक्ष मुखिया संघ भोजपुर सह पंचायत आयर, मुकेश पाल मुखिया प्रतिनिधि बरनाव, सतेन्द्र कुमार पासवान मुखिया प्रतिनिधि चकवा, लालभूषण पंडित मुखिया प्रतिनिधि हरदिया, अजय कुमार मुखिया प्रतिनिधि, शिवजी सिंह मुखिया प्रतिनिधि बभनियाव, मंजीत पासवान मुखिया प्रतिनिधि सिउरुवा, राजू यादव मुखिया प्रतिनिधि कोकिला एवं उदवंतनगर से, बबन पंडित मुखिया एकौना, विनय यादव मुखिया बकरी, विरेंद्र कुमार साह मुखिया छोटा सासाराम, संजीव कुमार सिंह मुखिया कारीसाथ, अभय सिंह मुखिया कुसुमा, राकेश सिंह मुखिया सरथुआ, राजेश सिंह मुखिया उदवंतनगर आदि उपस्थित थे।

# भारतोलन में मेडल प्राप्त खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिला भारतोलन संघ द्वारा भारतोलन में मेडल प्राप्त खिलाड़ियों का सम्मान समारोह स्थानीय वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में जिला सचिव मुकेश कुमार ने किया। जिसका संचालन प्रशिक्षक कुमार विजय ने किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता गुड्डू सिंह बबुआन, यशवन्त नारायण, रोलमो नेता सुनील पाठक, जदयू नेता अभय विश्वास भट्ट, सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक संजय राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुआ। सबसे पहले उपस्थित अतिथियों को आंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद नेशनल एवं राज्यस्तरीय टूनार्मेंट में गोल्ड एवं सिल्वर प्राप्त सभी खिलाड़ियों को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

इसके बाद सभी प्रशिक्षक शैलेश कुमार, सन्तोष कुमार, अंजली कुमारी, कुमार विजय, आयुष राज, जय शंकर, उमेश तिवारी को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि खेल एवं खिलाड़ियों के लिए हम लोग सदैव तैयार है। हमारे खिलाड़ी इतना मेहनत करे कि भोजपुर के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेल में मेडल लाए। अंत मे धन्यवाद ज्ञापन तीरंदाजी के जिला सचिव नीरज कुमार ने किया।

# डीएम ने की विकास कार्यक्रमों की समीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा आज समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला में चल रहे विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। विभिन्न विभागों यथा ग्रामीण विकास, राजस्व, कल्याण, पंचायती राज, आईसीडीएस, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, अल्पसंख्यक कल्याण, श्रम, जीविका, पथ निर्माण, विद्युत, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, नगर विकास, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, मत्स्य, जल संसाधन, कृषि, सामाजिक सुरक्षा, समाज कल्याण, खेल सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई तथा अद्यतन प्रगति का जायजा लिया गया।

2. डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि अधिकारीगण स्व-उतरदायित्व एवं स्व-अनुशासन की भावना से काम करें। सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आम जनता को अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालयों का दौर न लगाना पड़े। छोटे-छोटे कार्यों को लेकर भी लोगों को जिला मुख्यालय एवं अनुमंडल मुख्यालयों में न आना पडे.यह क्षेत्रों में पदस्थापित अधिकारीगण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इसके लिए हर स्तर पर पदाधिकारियों को रिस्पाँसिव होना पड़ेगा। कार्य-संस्कृति को सुदृढ़ रखना होगा। इसके लिए कार्यालयों में सभी कर्मियों तथा अधिकारियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

3. डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि सरकार के लोक कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारी इसके लिए सजग एवं तत्पर रहें। आवश्यकतानुसार अन्तर्विभागीय समन्वय सुनिश्चित कर योजनाओं को ससमय एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें। विकसित बिहार के सात निश्चय एवं अत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय के तहत योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएँ। भूमि उपलब्धता हेतु अपर समाहर्ता के साथ समन्वय करें। प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, पंचायत सरकार भवन, सामुदायिक भवन-सह-वर्कशेड, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शौक्षणिक उत्थान के लिए विद्यालय भवनों एवं छात्रावासों का निर्माण सहित अन्य सभी मामले, जिसमें जमीन खोजा जा रहा है, के बारे में राजस्व विभाग के पदाधिकारियों से समन्वय कर तेजी लाएँ। जो भी योजनाएँ प्रगति पर हैं उसे ससमय पूर्ण करें।

4. डीएम डॉ. सिंह ने नोडल अफसर, डीआरसीसी को निदेश दिया कि आर्थिक हल, युवाओं को बलअंतर्गत बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना तथा कुशल युवा कार्यक्रम का लाभ प्रावधानों के अनुसार युवाओं को मिले, यह सुनिश्चित करें। डीएम डॉ सिंह ने निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुसार उपलब्धि सुनिश्चित करें, लंबित आवेदनों का त्वरित गति से निष्पादन करें तथा युवाओं तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। उप विकास आयुक्त, पटना को इसका अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

5. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के जिला में पदस्थापित अधिकारियों को हर घर नल का जल योजना का नियमित पर्यवेक्षण करने का निर्देश दिया गया।

6. जिलाधिकारी द्वारा पंचायती राज विभाग तथा नगर विकास एवं आवास विभाग के जिला में पदस्थापित अधिकारियों को घर तक पक्की गली नालियाँ योजना का सफल क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया गया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अवशेष वार्ड एवं घरों में मार्च, 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए।

7. जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाईट योजना के तहत मार्च, 2025 तक निर्गत लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण कराने तथा उप विकास आयुक्त को अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

8. हर खेत तक सिंचाई का पानी, कृषि फीडर निर्माण एवं मुख्यमंत्री कृषि विद्युत संबंद्ध योजना का निदेशों के अनुसार क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

9. जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि पंचायत सरकार भवनों के निर्माण का नियमित पर्यवेक्षण करें। समय से कार्य पूर्ण करायें। भूमि चिन्हित करने के कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

10. प्रत्येक ग्राम पंचायत/नगर पंचायत में खेल-कूद को बढ़ावा देने हेतु स्पोट्र्स क्लब का गठन किया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों तथा नगर कार्यपालक पदाधिकारियों को इसके गठन में तेजी लाने का निदेश दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी को सभी संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय कर कार्यों में प्रगति लाने तथा उप विकास आयुक्त, पटना को अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है।

11. प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेल का मैदान बनाया जाना है। जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को खेल मैदान के निर्माण में तेजी लाने का निदेश दिया गया। जिला खेल पदाधिकारी को सभी संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय कर कार्यों में प्रगति लाने तथा उप विकास आयुक्त, पटना को अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया है।

12. जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निदेश दिया कि मुख्यमंत्री महिला उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति/जनजाति उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री अति पिछड़ा वर्ग उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना एवं मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक उद्यमी योजना का विभाग के निदेर्शों के अनुरूप बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करें। लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाएँ। लाभुकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान नियमानुसार ससमय करें।

13. जिलाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत तालाबों/पोखरों, सार्वजनिक कुँओं का जीर्णोद्धार, नए जल स्त्रोतों का सृजन, जल संचयन संरचनाओं को अतिक्रमणमुक्त कराने आदि कार्यों का सरकार के निदेशों के अनुरूप क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया। 14. डीएम डॉ. सिंह ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया कि उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित करने की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करें। मुख्यमंत्री बालिका (इंटरमीडिएट) प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना सहित शिक्षा विभाग की सभी योजनाओं का लाभ प्रावधानों के अनुसार छात्र-छात्राओं को मिले यह सुनिश्चित करें। निदेशालय के डीबीटी कोषांग से समन्वय कर लाभुकों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान सुनिश्चित कराएँ।

# जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर समाहरणालय के सभागार में जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता बैठक का आयोजन किया गया।इस बैठक में उप विकास आयुक्त भोजपुर, नगर आयुक्त भोजपुर, निर्देशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सिविल सर्जन भोजपुर कृषि पदाधिकारी भोजपुर, जिला परियोजना पदाधिकारी नमामि गंगे भोजपुर से जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी-मनरेगा, प्रखंड विकास पदाधिकारी आरा, शाहपुर, एवं बड़हरा और कई विभागों से अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य पर से गंगा कैसे अपने जिले में निर्मल और अविरल बनाया जाए इस विषय पर चर्चा हुआ साथ ही गई विषय पर भी कार्य करने के निर्देश जिला अधिकारी के द्वारा दिए गए।

# प्रमंडलीय आयुक्त के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार चौथे दिन अतिक्रमण-उन्मूलन अभियान चलाया गया

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना श्री मयंक वरवड़े के निदेश पर पटना शहर में आज लगातार चौथे दिन अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर आयुक्त लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फॉलो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें।

प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं।

आयुक्त मयंक वरवड़े ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के कंकड़बाग अंचल में दस बजकर तीस मिनट पूर्वाह्न से दो बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ भूतनाथ शम्प हाउस के दोनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 1 स्टॉल जप्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 7,300/- जुमार्ना वसूल किया गया।

अजीमाबाद अंचल में दस बजे पूर्वाह्न से दो बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जनता होटल से अशोक राजपथ होते हुए खाजेकला तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 8 अवैध बैनर/पोस्टर एवं ठेला, गुमटी इत्यादि हटाया गया तथा 2 ठेला, 1 छोटा चौकी, 2 बेंच जप्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 4,600/- जुमार्ना वसूल किया गया।

नूतन राजधानी अंचल में दस बजे पूर्वाह्न से दो बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ से स्टेशन, एक्जीबिशन रोड, डाकबंगला से बुद्धा पार्क, डाकबंगला से जीपीओ तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 2 ठेला, 1 टेबल, 1 टूल एवं 1 काउंटर जप्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 1,500/- जुमार्ना वसूल किया गया।

पाटलिपुत्र अंचल में दस बजकर तीस मिनट पूर्वाह्न से दो बजे अपराह्न तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ दीघा पुल के नीचे से दीघा थाना होते हुए पोस्ट ऑफिस रोड होते हुए दीघा पुल के नीचे दोनों तरफ से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अभियान के दौरान 10 अवैध बैनर/पोस्टर एवं सब्जी दुकान, फल दुकान एवं अन्य हटाया गया तथा 50-60 फल कैरेट, बाँस, बल्ला जप्त किया गया। आज इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 14,000/- जुमार्ना वसूल किया गया।

आज के अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में विभिन्न अंचलों में 27,400/- जुमार्ना वसूला गया।

आयुक्त के निदेश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

आयुक्त ने कहा कि एन्टी-इंक्रोचमेंट ड्राईव नियमित तौर पर चलाया जाएगा।

आयुक्त के निर्देश पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फॉलोअप टीम लगातार सक्रिय है। जहां-जहां अतिक्रमण हटाया गया है वहां यह टीम पुनः अतिक्रमण की घटना से सख्ती से निपटेगी। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का निदेश दिया गया है।

आयुक्त ने वरीय पुलिस अधीक्षक को निदेश दिया है कि संबंधित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा थानाध्यक्षों के माध्यम से यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थिति में पुनः अतिक्रमण न हो तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रहे।

वरीय पुलिस अधीक्षक यह सुनिश्चित करेंगे कि थानाध्यक्ष अतिक्रमण हटाने का विवरण स्टेशन डायरी में भी अंकित करें।

आयुक्त श्री मयंक वरवड़े ने अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में व्यवधान डालने वालों से सख्ती से निपटने का निर्देश दिया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम घोषित

## रोहित करेंगे कप्तानी, शमी की वापसी, सिराज बाहर




### मैंस चैंपियंस ट्रॉफी 2025 शेड्यूल

| | |
|---|---|
| 19 फरवरी | पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड |
| 20 फरवरी | भारत बनाम बांग्लादेश |
| 21 फरवरी | अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 22 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड |
| 23 फरवरी | भारत बनाम पाकिस्तान |
| 24 फरवरी | बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड |
| 25 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ़्रीका |
| 26 फरवरी | अफगानिस्तान बनाम इंग्लैंड |
| 27 फरवरी | पाकिस्तान बनाम बांग्लादेश |
| 28 फरवरी | ऑस्ट्रेलिया बनाम अफगानिस्तान |
| 1 मार्च | इंग्लैंड बनाम दक्षिण अफ्रीका |
| 2 मार्च | भारत बनाम न्यूजीलैंड |
| 4 मार्च | सेमीफाइनल 1 बनाम सेमीफाइनल |
| 5 मार्च | सेमीफाइनल 2 बनाम सेमीफाइनल |
| 9 मार्च | फाइनल (सभी मैच दोपहर अढ़ाई बजे शुरू होंगे।) |

### इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का शैड्यूल

| | |
|---|---|
| पहला टी20 | 22 जनवरी (कोलकाता) |
| दूसरा टी20 | 25 जनवरी (चेन्नई) |
| तीसरा टी20 | 28 जनवरी (राजकोट) |
| चौथा टी20 | 31 जनवरी (पुणे) |
| पांचवां टी20 | 2 फरवरी (वानखेड़े/मुंबई) |

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा।

**मुंबई (एजेंसी)।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए शनिवार को 15 सदस्यीय भारतीय टीम का एलान कर दिया गया है। 19 फरवरी से होने वाले इस टूर्नामेंट में टीम की कमान रोहित शर्मा संभालेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति से जो टीम घोषित की है उसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी को भी जगह दी गई है। बुमराह को भले ही टीम में शामिल किया गया है, लेकिन उनकी मौजूदगी फिटनेस हासिल करने पर निर्भर करेगी। भारत चैंपियंस ट्रॉफी में अपने सभी मुकाबले दुबई में खेलेगा।

### भारत–पाकिस्तान एक ग्रुप में शामिल

मालूम हो कि भारत ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने से इन्कार कर दिया था जिसके बाद आईसीसी ने हाइब्रिड मॉडल का फॉर्मूला अपनाया था। चैंपियंस ट्रॉफी में आठ टीमें हिस्सा लेंगी जिन्हें चार-चार के दो ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप चरण में 12 मुकाबले होंगे जिसके बाद सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में शामिल हैं और दोनों के बीच मैच 23 फरवरी को दुबई में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा। इसके बाद उसका पाकिस्तान से सामना होगा और फिर दो मार्च को न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। चैंपियस ट्रॉफी का फाइनल नौ मार्च को खेला जाएगा।

### सिराज, सैमसन और रेड्डी को नहीं मिली जगह

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जो टीम घोषित हुई है उसमें जगह नहीं मिली है। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी भी जगह बनाने में नाकाम रहे हैं। सिराज पिछले साल हुए टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम का हिस्सा थे, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उन्हें शामिल नहीं किया गया।

### शुभमन गिल होंगे उपकप्तान

मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम की घोषणा करते वक्त बताया कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी दोनों में ही टीम के उपकप्तान होंगे। शुभमन वनडे विश्व कप 2023 टीम का भी हिस्सा थे। चयनकर्ताओं ने वनडे विश्व कप में शामिल अधिकतर खिलाड़ियों को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मौका दिया है। इनमें नए चेहरे सिर्फ यशस्वी जायवाल, अर्शदीप सिंह और वॉशिंगटन सुंदर हैं।

### कुलदीप को मिला मौका

भारतीय टीम में कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी शामिल किया गया है जो ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले चोटिल हो गए थे। कुलदीप चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं जा सके थे, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी में टीम का हिस्सा होंगे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान चोटिल हुए स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी टीम में जगह मिली है। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो वनडे मैचों के लिए बुमराह को टीम में शामिल नहीं किया गया है। हालांकि, तीसरे वनडे में भी उनके खेलने पर संशय है क्योंकि अगरकर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी तक फिट हो जाएंगे।

### शमी की वापसी, यशस्वी पर जताया भरोसा

वनडे विश्व कप में प्रभावी प्रदर्शन करने वाले शमी की वनडे टीम में वापसी हुई है। शमी वनडे विश्व कप फाइनल के बाद से भारत के लिए नहीं खेले हैं और वह एक बार फिर आईसीसी टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। वहीं, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर वनडे प्रारूप में भी भरोसा जताया गया है और वह टीम में ओपनिंग बल्लेबाज का एक विकल्प हैं। यशस्वी 2024 में शानदार फॉर्म में दिखे थे।

### कौन नहीं है

संजू सैमसन, मोहम्मद सिराज, ईशान किशन, शार्दुल ठाकुर टीम में नहीं है। शुभमन गिल को उपकप्तान बनाया गया है लेकिन उनकी उपलब्धता फिटनेस पर निर्भर है।

### ए ग्रुप में है भारतीय टीम

टूर्नामेंट के ग्रुप ए में मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी धारक और मेजबान पाकिस्तान, भारत, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में क्रिकेट विश्व कप 2023 चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं।




# आखिरी 5 मैचों में 3 शतक लगाए, फिर भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हुए संजू सैमसन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया गया है। टीम इंडिया 20 फरवरी से इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम को ग्रुप-ए में बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है। टीम इंडिया का पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश से दुबई में होगा।

### संजू सैमसन को फिर से मौका नहीं

चयनकर्ताओं ने एक बार फिर संजू सैमसन को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में जगह नहीं दी है। हालांकि, संजू सैमसन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और टी20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

### आखिरी 5 मैचों में 3 शतक

संजू सैमसन ने अपने आखिरी 5 टी20 मैचों में 3 शतक बनाए हैं, जो उनकी बेहतरीन फॉर्म को दर्शाता है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ चार मैचों की टी20 सीरीज में 2 शतक लगाए थे। इस सीरीज में उन्होंने 4 मैचों में 72 की औसत से 216 रन बनाए थे, जिसमें 2 शतक भी शामिल थे। इसके अलावा, उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ भी एक शतक लगाया था।

### वनडे में भी शानदार प्रदर्शन

संजू सैमसन का वनडे क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन रहा है। उन्होंने 16 वनडे मैचों में 14 पारियों में 56.67 की औसत से 510 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 3 अर्धशतक भी लगाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच भी शतक के साथ खत्म किया था। इसके बावजूद उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में जगह नहीं मिली है।संजू सैमसन के शानदार प्रदर्शन के बावजूद चयनकर्ताओं ने उन्हें इस टूर्नामेंट के लिए टीम में नहीं चुना, जिससे उनके फैंस और क्रिकेट एक्सपर्ट्स हैरान हैं।बता दें कि संजी ने घरेलू वनडे टूर्नामेंट विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा नहीं लिया था। बीसीसीआई चाहती थी कि अब टीम इंडिया के खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट को महत्व दें। इसी के आधार पर टीम का सेलेक्शन होगा, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक संजू सैमसन ने केरल क्रिकेट एसोसिएशन से कहा था कि वो विजय हजारे ट्रॉफी की तैयारी के लिए कैंप में नहीं आ सकेंगे। इसके बाद केसीए ने उन्हें टूर्नामेंट से ड्रॉप कर दिया, जिसे लेकर विवाद बढ़ गया था। बता दें केसीए और सैमसन के बीच लंबे समय से विवाद जारी है। सरी ओर सैमसन दुबई में प्रैक्टिस करते दिखे।

# हां ना हां... आखिर लगी मुहर, रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की होगी सगाई



**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी की मछलीशहर से सांसद प्रिया सरोज और क्रिकेटर रिंकू सिंह की सगाई की खबर कंफर्म हो गई है। बीते दिन ही प्रिया के पिता तूफानी सरोज ने शादी के सिलसिले में रिंकू के पिता से बृहस्पतिवार को अलीगढ़ में बात की थी। सोशल मीडिया पर जब सगाई की खबरें आने लगी तो तूफानी सरोज ने इस बात को सिरे से नकार दिया था। उन्होंने कहा था कि अभी तो बात ही चली है। हम विचार करेंगे। शादी के मामले में जल्दबाजी अच्छी नहीं। बहुत कुछ सोच समझकर ही निर्णय लिया जाएगा। लेकिन अब शनिवार को उन्होंने जल्द सगाई होने की बात स्वीकार कर ली है। बताया जा रहा है कि तूफानी सरोज की रिंकू के पिता से बातचीत बीते वीरवार को अलीगढ़ में ही हुई थी।

रिंकू सिंह और सांसद प्रिया सरोज की सगाई फिलहाल 13 फरवरी से पहले नहीं होगी। क्योंकि संसद का सत्र 30-31 जनवरी से शुरू हो रहा है, जो 13 फरवरी तक चलेगा। संसद सत्र के बाद सगाई और शादी की तारीख तय होगी। वहीं, रिंकू सिंह ने भी 22 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए टीम इंडिया को ज्वाइंन करना है। इसके बाद आईपीएल भी खेलेंगे। रिंकू कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के साथ जुड़े हैं। उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले 13 करोड़ की डील मिली थी।

तूफानी सरोज का कहना है कि प्रिया की सहेली के पिता क्रिकेटर हैं। उनके जरिए ही रिंकू और प्रिया की जान-पहचान हुई थी। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते हैं। दोनों का कहना था कि परिजनों की रजामंदी से शादी करेंगे। अब परिजनों के बीच भी सार्थक बातचीत हो गई है।

रिंकू सिंह को पहली बार किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) ने साल 2017 की नीलामी में 10 लाख रुपए में खरीदा था। साल 2018 में रिंकू सिंह को 80 लाख रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने खरीदा। वह 2019, 2020 और 2021 में भी केकेआर के साथ रहे। आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी में उन्हें केकेआर से 55 लाख रुपए मिले। रिंकू सिंह ने साल 2023 में गुजरात जायंट्स के खिलाफ एक ओवर में पांच छक्के लगा दिए। इसके बाद साल 2024 में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा।



पाकिस्तान-वेस्टइंडीज

# पाक स्पिनरों के आगे 137 रन पर ढेर हुई विंडीज

**मुलतान (एजेंसी)।** मुलतान के मैदान पर विंडीज टीम पाकिस्तान के स्पिनरों के हाथों 137 रन पर ही ऑलआऊट हो गई है। मैच में पाकिस्तान ने पहले खेलते हुए सऊद शकील और मोहम्मद रिजवान की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत 230 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी विंडीज टीम के लिए 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए जोमेल वारिकन टॉप स्कोरर रहे। विंडीज टीम 137 रन ही बना पाई जिससे पाकिस्तान के पास 93 रन की लीड हो गई।

बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के गेंदबाज जेडेन सील्स के कहर का समाना करना पड़ा। मैच में एक समय पाकिस्तान ने 13.3 ओवर में 46 के स्कोर पर अवने 4 विकेट गंवा दिए थे। मोहम्मद हुरैरा (6), कप्तान शान मसूद (11), कामरान गुलाम (5) और बाबर आजम (5) रन बनाकर आउट हुए। खराब रोशनी के कारण जब मैच रोका गया तो पाकिस्तान के 4 विकेट पर 143 रन थे। मैच के दूसरे दिन शकील (84) और मोहम्मद रिजवान (71) ने स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन उनके आऊट होते ही टीम भी 230 रन पर ढेरी हो गई। वेस्टइंडीज के लिए जेडेन सील्स ने 27 रन देकर 3, वारीकेन ने 69 रन देकर 3 तो केविन ने 61 रन देकर 2 विकेट लिए।

विंडीज की शुरूआत बेहद खराब रही। स्पिनर साजिद खान ने शुरू से ही दबाव बनाते हुए विंडीज टीम के पहले 5 ओवर में ही 4 विकेट चटका लिए। इसके बाद नोमान अली सक्रिय हो गए। उन्होंने एलिक और जस्टिन ग्रीव्स के साथ केविन सिंक्लेयर और मोती (19) का विकेट निकाला। दोनों की घूमती गेंदों का विंडीज बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था। अंतिम विकेट के लिए जोमेल वारिकन और जेडन सील्स ने फाइट की और स्कोर 137 तक पहुंचाया। वारिकन ने 31 तो जेडन ने 22 रन बनाए।

# रोहित शर्मा ने किया कंफर्म, खेलेंगे रणजी मुकाबले



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ मुंबई के अगले रणजी ट्रॉफी मैच के लिए अपनी उपलब्धता की शनिवार को पुष्टि की लेकिन घरेलू मैचों में स्टार खिलाड़ियों की भागीदारी को लेकर कहा कि अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर के व्यस्त कार्यक्रम से खिलाड़ियों के लिए समय निकालना मुश्किल है। रोहित ने यह भी कहा कि कोई भी खिलाड़ी शीर्ष घरेलू प्रतियोगिता को हल्के में नहीं लेता है। रणजी ट्रॉफी का दूसरा चरण 23 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुंबई की टीम यहां के एमसीए-बीकेसी ग्राउंड में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेगी।बीसीसीआई मुख्यालय में यहां संवाददाता सम्मेलन के दौरान घरेलू मैच के लिए उनकी उपलब्धता के बारे में पूछे जाने पर रोहित ने कहा कि पिछले 6-7 वर्षों से अगर आप हमारे कैलेंडर को देखें तो ऐसा कभी नहीं हुआ कि हम 45 दिनों तक घर बैठे रहे हो। ऐसा तभी होता है जब आईपीएल खत्म होने के तुरंत बाद कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होता है। भारतीय कप्तान ने कहा कि हमारा घरेलू सत्र अक्टूबर में शुरू होता है और मार्च तक चलता है। जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम के लिए सभी प्रारूप नहीं खेल रहे हैं और जब घरेलू क्रिकेट हो रहा है, तो वे इसमें खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी बात करूं तो मैंने 2019 से नियमित रूप से टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू किया दिया है। ऐसे में आपको मुश्किल से ही समय मिलता है।

# बीमार हुए विराट कोहली और केएल राहुल, रणजी ट्राफी से नाम लिया वापस




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्टार इंडिया के बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम को सूचित किया कि वे छोटी-मोटी परेशानियों से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वे रणजी ट्रॉफी 2024-25 सीज़न के दूसरे दौर में क्रमशः अपनी घरेलू टीमों दिल्ली और कर्नाटक के लिए हिस्सा नहीं ले पाएंगे। कोहली गर्दन में दर्द से पीड़ित हैं। कोहली ने बीसीसीआई के मेडिकल स्टाफ को सूचित किया कि उन्होंने 8 जनवरी को एक इंजेक्शन लिया था, लेकिन फिर भी उनकी गर्दन में दर्द है, जिसके कारण उन्हें राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के आगामी मुकाबले से बाहर होना पड़ा। 36 वर्षीय विराट ने आखिरी बार रणजी में नवंबर 2012 में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था, जिसमें वे दोनों पारियों में 14 और 42 रन बनाकर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की गेंद पर आउट हुए थे। 155 प्रथम श्रेणी मैचों में विराट ने 258 पारियों में 37 शतक और 39 अर्द्धशतक के साथ 48.23 की औसत से 11,479 रन बनाए हैं, जिसमें 254* का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा है।

दूसरी ओर, केएल राहुल कोहनी की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण वह बेंगलुरू में पंजाब के खिलाफ कर्नाटक के अगले दौर के मैच से बाहर हो सकते हैं। दाएं हाथ के विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपना आखिरी रणजी मैच 2020 मार्च में कर्नाटक के लिए बंगाल के खिलाफ खेला था, जिसमें उन्होंने सेमीफाइनल के दौरान 26 और 0 रन बनाए थे। मैच में उनकी टीम हार गई थी। बीसीसीआई ने गुरुवार को टीम इंडिया के लिए नई नीतियां जारी कीं, जिससे राष्ट्रीय टीम में चयन और केंद्रीय अनुबंधों के लिए 'पात्र' बने रहने के लिए घरेलू मैचों में भाग लेना 'अनिवार्य' हो गया। नीति में, बीसीसीआई ने कहा कि घरेलू क्रिकेट में भाग लेना क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ा रहेगा। बयान में कहा गया है कि घरेलू क्रिकेट में भाग लेने के किसी भी अपवाद पर केवल असाधारण परिस्थितियों में ही विचार किया जाएगा।बीसीसीआई के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय टीम में चयन और केंद्रीय अनुबंध के लिए पात्र बने रहने के लिए खिलाड़ियों के लिए घरेलू मैचों में भाग लेना अनिवार्य है। यह नीति सुनिश्चित करती है कि खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़े रहें, प्रतिभा विकास को बढ़ावा दें, मैच फिटनेस बनाए रखें और समग्र घरेलू ढांचे को मजबूत करें। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह उभरते खिलाड़ियों को शीर्ष क्रिकेटरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान करके प्रेरित करता है, जिससे प्रतिभा प्रगति में निरंतरता सुनिश्चित होती है। इस अनिवार्यता के किसी भी अपवाद पर केवल असाधारण परिस्थितियों में विचार किया जाएगा और प्रक्रिया में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए चयन समिति के अध्यक्ष से औपचारिक अधिसूचना और अनुमोदन की आवश्यकता होगी।

# शी चिनफिंग ने नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात

प्रात : किरण/एजेंसी

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने निमंत्रण पर अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की। शी चिनफिंग ने ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में फिर से चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि हम दोनों आपसी बातचीत को बहुत महत्व देते हैं, उम्मीद करते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति के नए कार्यकाल के दौरान चीन-अमेरिका संबंधों की अच्छी शुरुआत होगी और नए प्रारंभिक बिंदु पर चीन-अमेरिका संबंधों में अधिक प्रगति होगी। शी ने जोर देकर कहा कि चीन और अमेरिका दोनों महान देश अपने-अपने सपनों का पीछा कर रहे हैं और अपने लोगों को बेहतर जीवन जीने में सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। चीन और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं और सहयोग के लिए व्यापक गुंजाइश है। दोनों साझेदार और मित्र बन सकते हैं और साथ मिलकर समृद्ध हो सकते हैं, जिससे दोनों देशों और दुनिया



को लाभ होगा। शी ने कहा कि अलग-अलग राष्ट्रीय परिस्थितियों वाले दो बड़े देशों के रूप में, चीन और अमेरिका के बीच कुछ है कि एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं का सम्मान किया जाए और समस्याओं को ठीक से हल करने के तरीके खोजे जाएं।

थाइवान का मुद्दा चीन की राष्ट्रीय संप्रभुता और प्रादेशिक अखंडता से जुड़ा है। उम्मीद है कि अमेरिका इस मुद्दे को सावधानी से संभालेगा। चीन-अमेरिका आर्थिक और व्यापारिक संबंधों का सार पारस्परिक लाभ और उभय जीत है। टकराव और संघर्ष हमारा विकल्प नहीं होना चाहिए। दोनों पक्षों को आपसी सम्मान, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और उभय जीत वाले सहयोग की भावना से सहयोग को मजबूत करना चाहिए और दोनों देशों और दुनिया के लिए फायदेमंद अधिक बड़े, व्यावहारिक और अच्छे काम करने चाहिए, ताकि चीन और अमेरिका दोनों विशालकाय जहाज स्थिर, स्वस्थ और सतत विकास के मार्ग पर आगे बढ़ते रहेंगे। ट्रंप ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग को बधाई देने के लिए धन्यवाद दिया, कहा कि वे राष्ट्रपति शी के साथ अच्छे संबंधों को संजोकर रखते हैं, वार्ता और संचार जारी रखने की आशा करते हैं, तथा जल्द से जल्द राष्ट्रपति शी से मुलाकात करने की अपेक्षा करते हैं। अमेरिका और चीन आज की दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण देश हैं। उन्हें दीर्घकालिक मित्रता बनाए रखनी चाहिए और संयुक्त रूप से विश्व शांति की रक्षा करनी चाहिए। दोनों राष्ट्राध्यक्षों ने साझा चिंता के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों, जैसे यूक्रेन संकट और इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष पर विचार-विमर्श किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्यूनीशियाई, इटली के संसदीय नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

ट्यूनिस। ट्यूनीशियाई संसद के अध्यक्ष इब्राहिम बौदरबाला ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को यहां इटली के सीनेट अध्यक्ष इग्नाजियो ला रूसा से मुलाकात की है। ट्यूनीशियाई संसद के एक बयान के अनुसार मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने ट्यूनीशिया और इटली के बीच मजबूत संबंधों की प्रशंसा की तथा ऐतिहासिक और भौगोलिक संबंधों को रेखांकित किया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा दिया है तथा सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से हाल के तंत्र और रणनीतियों पर प्रकाश डाला। बयान में कहा गया है कि यह मुलाकात सांसदों के बीच दौरों और बैठकों को बढ़ाकर और अनुभवों एवं विशेषज्ञता को साझा करके सहयोग और दोस्ती को गहरा करने पर केंद्रित थी। बयान के अनुसार बैठक में अवैध आप्रवासन से निपटने के प्रयासों सहित साझा चिंताओं पर भी चर्चा की गई तथा दोनों पक्षों ने भूमध्यसागरीय देशों की सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तरों पर समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

### रूस के वायु रक्षा बल यूक्रेनी हमले को कर रहे हैं विफल मिल्यायेव

मॉस्को। रूस के वायु रक्षा बल तुला क्षेत्र पर यूक्रेनी हमले को विफल कर रहे हैं। गवर्नर दिमित्री मिल्यायेव ने यह जानकारी दी है। श्री मिल्यायेव ने टेलीग्राम पर लिखा इस रात तुला क्षेत्र पर कीव शासन द्वारा हमला किया गया था। ड्यूटी पर रूसी रक्षा मंत्रालय के वायु रक्षा बल काम कर रहे हैं। क्षेत्र के उद्यमों में से एक में एक ईंधन टैंक में आग लग गई। अग्निशमन दल काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राष्ट्रपति योल हिरासत वारंट की सुनवाई में होंगे उपस्थित

सोल। दक्षिण कोरिया के महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक योल की लगातार मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। राष्ट्रपति योल के शनिवार को अपराह्न दो बजे हिरासत से बचने के लिए अदालत में उपस्थित होने की उम्मीद है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने श्री योल को औपचारिक रूप से गिरफ्तार करने के लिए अदालत से वारंट का अनुरोध किया है। इसी पर आज अदालत में सुनवाई होगी। भ्रष्टाचार जांच कार्यालय के उच्च पदस्थ अधिकारियों (सीआईओ) ने विद्रोह और अधिकार के दुरुपयोग के आरोपों का हवाला देते हुए श्री योल के लिए सोल की पश्चिमी जिला न्यायालय में हिरासत वारंट अनुरोध दायर किया है। दक्षिण कोरिया के नियमों के मुताबिक अदालत को 24 घंटे के भीतर हिरासत वारंट अनुरोध की समीक्षा करनी चाहिए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि अदालत का निर्णय शनिवार शाम या रविवार सुबह घोषित किया जा सकता है। अगर अदालत से मंजूरी मिल जाती है, तो राष्ट्रपति योल की हिरासत अवधि 20 दिनों तक बढ़ाई जा सकती है, जिससे वह जांच के दौरान हिरासत का सामना करने वाले दक्षिण कोरिया के पहले राष्ट्रपति बन जाएंगे।

### ब्राजील में पुलिस कार्रवाई में छह अपराधियों की मौत

साओ पाउलो। दक्षिणी ब्राजील के पराना प्रांत की नगरपालिका पोंटा ग्रोसा में पुलिस और संदिग्ध अपराधियों के बीच मुठभेड़ में छह अपराधी मारे गए हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक गिरोह के अवैध हथियारों को जब्त करने के लिए छापेमारी के दौरान की थी। पुलिस के मुताबिक आपराधिक संगठन हथियारों का भंडार कर रहा था और पराना प्रांत के छोटे शहरों में नकदी परिवहन ट्रकों और बैंकों पर हमला करने की योजना बना रहा था। पुलिस छापेमारी के दौरान गोलीबारी में छह संदिग्ध मारे गए। गनीमत रही कि कोई सुरक्षा एजेंट घायल नहीं हुआ।

### लेबनान से बांग्लादेश के 47 और नागरिक स्वदेश लौटे

ढाका। युद्धग्रस्त लेबनान में फंसे बांग्लादेश के 47 और नागरिक आज स्वदेश लौट आए। अंतरिम सरकार ने इनकी यात्रा का पूरा खर्च वहन किया। यह लोग कतर एयरवेज की उड़ान (क्यूआर 640) से सुबह 9:15 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, अब तक 19 उड़ानों के माध्यम से लेबनान से कुल 1,246 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस लाया गया है। ढाका ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, विदेश मंत्रालय, प्रवासी कल्याण और विदेशी रोजगार मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने सभी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया। बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन ने प्रत्येक व्यक्ति को 5,000 टका प्रदान किए। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, वापस लौटे लोगों ने कहा कि लेबनान में संघर्ष के दौरान बमबारी की घटना में कथित तौर पर उनके एक साथी की जान चली गई।

# अमेरिकी में चीन की कंपनी को बड़ा झटका, सुप्रीम अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट कोर्ट से टिकटॉक पर प्रतिबंध रखा बरकरार

**सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को बरकरार रखा। रविवार को कानून लागू होने पर इसे ऐप स्टोर से हटा दिया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में टिकटॉक लोकप्रिय ऐप है। अमेरिका में 170 मिलियन से अधिक लोग इसका का प्रयोग करते हैं। सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने आमराय से यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के बाइडेन प्रशासन के प्रतिबंध कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि प्रावधान किसी भी तरह के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के खिलाफ निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। व्हाइट हाउस ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि बाइडेन प्रशासन रविवार को प्रतिबंध लागू नहीं करेगा और इसे ट्रंप प्रशासन पर निर्णय लेने के लिए छोड़ देगा।**

प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने चीन के सोशल मीडिया ऐप टिकटॉक की विदाई का रास्ता साफ कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून को बरकरार रखा। रविवार को कानून लागू होने पर इसे ऐप स्टोर से हटा दिया जाएगा। संयुक्त राज्य अमेरिका में टिकटॉक लोकप्रिय ऐप है। अमेरिका में 170 मिलियन से अधिक लोग इसका का प्रयोग करते हैं। सीबीएस न्यूज चैनल के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ने आमराय से यह फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के बाइडेन प्रशासन के प्रतिबंध कानून के प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिका का निपटारा करते हुए कहा कि प्रावधान किसी भी तरह के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते। सुप्रीम कोर्ट ने टिकटॉक के खिलाफ निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। व्हाइट हाउस ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद कहा कि बाइडेन प्रशासन रविवार को प्रतिबंध लागू नहीं करेगा और इसे ट्रंप प्रशासन पर निर्णय लेने के लिए छोड़ देगा। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि वह टिकटॉक पर निर्णय लेने से पहले स्थिति की समीक्षा करेंगे। फैसले के बाद टिकटॉक ने कहा कि हाउस और न्याय विभाग यह स्पष्ट नहीं कर सके कि ऐप पर प्रतिबंध क्यों जरूरी है। वह भी तब, जब 170 मिलियन से अधिक अमेरिकी इसका प्रयोग करते हैं। दुर्भाग्य से टिकटॉक 19 जनवरी को अंधेरे में गुम हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रतिबंध के चुनौतीपूर्ण प्रावधान महत्वपूर्ण सरकारी हित को आगे बढ़ाते




हैं। इनका अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से कोई लेना-देना नहीं है। अदालत ने कहा कि अब टिकटॉक या तो इसे बेच देगा या प्रतिबंध का सामना करेगा। चीन के इस ऐप के अमेरिकी उपयोगकर्ताओं के व्यक्तिगत डेटा तक पहुंच प्राप्त करने से रोकने के लिए ऐसा जरूरी है। कानून के अनुसार टिकटॉक को या तो अपनी मूल कंपनी बाइटडांस से अलग होना होगा या 19 जनवरी से अमेरिकी ऐप स्टोर और होस्टिंग सेवाओं से अलग होना होगा। उल्लेखनीय है कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अदालत से कानून के कार्यान्वयन को रोकने का आग्रह किया था। ट्रंप 20 जनवरी को दूसरे कार्यकाल के लिए शपथ लेंगे। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने पर ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि यह अपेक्षित था और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। सनद रहे सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में टिकटॉक को जीवन का अविभाज्य हिस्सा घोषित करने से भी इनकार कर दिया है। एक अन्य रिपोर्ट के अनुसार, बाइटडांस ने अमेरिका में इस लड़ाई को जनता के माध्यम से लड़ने की योजना बनाई है। टिकटॉक ऐप खोलने की कोशिश करने वालों को एक पॉप-अप संदेश के साथ स्वागत किया जाएगा। इसमें उन्हें नए कानून के बारे में जानकारी वाली एक वेबसाइट पर निर्देशित किया जाएगा। कई उपयोगकर्ताओं ने प्रतिबंध की प्रत्याशा में टिकटॉक से अपने वीडियो और डेटा को डाउनलोड करना शुरू कर दिया है। साथ ही चीन के स्वामित्व वाले रेडनोट सहित अन्य प्लेटफार्मों का उपयोग करना शुरू कर दिया है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा कि बाइडेन प्रशासन कानून को रविवार से लागू नहीं करेगा। वह इसे आने वाले ट्रंप प्रशासन पर छोड़ देगा। टिकटॉक के सीईओ शॉ च्यू ने एक वीडियो संदेश में कहा कि उन्हें डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा है। हम उनका समर्थन पाकर आभारी और प्रसन्न हैं। सॉलिसिटर जनरल एलिजाबेथ प्रीलोगर ने कहा कि टिकटॉक अब अमेरिकी ऐप स्टोर में उपलब्ध नहीं होगा। यदि टिकटॉक स्वेच्छा से बंद नहीं होता है, तो उसके भी विकल्प मौजूद हैं। 24 अप्रैल 2024: बाइडेन ने द्विदलीय टिकटॉक बिल पर हस्ताक्षर किए। इसमें चीन की मूल कंपनी बाइटडांस को अपनी नियंत्रण हिस्सेदारी बेचने या अमेरिका में अवरुद्ध होने के लिए छह महीने का समय दिया। 7 मई 2024: टिकटॉक ने अदालत का दरवाजा खटखटाया। उसने कहा कि यह स्वतंत्रता के अधिकारों पर असाधारण हमला है। 2 अगस्त 2024: अमेरिकी सरकार ने टिकटॉक के खिलाफ मुकदमा दायर किया। इसमें सोशल मीडिया कंपनी पर गैरकानूनी तरीके से बच्चों का डेटा एकत्र करने का आरोप लगाया। 6 दिसंबर 2024: एक संघीय अपील अदालत ने उस कानून को पलटने की टिकटॉक की कोशिश को खारिज कर दिया, जिसके तहत उसे 2025 की शुरुआत से अमेरिका में प्रतिबंधित या बेचा जाएगा। 27 दिसंबर 2024: नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंध के अमल में विलंब करने का आग्रह किया। 10 जनवरी 2025: सुप्रीम कोर्ट के नौ न्यायाधीशों ने टिकटॉक और सामग्री निमार्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वकीलों से सुना। 17 जनवरी 2025: अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने उस कानून को बरकरार रखा जिसके कारण राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं के कारण टिकटॉक को कुछ ही दिनों में प्रतिबंधित किया जा सकता था।

# इजराइली मंत्रिमंडल ने गाजा में संघर्ष विराम, बंधकों की रिहाई संबंधी समझौते को मंजूरी दी



प्रात : किरण/एजेंसी


यरुशलम। इजराइल के मंत्रिमंडल ने शनिवार को गाजा में संघर्ष विराम के लिए एक समझौते को मंजूरी दे दी, जिससे वहां बंधक बनाए गए दर्जनों लोगों को रिहा किया जा सकेगा और हमास के साथ 15 महीने से जारी लड़ाई रुक जाएगी। इस समझौते से दोनों पक्ष अपने सबसे घातक और विनाशकारी संघर्ष को समाप्त करने के एक कदम और करीब पहुंच जाएंगे। मध्यस्थता कर रहे कतर और अमेरिका ने बुधवार को संघर्ष विराम की घोषणा की लेकिन यह समझौता कुछ वक्त के लिए अधर में लटका रहा क्योंकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि अंतिम समय में कुछ जटिलताएं उत्पन्न हो गईं। उन्होंने इसके लिए आतंकवादी समूह हमास को जिम्मेदार ठहराया।

संघर्ष विराम रविवार से लागू हो जाएगा, हालांकि प्रमुख प्रश्न अब भी बने हुए हैं मसलन पहले चरण में कौन से 33 बंधक रिहा किए जाएंगे और उनमें से कितने अभी जीवित हैं। मंत्रिमंडल की बैठक यहूदी सब्बाथ की शुरूआत के बाद हुई, जो इस मौके की अहमियत को दशार्ता है। यहूदी कानून के अनुसार, इजराइली सरकार आमतौर पर जीवन या मृत्यु के आपातकालीन मामलों को छोड़कर सब्बाथ में सभी काम रोक देती है।

सब्बाथ का अर्थ होता है सप्ताह का सातवां दिन जो शुक्रवार शाम से शनिवार शाम तक यहूदियों और कुछ ईसाइयों द्वारा विश्राम और पूजा के दिन के रूप में मनाया जाता है। नेतन्याहू ने एक विशेष कार्य बल को गाजा से लौटने वाले बंधकों को लेने के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया और कहा कि उनके परिवारों को सूचित कर दिया गया है कि समझौता हो गया है। संघर्ष विराम के दौरान सैकड़ों फलस्तीनी बंदियों को भी रिहा किया जाना है, तथा बड़े पैमाने पर तबाह हुए गाजा में मानवीय सहायता में वृद्धि होनी चाहिए। इजराइल के न्याय मंत्रालय ने रिहा किए जाने वाले 95 फलस्तीनी कैदियों की सूची प्रकाशित की और कहा कि रिहाई रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम चार बजे से पहले शुरू नहीं होगी। सूची में शामिल सभी लोग युवा या महिला हैं।

# राष्ट्रपति सुक-योल 20 दिनों तक हिरासत में रखे जाने की वारंट सुनवाई में पेश हुए

प्रात : किरण/एजेंसी



सोल। दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यूं सुक-योल शनिवार को 20 दिनों तक हिरासत में रखे जाने के बारे में वारंट सुनवाई में अदालत में पेश हुए। टीवी फुटेज में दिखाया गया कि श्री सुक-योल को लेकर वाहन डिटेंशन सेंटर से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर में सोल के पश्चिमी जिला न्यायालय पहुंचा। जो उइवांग में सोल डिटेंशन सेंटर के लिए रवाना हुए। श्री सुक-योल को बुधवार को राष्ट्रपति निवास में गिरफ्तार किया गया जिससे वह गिरफ्तार होने वाले देश के पहले राष्ट्रपति बन गए। महाभियोग लगाए गए राष्ट्रपति सुक-योल ने अपने अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने के बारे में पूछताछ के लिए सोल के दक्षिण में ग्वाचेन में उच्च पदस्थ अधिकारियों के भ्रष्टाचार जांच कार्यालय (सीआईओ) में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। अगर वारंट जारी किया जाता है तो श्री सुक-योल की हिरासत अवधि को गिरफ्तारी अवधि सहित 20 दिनों तक बढ़ा दिया जाएगा। सीआईओ द्वारा शुरूआती 10 दिनों तक पूछताछ किए जाने के बाद राष्ट्रपति सुक-योल से अभियोजन पक्ष द्वारा बाद के 10 दिनों तक पूछताछ की जाएगी। दोनों पक्ष श्री सुक-योल के विद्रोह के आरोप की संयुक्त रूप से जांच करने के लिए सहमत हुए हैं।

श्री सुक-योल के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पिछले साल 14 दिसंबर को नेशनल असेंबली में पारित किया गया था और इसे 180 दिनों तक विचार-विमर्श करने के लिए संवैधानिक न्यायालय में भेजा गया था जिसके दौरान उनकी राष्ट्रपति के अधिकार पर रोक लगी रहेगी। गौरतलब है कि श्री सुक योल की ओर से तीन दिसंबर को मार्शल लॉ के एलान ने दक्षिण कोरियाई लोगों आश्चर्य में डाल दिया था। इस घोषणा के बाद देशभर में आक्रोश देखने को मिला। मार्शल लॉ हालांकि केवल कुछ घंटे तक ही लागू रहा लेकिन इसने देश की राजनीति, कूटनीति और वित्तीय बाजार में हलचल मचा दी थी। इसके बाद एशिया के सबसे जीवंत लोकतंत्रों में से एक दक्षिण कोरिया ने अचानक से अभूतपूर्व राजनीतिक उथल-पुथल का दौर देखा। इसके बाद 14 दिसंबर को सांसदों ने उन पर महाभियोग चलाने और उन्हें पद से हटाने के लिए मतदान किया।

# ट्रंप ने यूक्रेन में युद्ध खत्म करने का निश्चय किया, लेकिन रूस और यूक्रेन के रूख से हो सकती है दिक्कत



प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन में शांति समझौता करने का संकल्प लिया है, लेकिन पदभार ग्रहण करने की उनकी तैयारी के बीच शांति की यह पहल पहले की तरह ही दूर की कौड़ी जान पड़ती है। रूस और यूक्रेन तीन साल से चल रही लड़ाई के समापन पर केंद्रित किसी भी संभावित बातचीत से पहले वार्ता की मेज पर अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए युद्ध के मैदान में बढ़त बना लेने की कोशिश में जुटे हैं। पिछले साल रूसी सेना धीरे-धीरे लेकिन लगातार यूक्रेनी सुरक्षा बलों को धकेलती आगे बढ़ती रही है तथा पूर्व और दक्षिण में चार क्षेत्रों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने की कोशिश कर रही है। रूस ने युद्ध की शुरूआत में जबरन इन क्षेत्रों का विलय कर लिया था, लेकिन वह कभी पूरी तरह से कब्जा नहीं कर पाया। वह यूक्रेन के ऊर्जा नेटवर्क एवं अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को कमजोर करने की कोशिश में ताबड़तोड़ मिसाइलें और ड्रोन दाग रहा है। बदले में यूक्रेन ने रूस के कुर्स्क क्षेत्र में अपनी पैठ का विस्तार करने की कोशिश की है। यूक्रेन ने रूसी तेल केंद्रों और मॉस्को की युद्ध मशीन के लिए महत्वपूर्ण अन्य प्रमुख लक्ष्यों को मिसाइलों और ड्रोनों से निशाना बनाया है।

# एचएमपीवी संक्रमण किडनी की सेहत को कर सकता है प्रभावित

प्रात : किरण/एजेंसी

वॉशिंगटन। एक अध्ययन में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) संक्रमण के बाद एक्यूट किडनी इंजरी के बढ़ते मामलों की रिपोर्ट सामने आई है। अमेरिका में बच्चों पर किए गए इस रिसर्च ने सुझाव दिया है कि एचएमपीवी संक्रमण किडनी की सेहत को प्रभावित कर सकता है, लेकिन इसके लिए अभी अधिक शोध की आवश्यकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि वायरस के कारण होने वाले गंभीर लक्षण, जैसे हाइपोक्सिया (शरीर में ऑक्सीजन की कमी), किडनी के ब्लड फ्लो को बाधित कर सकते हैं। इसके अलावा, तेज बुखार और उल्टी जैसे लक्षण भी किडनी पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। किडनी की समस्याओं के लक्षणों में पैरों और चेहरे में सूजन, अत्यधिक थकान, पेट में तेज दर्द और पेशाब में कमी या रंग में बदलाव शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि एचएमपीवी संक्रमण के गंभीर मामलों में डायलिसिस की आवश्यकता हो सकती है। हालांकि, यह वायरस सीधे तौर पर किडनी पर हमला नहीं करता, लेकिन शरीर में संक्रमण और संबंधित जटिलताओं के कारण किडनी पर अप्रत्यक्ष दबाव पड़ता है। एचएमपीवी से बचने के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। नियमित रूप से हाथ धोना, संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखना और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचना, संक्रमण से बचाव के प्रभावी उपाय हैं। साथ ही, इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। एचएमपीवी वायरस, जो मुख्य रूप से श्वसन तंत्र पर हमला करता है, किडनी से जुड़ी अप्रत्यक्ष जटिलताएं भी उत्पन्न कर सकता है। हालांकि, इसके प्रभाव को पूरी तरह से समझने के लिए अधिक शोध की जरूरत है। यदि संक्रमण के लक्षण महसूस हों, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें और सावधानी बरतें। सतर्कता और सावधानी इस वायरस से बचाव का सबसे बेहतर तरीका है। बता दें कि ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) एक ऐसा वायरस है, जो मुख्य रूप से सांस संबंधी समस्याओं का कारण बनता है।

**हिंसा** | **पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत का कुर्रम जिला सांप्रदायिक हिंसा के बाद महीनों से देश के बाकी हिस्सों से कटा हुआ है।**

# खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में ताजा सांप्रदायिक हिंसा, मृतकों की संख्या बढ़कर हुई आठ

प्रात : किरण/एजेंसी

पेशावर। कुर्रम जिले की राजधानी पाराचिनार जा रहे सहायता काफिले पर हुए घातक हमले में लापता ड्राइवरों के चार और शव शनिवार को बरामद होने से मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत का कुर्रम जिला सांप्रदायिक हिंसा के बाद महीनों से देश के बाकी हिस्सों से कटा हुआ है। अब तक 150 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। इलाके में खाद्य आपूर्ति और दवाओं की कमी के कारण दर्जनों महिलाओं और बच्चों की मौत होने की वजह से हताहतों की संख्या में बढ़ोतरी हुई। हाल ही में विरोधी ग्रुप्स के बीच एक 14 सूत्री शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे तबाह क्षेत्र में शांति की उम्मीद जगी थी।

हालांकि, राहत सहायता ले जा रहे काफिले पर गुरुवार को बड़ा हमला हुआ। कुर्रम के अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) ने कहा, हमला कम से कम पांच घंटे तक चला। पांच ड्राइवर लापता हो गए, जिनमें से चार के शव बरामद कर लिए गए। अब तक कुल मृतकों की संख्या आठ है, इनमें चार ड्राइवर और दो सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। दूसरी ओर, पुलिस सूत्रों का कहना है कि अब तक कम से कम 10 लोग मारे गए हैं, जिनमें दो सुरक्षाकर्मी, चार ड्राइवर और चार नागरिक शामिल हैं। उनका कहना है कि छह ड्राइवर



अभी भी लापता हैं। हमलावरों ने उन्हें रॉकेट और ऑटोमैटिक हथियारों का इस्तेमाल करके अगवा कर लिया था। सुरक्षा बलों ने बताया कि जवाबी फायरिंग में छह हमलावर भी मारे गए। 35 वाहनों का यह काफिला, पाराचिनार में पहुंचाई जाने वाली सहायता सामग्री का दूसरा जत्था था। इसमें दवाइयां, सब्जियां, फल और अन्य खाद्य सामग्री शामिल थी। इसे पुलिस और फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) सहित सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा प्रदान की जा रही थी। इस ताजा हमले ने शांति समझौते को फिर से झकझोर दिया। इससे जिले में भय और अनिश्चितता का माहौल है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ह्लबंकर हटाने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। सुरक्षा चिंताओं के कारण जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी रोक दी गई है। अधिकारियों ने क्षेत्र में सभी प्रमुख रास्तों को बंद करना जारी रखा है, जिससे हजारों लोग भोजन, दवा और जरूरी चीजों के बिना रह रहे हैं। एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया, शिया और सुन्नी संघर्ष यहां दशकों से चल रहा है। हर बार वे तथाकथित शांति समझौतों पर हस्ताक्षर करते हैं। इस बार भी, एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। लेकिन जहां तक रास्तों और सप्लाई का सवाल है, जमीनी स्तर पर कोई प्रगति नहीं देखी गई है। हमारे परिवार यहां हर दिन भूख और चिकित्सा समस्याओं से तड़प रहे हैं। पाराचिनार में सांप्रदायिक संघर्ष नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू हुआ था, जब एक बस पर हमला किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप 47 से अधिक लोगों की मौत हो गई। मृतकों में अधिकतर मुस्लिम थे। जवाबी कार्रवाई में शिया उग्रवादी समूहों ने सुन्नी गांवों पर हमला किया। तब से, यह क्षेत्र को देश के बाकी हिस्सों से अलग-थलग पड़ गया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129